2 | फरीदाबाद
गली में कूड़ा डाला तो होगा जुर्माना पर ईकोग्रीन पर कौन करेगा

6 | अभिमत
सैन्य इतिहास में 1971 का स्थान

9 | देश/विदेश
भगवान बुद्ध भारत के संविधान के हैं प्रेरणास्रोत : प्रधानमंत्री

12 | स्पोर्ट्स
रोहित का अर्धशतक, भारत ने आस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 251
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



'वाह', ट्रैवलिंग का होगा शानदार अनुभव!
पेज - 11

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,259 | ▼ | 456 | |
| निफ्टी | 18,266 | ▼ | 152 | |
| सोना | 47,382 | ▲ | 102 | /10 gm |
| चांदी | 64,618 | ▲ | 168 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.01°C
न्यूनतम 20.01°C

## क्विक न्यूज

### चीन सीमा पर ट्रैकिंग दल के 11 सदस्य लापता

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के हर्षिल से 11 अक्टूबर को पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के चितकुल के लिए रवाना हुआ ट्रैकिंग दल चीन सीमा के करीब लापता हो गया है। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि दल में सात कोलकाता व एक दिल्ली का पर्यटक था, जबकि उत्तरकाशी के तीन स्थानीय पोर्टर शामिल थे। इन सभी को 19 अक्टूबर को चितकुल पहुंच जाना था। एसडीआरएफ ने बचाव दल भेजने के साथ ही हेलिकॉप्टर से भी तलाश शुरू करा दी है।

### जम्मू-कश्मीर में 11 जगहों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद की साजिश के मामले में जम्मू-कश्मीर में 11 जगहों पर छापे मारे हैं। यह मामला जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, अल बद्र जैसे आतंकवादी संगठनों के सदस्यों द्वारा हमले करने की साजिश रचने से जुड़ा है। श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, अवंतीपोरा, सोपोर और कुलगाम में तलाशी जारी है।

### अवैध धर्मांतरण के लिए फंडिंग कर रहा था व्यापारी

**नई दिल्ली।** आईएसआई के इशारे पर चल रहे अवैध धर्मांतरण के लिए गुजरात का व्यापारी अब्दुल्ला फेफड़ावाला फंडिंग कर रहा था। करीब 30 साल से अमेरिका में व्यापार कर रहा अब्दुल्ला ज्यादातर फंड हवाला के जरिए भारत में भेजता था। वडोदरा क्राइम ब्रांच की पूछताछ में मुख्य आरोपी उमर गौतम और सलाहुद्दीन ने यह राज उगले हैं। वडोदरा पुलिस के मुताबिक अब्दुल्ला मूल रूप से गुजरात के भरूच जिले के नवीपुर का रहने वाला है। वह करीब 30 साल से अमेरिका में रह रहा है। उसने अल फला नाम से चेरिटेबल ट्रस्ट बनाया है।

### जम्मू के शोपियां में दो आतंकियों को मार गिराया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में बुधवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को मार गिराया। बताया जा रहा है कि ड्रैगड इलाके में एक और दहशतगर्द छिपा हो सकता है। सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान आदिल आह वानी के रूप में हुई है, जो 2020 से एक्टिव था। वह पुलवामा में एक गरीब मजदूर की हत्या में शामिल था। उन्होंने बताया कि 2 हफ्ते में अब तक 15 आतंकियों को ढेर किया जा चुका है।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

अरुणाचल पर चीन की नापाक निगाहें

# सीमा पर बोफोर्स तैनात, भारत मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पूर्वी** लद्दाख में डेढ़ साल से तनाव के बीच चीनी सेना की अब अरुणाचल प्रदेश से सटी सरहद के भीतरी हिस्सों में सैन्य ड्रिल और तैनाती को लेकर भारत सतर्क है। भारतीय सेना ने सुरक्षा संबंधी किसी भी चुनौती से निपटने के लिए आपात योजना तैयार कर ली है। इस बीच खबर है कि भारत ने सुरक्षा के लिहाज से लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर बोफोर्स तोपें तैनात कर दी हैं।

पूर्वी कमान के कमांडर ले. जनरल मनोज पांडे ने बताया, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सालाना प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी इस बार गतिविधियां बढ़ी हैं, उसके सैनिकों को सीमावर्ती भीतरी इलाकों में तैनात किया जा रहा है। ले. जनरल पांडे ने यह भी बताया, दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट बुनियादी ढांचे का विकास कर रहे हैं, इससे कुछ विवाद पैदा होते रहते हैं।

सैन्य तैनाती भी बढ़ाई जा रही है। चीन द्वारा पूर्वोत्तर भारत में भूटान के साथ कूटनीतिक रिश्ते बनाने की कोशिशों से भी भारत में चिंता है। चीन-भूटान में दशकों पुराने सीमा विवाद पर हुए समझौते पर सीधे कुछ न कहते हुए ले. जनरल ने उम्मीद जताई कि यह समझौता सरकारी अधिकारियों की नजर में होगा। ले. जनरल पांडे ने कहा, सीमा के करीब चीन नए-नए गांव बसा रहा है। भारत इसके अनुसार रणनीति बना रहा है, क्योंकि आबादी वाले क्षेत्रों का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्य के लिए हो सकता है। ले. जनरल ने पूर्वी भारत के 1300 किमी लंबी एलएसी पर सेना की तैयारियों का जायजा लिया और बताया कि भारतीय सेना का माउंटेन स्ट्राइक कोर अब पूरी तरह काम करने लगा है।



### आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल

एलएसी पर दिन-रात निगरानी के लिए मानव रहित विमानों की तैनाती। इस्राइल के मध्यम ऊंचाई पर लंबे समय तक उड़ने वाले हैरॉन ड्रोन पहाड़ी इलाकों से अहम डाटा और तस्वीरें कंट्रोल सेंटर को भेज रहे हैं। सेना की एविएशन विंग ने भी हल्के एडवांस हेलिकॉप्टर रुद्र की एकीकृत हथियार प्रणाली तैनात की है। सरकार तवांग को भी तेजी से रेल नेटवर्क से जोड़ रही है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इस समय 50 से 60 हजार सैनिक तैनात हैं।

# आर्यन, अरबाज और मुनमुन को बेल नहीं दी

**एजेंसी।** मुंबई



**क्रूज** ड्रग्स पार्टी केस में आरोपी आर्यन खान की जमानत अर्जी एक बार फिर खारिज हो गई है। बुधवार को मुंबई की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने आर्यन, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमीचा को बेल देने से इनकार कर दिया। पहले कोर्ट से ऑपरेटिव ऑर्डर ही जारी हुआ।

डिटेल ऑर्डर मिलने के बाद आर्यन की तरफ से अमित देसाई और सतीश मानशिंदे जस्टिस नितिन सांबरे के कोर्ट रूम में जमानत याचिका मेंशन करने के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक हाईकोर्ट की ये बेंच उठ चुकी थी। इसके बाद मानशिंदे ने कहा, अब तक हम याचिका दायर नहीं कर पाए हैं, जब याचिका दायर होगी तब आपको बताएंगे। वहीं, अमित देसाई ने कहा, हम बृहस्पतिवार को फिर जमानत याचिका दायर करने की कोशिश करेंगे। आर्यन के वकील अमित देसाई और शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी बेल एप्लिकेशन के लिए हाईकोर्ट पहुंची थीं।

खत्म नहीं हुआ कोरोना का प्रकोप

# भारत आने वालों को दिखानी होगी आरटी-पीसीआर रिपोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कोरोना** महामारी का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है। इस बीच भारत सरकार ने विदेश से आने वाले लोगों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी नई गाइडलाइन के मुताबिक विदेश से आने वाले सभी टूरिस्टों के लिए निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट को जरूरी कर दिया गया है। गाइडलाइन के मुताबिक यह टेस्ट रिपोर्ट यात्रा से 72 घंटे पहले की होनी चाहिए। गाइलडालन में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि सभी यात्रियों को इस रिपोर्ट की प्रमाणिकता को लेकर घोषणापत्र भी सबमिट करना होगा।

सरकार की तरफ से उन देशों की भी सूची जारी की गई है, जहां से भारत आने वाले यात्रियों को जरूरी नियमों का पालन करना होगा। इसमें उनके भारत पहुंचने के बाद कोरोना टेस्ट भी शामिल है। इस सूची में यूरोप के देश, यूनाइटेड किंगडम, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड और जिम्बाम्बे शामिल हैं। इन देशों को खतरे वाले देशों की सूची में रखा गया है। बता दें कि ब्रिटेन में कोरोना के डेल्टा वेरिएंट का म्यूटेशन वर्जन कोहराम मचा रहा है। 11 अक्टूबर के बाद से वहां प्रतिदिन 40 हजार के ऊपर कोरोना संक्रमित सामने आ रहे है। यह हालात तब हैं जब ब्रिटेन में आधी से ज्यादा आबादी कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज ले चुकी है। यहां बूस्टर डोज भी लगना शुरू हो गया है। इसके बावजूद यहां कोरोना का म्यूटेशन वर्जन तेजी से संक्रमण फैला रहा है। ऐसे में इसका असर भारत पर न हो, इसलिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आरटी-पीसीआर टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है। मंत्रालय की तरफ से बयान में कहा गया है कि जो यात्री इन नियमों का उल्लंघन करेगा उस पर कड़ा एक्शन लिया जा सकता है। देश में कोरोना की दूसरी लहर का कहर धीरे-धीरे कम हो रहा है। हालांकि संभावित तीसरी लहर की आशंका ने चिंता बढ़ा रखी है। कोरोना के रोजाना दर्ज किए जाने वाले मामले में भी लगातार कमी आई है। देश में अब 15-20 हजार केस ही रोजाना दर्ज किए जा रहे हैं।





### यूपी में रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने पूरे प्रदेश में कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन की शर्त के अधीन वर्तमान में लागू रात्रि कालीन कोरोना कर्फ्यू (रात्रि 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक) समाप्त करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद लिया गया है। अपर मुख्य सचिव, गृह, अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। अवस्थी ने बताया कि प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है, लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए यह समय सतर्कता एवं सावधानी बरतने का है। अवस्थी ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को बनाए रखे जाने और कोविड नियमों के तहत सभी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

मौसम के बिगड़े हालात से कुछ राज्यों में बाढ़ की स्थिति

# उत्तराखंड में 47, केरल में 27 और नेपाल में 21 की जान गई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ के हालात बन गए हैं। उत्तराखंड और केरल में भारी बारिश से आई बाढ़ ने काफी तबाही मचाई है। उत्तराखंड में बाढ़ और बारिश की वजह से हुए हादसों में 42 लोगों की मौत हो गई। ज्यादातर मौतें बादल फटने और लैंडस्लाइड की वजह से हुई हैं। कई लोग अब भी मलबे में दबे हुए हैं। बारिश से अब तक राज्य में 47 लोग जान गंवा चुके हैं। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रियों से अपील की है कि वे जहां हैं वहीं रहें। मौसम में सुधार होने से पहले अपनी यात्रा फिर से शुरू न करें।

अल्मोड़ा में लैंडस्लाइड से मकान गिरने के कारण तीन बच्चों की दबकर मौत हो गई। एक महिला के घायल होने और एक व्यक्ति के लापता होने की भी खबर है। जिले के कई इलाकों का बाकी हिस्सों से संपर्क पूरी तरह से कट चुका है। मलबे के कारण जिले के कई रास्ते भी बंद हो गए हैं। मलबे में दबे हुए लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों के प्रति सहानुभूति जाहिर की। उन्होंने लोगों से सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया, क्योंकि राज्य में स्थिति अभी भी गंभीर है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बाढ़ प्रभावित राज्य में राहत कार्यों में हर संभव मदद करने को भी कहा। राहुल ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा, उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदना। स्थिति अभी भी गंभीर है। सुरक्षा मानदंडों का पालन करें। मेरे कांग्रेस सहयोगियों से मेरी अपील है कि राहत कार्य में हर संभव मदद करें। केरल के भी कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है, जिसके चलते बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। राज्य के अलग-अलग इलाकों में बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हुई है। कुछ लोगों के लापता होने की भी खबर है। केरल के कई हिस्सों में 20 अक्टूबर से शुरू होने वाली बारिश तीन दिनों तक जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने तिरुवनंतपुरम, पठानमथिट्टा, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड और कन्नूर समेत राज्य के 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



### यूपी में भी दिखा असर, कई नदियों का बढ़ा जलस्तर

उत्तराखंड और नेपाल में हो रही भारी बारिश का असर अब उत्तर प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। लखीमपुर खीरी, सीतापुर और बाराबंकी में बाढ़ का अलर्ट जारी हुआ है। नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। दरअसल, उत्तराखंड से बनबसा बैराज से पानी छोड़ा गया है। इसकी वजह से रामपुर इलाके में कोसी नदी कहर बरपाने लगी है। नदी से सटे दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

### नेपाल के 19 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन से तबाह

नेपाल में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ ने काफी तबाही मचाई है। यहां बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग लापता हैं। नेपाल के गृह मंत्रालय ने कहा कि देश के 19 जिले बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। देश में पहले ही मानसून के मौसम का अंत हो चुका था, लेकिन जलवायु में अचानक बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के चलते यात्रा, बिजली की सप्लाई और कृषि उपज की कटाई काफी प्रभावित हुई है।

### 'भारत और श्रीलंका के बीच संबंध और मजबूत हो रहे हैं'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को श्रीलंका के मंत्री नमल राजपक्षे के साथ बैठक के बाद कहा कि भारत और श्रीलंका के संबंध विभिन्न क्षेत्रों में और मजबूत हो रहे हैं और दोनों देशों के लोगों के लिए यह शुभ संकेत है। दोनों नेताओं ने यूपी के कुशीनगर में मुलाकात की, जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। राजपक्षे ने ट्वीट कर कहा, बौद्ध धर्म, भारत से मिला श्रीलंका को सबसे महान उपहार है।

● विस्तृत खबर पेज-09

## प्रियंका गांधी को आगरा जाने की अनुमति, पीड़ित परिवार से मिलेंगी

**एजेंसी।** लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी सरकार ने आगरा जाने की अनुमति दे दी है। इसके बाद वह आगरा के लिए रवाना हो गईं। इसके पहले उन्होंने आगरा एक्सप्रेस वे के एंट्री पॉइंट पर रोक लिया गया था और पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। प्रियंका आगरा में पुलिस हिरासत में मारे गए अरुण वाल्मीकि के परिजनों से मिलने जा रही थीं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था, लेकिन फिर जाने की अनुमति दे दी।



जानकारी देते हुए प्रियंका ने ट्वीट किया था कि अरुण की मृत्यु पुलिस हिरासत में हुई। उनका परिवार न्याय मांग रहा है। मैं परिवार से मिलने जाना चाहती हूं। यूपी सरकार को डर किस बात का है? क्यों मुझे रोका जा रहा है।

### पंजाब में ड्रोन से नशे व हथियार की सप्लाई

**लुधियाना।** पंजाब में एक बार फिर ड्रोन से हथियार और नशे की सप्लाई की गई है। इसका मकसद त्योहारों के सीजन में वारदात अंजाम देकर लोगों में दहशत फैलाना था। तरनतारन के खेमकरण सेक्टर में बीएसएफ और स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने मिलकर कार्रवाई करते हुए नशे और हथियारों की खेप पकड़ी है। यह खेप बीते दिनों रात के समय ड्रोन के माध्यम से फेंकी गई, जिसे एक गुप्त सूचना के आधार पर रिकवर किया गया है।

## लखबीर हत्याकांड की जांच को एसआईटी बनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे सिंघु बॉर्डर पर 15 अक्टूबर को हुई लखबीर सिंह की हत्या की जांच के लिए पंजाब सरकार ने तीन आईपीएस अफसरों की एसआईटी का गठन कर दिया है। एसआईटी की अगुआई एडीजीपी करेंगे, जबकि इसमें एक आईजी और एक एसएसपी शामिल होंगे। एसआईटी लखबीर के सिंघु बॉर्डर पर पहुंचने और उसके बाद वहां हुए घटनाक्रम की जांच करेगी। लखबीर की सुबह 15 अक्टूबर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद शव को पुलिस बैरिकेड से लटका दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में 4 निहंगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है। पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

# प्रदेश में डीएपी की कमी नहीं, केंद्र से मांगे 16 रैक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश में डीएपी की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में फील्ड से जो मांग आ रही है उसे बृहस्पतिवार से पूरा करना शुरू कर दिया जाएगा। दलाल ने बुधवार को कहा, डीएपी को लेकर प्रदेश के सभी जिलों से रोजाना रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। सरकार के पास मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है।

दलाल ने कहा, प्रदेश में पिछले साल डीएपी की जितनी खपत पिछले साल हुई थी उसके अनुसार प्रदेश में स्टॉक उपलब्ध है। इस बार मांग बढ़ रही है। उन्होंने बताया, जिन राज्यों से डीएपी की सप्लाई आती है उनके साथ बात हो चुकी है। जिसके चलते 21 से 23 अक्टूबर के बीच विशेष रेलगाड़ियों के माध्यम से डीएपी हरियाणा में पहुंचेगा। उन्होंने बताया, हरियाणा ने केंद्र सरकार से 31 अक्टूबर तक 16 रैक डीएपी की मांग कर रखी है। केंद्र ने इस मांग को तय समय में पूरा करने का आश्वासन दिया है। दलाल ने कहा, डीएपी की कालाबाजारी करने वाले कुछ लोग इस बारे में अफवाह फैला रहे हैं। इस पर उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों को ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# दो लाख परिवारों को दुग्ध उत्पादन से जोड़ेगी सरकार

**पांच हजार नए वीटा बूथ खोले जाएंगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा है कि सहकारिता तथा पशुपालन एवं डेयरी एक दूसरे के पूरक है। देश और पूरी दुनिया में सहकारिता को एक प्रोजेक्ट न मान कर इसे सामूहिक रूप से काम करने की एक कार्य पद्धति, एक शैली व एक आंदोलन माना गया है। पिछले सात वर्षों के दौरान सरकार ने राज्य में दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है जिसके फलस्वरूप प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दुग्ध की उपलब्धता 1142 ग्राम हो गई है, जो वर्ष 2014 में 740 ग्राम थी।

मुख्यमंत्री बुधवार को उनके निवास स्थान पर उनका आभार व्यक्त करने आएं सहकारिता व पशुपालन एवं डेयरी प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कृषि जोत छोटी हो रही है इसलिए पशुपालन एवं अन्य संबद्ध व्यवसायों को कृषि के साथ जोड़कर किसान आय में वृद्धि कर सकता। हर-हीत स्टोर की तर्ज पर युवाओं को दुग्ध व्यवसाय से जोड़ने के लिए पांच हजार नए वीटा बूथ खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, दो लाख परिवारों को दूध व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश में हर वर्ष पांच लाख बच्चे पैदा होता है उनमें से 50 प्रतिशत अपने पैतृक व्यवसाय से जुड़ जाते है और अन्य पढ़ाई पूरी करने के उपरांत नए व्यवसाय को तलाशते है तो कोई उद्योग व कोई व्यापार में लग जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी में सिस्टम बदल रहे हैं उनमें काम काज तलाशने के तरीके भी बदले है। संगठनात्मक तौर पर योजनाएं बनाकर सरकार को सुझाव दिए जा सकते है। सहकारिता का भी यहीं भाव रहा है। सहकारिता का सरकारीकरण नहीं होना चाहिए। इसके माध्यम से एक व्यक्ति अपने साधन के हिसाब से जितनी कमाई नहीं कर सकता उतनी सहकारिता से जुड़ कर कर सकता है। जिसके चलते पांच हजार वीटा बूथ खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, परिवार पहचान पत्र सरकार की एक अनूठी योजना है पूरे देश में किसी भी राज्य में इस प्रकार की कोई भी योजना नहीं है। हरियाणा ही एक मात्र ऐसा प्रदेश है, जिसने अपने स्तर पर पहचान परिवार पत्र बनाने की पहल की है। इसके तहत 18 से 60 वर्ष के हर सदस्य का डाटा रखा जाएगा कि वह क्या काम करता है। उन्होंने कहा, 67 लाख परिवारों की पहचान हो चुकी है। ढाई करोड़ लोगों ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया, प्रदेश में लगभग 70 लाख की जनसंख्या 18 वर्ष से नीचे की है और 75 लाख की जनसंख्या 60 वर्ष से ऊपर की है। उन्होंने कहा, परिवार पहचान पत्र पर 10 लाख ऐसे लोगों को पंजीकरण करवाया जिनको रोजगार चाहिए। मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना के तहत विभिन्न विभागों की 40 सरकारी योजनाओं को चिह्नित किया गया है, जिसके तहत रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।



### पैक्स का होगा कंप्यूटीकरण, नाबार्ड से मिले पांच करोड़

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की कार्य प्रणाली पर उठाए गए मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैक्स मुख्यालय गांव से 10 किमी से अधिक की दूरी पर नहीं होना चाहिए। छोटे बड़े कितने गांव एक पैक्स के अधीन आते है इसकी एक योजना तैयार की जाए और सभी 750 पैक्स में गांव को नए सीरे से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, पैक्स का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। साथ ही बताया कि पैक्स को घाटे से उभारने के लिए केंद्र सरकार ने भी पहल की है। नाबार्ड की ओर से राज्य को पांच करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाई जा रही है शेष राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 20.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सेक्टर-30 में पुलिस लाईन में ब्लड डोनेशन एंड हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन : सुबह 8 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन : सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू : सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

**रिटायरमेंट** के लिए बचत और उसका बेहतरीन रिटर्न वाले विकल्प में निवेश जरूरी है। रिटायरमेंट प्लान के लिए सिर्फ ईपीएफ योगदान पर निर्भरता सही नहीं है। रिटायरमेंट के बाद आपको हर महीने कितने पैसे की जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले इसका आंकलन करना होगा। आप सामान के मौजूदा मूल्यों के आधार पर मासिक खर्च को निकालें। फिर 6 फीसदी की दर से सालाना महंगाई मानते हुए इसे बढ़ा दें। इससे आपको उस मासिक खर्च के बारे में पता चल जाएगा जिसकी जरूरत आपको रिटायरमेंट के बाद होगी। अब यह देखें कि इसके लिए अभी से आपको कितने पैसों की बचत करने की जरूरत पड़ेगी।

### यूटीलिटी न्यूज

## हाईकोर्ट बार सचिव का स्वागत

**फरीदाबाद।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रकाशवीर नागर के कार्यालय विपुल प्लाजा सेक्टर 81 पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट बार के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र सिंह रंधावा पूर्व सचिव, चंचल सिंगला सचिव का जोरदार स्वागत किया। रविंद्र सिंह रंधावा व चंचल सिंगला ने आगामी बार के चुनाव को लेकर चर्चा की और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए काम करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितो की रक्षा के लिए समय-समय पर आवाज उठाने और एकजुट रहने का आह्वान किया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रकाशवीर नागर ने दोनों सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिह्न के रूप में पौधा भेंट किया। मौके पर विकास मक्कड़, विपिन यादव, प्रमोद मावी, विजय राजपूत, मोहन तिवारी, धीरज शर्मा, गोपाल कृष्णान आदि सभी अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### क्विक न्यूज

## चोरी की बाइक सहित दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी की टीम ने दो आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित सिही नाला रोड सेक्टर 8 से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धारा सिंह उर्फ देव निवासी गांव बिराटिया नगला जिला बदायूं यूपी हाल भारत कॉलोनी फरीदाबाद तथा सुधीर उर्फ देव निवासी गांव पहाड़पुर जिला बदायूं यूपी हाल जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने बताया कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल आर-15 को थाना एसजीएम नगर के क्षेत्र से 15 सितंबर को चोरी किया था। जिसका मुकदमा थाना एसजीएम नगर में दर्ज है। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपीयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को सिही नाले रोड से काबू किया है। आरोपियों ने एक अन्य चोरी की घटना को थाना खेड़ी पुल के क्षेत्र में अंजाम दिया है। आरोपियों पर फरीदाबाद में पहले सात चोरी के मुकदमे दर्ज है

# गली में कूड़ा डाला तो होगा जुर्माना पर ईकोग्रीन पर कौन करेगा

## पूरे शहर में सड़कों के किनारे बना रखे हैं अवैध डंपिंग पॉइंट

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** को साफ सुधरा बनाने के लिए नगर निगम द्वारा कई तरह की योजनाएं बनाई जा रही है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ साथ सख्ती से काम लेने का फैसला भी लिया गया है। जिसके तहत गलियों और सड़कों पर कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जाएगा और जुर्माना वसूल भी किया जाएगा। हालांकि शहर के कम लोग ही गलियों में कूड़ा डालते हैं। सड़क किनारे कूड़ा डालने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार नगर निगम और घरों से कूड़ा उठाने वाली ईकोग्रीन कंपनी है। कंपनी ने पूरे शहर में सड़कों के किनारे खुले में कूड़ा डालने के डंपिंग पॉइंट बनाए हुए हैं। जहां कूड़ा पड़ा कई कई दिनों तक सड़ता रहता है। जिसमें दिन भर आवारा पशु मुंह मारते रहते हैं। कूड़ा उठाने के बदले में सरकार के साथ आम लोगों से वसूली करने के बावजूद कंपनी ने कूड़ा डालने की उपयुक्त व्यवस्था आज तक नहीं की। ऐसे में कंपनी पर भी जुर्माना लगाना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ शहर की रिहायशी कालोनियों में अवैध रूप से डेरियां चलाने वाले लोगों ने शहर की ग्रीनबेल्ट को डस्टबिन में तब्दील करके रख दिया है। ग्रीनबेल्टों पर गोबर डालने वालों पर जुर्माना लगाना तो दूर इन्हें रोकने का प्रयास भी निगम द्वारा नहीं किया जाता।



सेक्टर 46 के निकट ग्रीनबेल्ट पर लगा गोबर का ढेर।



नीलम बाटा रोड पर सड़क किनारे कूड़े का डंपिंग पॉइंट।

### पर्यावरण को पहुंचा रहे नुकसान

**ईकोग्रीन** कंपनी ने घरों से इक्ट्ठा करने के बाद कूड़े को डालने के लिए कहीं भी वैध डंपिंग पोइंट नहीं है। इसके लिए न तो कंपनी ने जगह की तलाश की और न ही निगम ने जगह उपलब्ध कराने की जरूरत महसूस की। जिसकी वजह से कंपनी ने शहर में ज्यादातर सड़क किनारे और ग्रीनबेल्टों पर अवैध कब्जे कर डंपिंग पोइंट बनाए हुए हैं। इन स्थानों पर कंपनी द्वारा पिछले कई सालों से लगातार कूड़ा डालने का काम किया जा रहा है। वहीं कंपनी के कर्मचारी घरों से कूड़ा इक्ट्ठा करने के बाद इन डंपिंग पोइंटों पर लाकर डाल देते हैं। जहां पर यह कूड़ा कई कई दिनों तक पड़ा सड़ता रहता है। इस दौरान कूड़े के साथ मौजूद गंदा पानी और अन्य जहरीले केमिकल रिस-रिस कर जमीन के अंदर जाते रहते हैं। यह जहरीला पानी भीतर जाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। इससे भूजल जहरीला होने के साथ ही जमीन की उपजाऊ शक्ति भी लगातार खराब होती जा रही है। यदि यहीं स्थिति रही तो जहां यह डंपिंग पोइंट बनाए गए हैं, वहां जमीन बंजर हो जाएगी।

### डेरी संचालक फैला रहे गंदगी

**नगर** निगम की लापरवाही से शहर की अनेक प्रमुख सड़कों के किनारे और ग्रीनबेल्टों पर गोबर के ढेर कहीं भी आसानी से देखे जा सकते हैं। सैनिक कालोनी के अलावा एनएच चार में सरकारी दीवार के साथ, बाबा दीप सिंह चौक से हार्डवेयर चौक की ओर जाने वाली सड़क, बाइपास रोड, सेक्टर 24 की मैन रोड, सोहना रोड, बड़खल से अनखीर चौक जाने वाली रोड के डिवाइडर पर। यहां हूडा द्वारा ग्रीनबेल्ट और डिवाइडर को विकसित किया जा रहा है। सेक्टर 52 और अन्य कई इलाकों में सड़क किनारे गोबर डाला जा रहा है। गोबर और गंदगी डालने से जहां शहर दिन पर दिन बदसूरत बनता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ गंदगी सड़क तक पहुंचने पर लोगों को आने जाने में भी परेशानी होती है। इसके अलावा डेरी संचालकों द्वारा भारी मात्रा में पशुओं का गोबर नगर निगम की सीवर की पाइप लाइनों में भी डाला जाता है। जिससे इन डेरियों के आसपास के इलाकों में सीवर लाइन जाम होने की समस्या आए दिन होती रहती है। शहर बदसूरत बनते हुए देखने के बावजूद नगर निगम द्वारा डेरी संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती।



नगर निगम मुख्यालय और बीके अस्पताल के गेट के निकट पड़ा कूड़ा।

### कब होगी ठोस कार्रवाई



रविंद्र चावला

**समाजसेवी** रविंद्र चावला का कहना है कि शहर भर की सड़कों पर नगर निगम और ईकोग्रीन कंपनी द्वारा कूड़ा डाला जाता है। शहर की ग्रीनबेल्ट भी अवैध डंपिंग पॉइंट बने हुए है। ग्रीनबेल्टों में गोबर डालना तो आम बात लोगों ने कब्जे डेरियां तक खोल रखी है। निगम कूड़ा डालने पर आम लोगों पर जुर्माना लगाने की बात कर रहा है। लेकिन सड़क किनारे और ग्रीनबेल्ट पर कूड़ा और गोबर डालने वालों के खिलाफ कब कार्रवाई होगी।

### कागजों में स्वच्छता अभियान

शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम द्वारा समय समय पर बड़े बड़े दावें किये जाते रहे हैं। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सरकार की तरफ खूब पैसा भी खर्च किया जा चुका है। इस अभियान के तहत नगर निगम द्वारा भारी संख्या डस्टबिन खरीदे गए थे। लेकिन इनमें से ज्यादातर डस्टबिन नगर निगम मुख्यालय में पड़े धूल फांक रहे हैं। शहर में स्वच्छता की हालत किसी से छिपी नहीं है। शहर के क्षेत्रफल और आबादी के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की सख्या काफी कम है। जिसके कारण शहर के ज्यादातर इलाकों में तो झाड़ू तक नहीं लग पाता। शहर की सड़कों को साफ करने के लिए निगम ने वैक्यूम मशीने खरीदी थी। जो अब कहीं भी दिखाई नहीं देती है। शहर की सड़के हमेशा धूल से भरी रहती है। जहां देखों वहीं कूड़ा और गंदगी बिखरी हुई रहती है। शहर के सेक्टर और अन्य रिहायशी कालोनियों में सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता रहता है। जबकि नगर निगम द्वारा पिछले करीब सात साल से स्वच्छता अभियान चलाने के बड़े बड़े दावें किये जाते हैं।

# महर्षि वाल्मीकि ने की महाकाव्य की रचना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने विश्व में लोगों को अच्छाई के मार्ग चलने का प्रेरणा का स्रोत कहा जा सकता है। महर्षि वाल्मीकि ने समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए सबसे बड़े काव्य की रचना की है। उनके द्वारा लिखी की गई रचनाएं आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को स्थानीय सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में नगर निगम द्वारा सफाई योद्धाओं के सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह को में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के बारे में जितना भी बोला जाए वह कम है। महर्षि वाल्मीकि स्वच्छता प्रेमी थे। उन्होंने हमेशा स्वच्छता पर बल दिया। वे हमेशा रामायण ग्रंथ काव्य के माध्यम से जागरूक करते रहेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके द्वारा रचित काव्य की नीतियों का अनुसरण करके उन पर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का काम कर रहे हैं।



केंद्रीय राज्य मंत्री केपी गुर्जर, विधायक सीमा, नरेंद्र और कमिश्नर यशपाल सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए।

उसी प्रकार स्वच्छता अभियान की शुरुआत प्रधान महात्मा गांधी ने 2 अक्टूबर वर्ष 2014 से की थी। प्रधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करके ग्रामीण क्षेत्र में करोड़ों शौचालय बनाने का काम किया है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आगामी महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर प्रथम और द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले सफाई कर्मियों को नगद राशि का इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। विधायक सीमा त्रिखा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सफाई का काम कोई आसान काम नहीं है। सफाई कर्मी दिनरात मेहनत करके शहर को स्वच्छ रखने में विशेष योगदान देते हैं।

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा ही सफाई कर्मियों की नीतियों का अनुसरण करके उसे क्रियान्वित करने का काम किया है। एमसीएफ कमिश्नर यशपाल ने कहा कि सफाई में बेहतर कार्य करने वाले को लोगों को हर महीने सम्मानित किया जाएगा।

# अमृत महोत्सव के तहत जागरुकता कार्यक्रम

## डालसा ने आयोजित किए कानूनी जागरुकता शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के चेयरमैन एवं जिला व सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के आदेशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में आठ लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें चार घर-घर जाकर जागरूकता, गांव शाहपुर, अनखीर, पाली, पखल व गांव भटोला में आयोजित किया गया। एक कार्यक्रम फंडामेंटल राइट्स के ऊपर एक कार्यक्रम ओमनी फाउंडेशन द्वारा बाल सुधार गृह में योगा व वह किशोरों को बुक्स वितरण की गई।



अमृत महोत्सव के तहत जागरुकता कार्यक्रम को आयोजित करते हुए एडवोकेट।

इसके साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा श्रम व रोजगार मंत्रालय के सहयोग से एक वर्कशॉप का आयोजन असंगठित वर्करों वह महिलाओं के अधिकार के लिए गांव भटोला फरीदाबाद में आयोजित किया गया। जिसमें प्राधिकरण की तरफ से पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर उपस्थित हुए। राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड फरीदाबाद श्रम रोजगार मंत्रालय द्वारा तिलक राज शिक्षा विद के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य कल्प वे असंगठित वर्करों के लिए जो योजनाएं बनाई गई है, उनके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। श्रम रोजगार मंत्रालय के तिलक राज शिक्षाविद ने लोगों को बताया कि यह वर्कशॉप यह कार्यशाला आप लोगों को सरकार द्वारा बनाई गई।

# ब्राह्मण सभा ने मनाई वाल्मीकि जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने सेक्टर-12 स्थित अपने कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई। इस मौके पर सुरेन्द्र शर्मा (बबली) ने अन्य समाजसेवियों के साथ मिलकर महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म के महत्वपूर्ण धर्मग्रंथ रामायण के रचयिता थे। महर्षि वाल्मीकि जो आदिकवि के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हर साल आश्विन माह की पूर्णिमा को महर्षि वाल्मीकि जी का जन्मदिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व को प्रभु श्रीराम के जीवन का परिचय कराने वाले महर्षि वाल्मीकी जी ही थे। शर्मा ने कहा कि हमें वाल्मीकि जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर कर्ण पारासर, चन्दर शेखर, रवि शर्मा, सोनू शर्मा, संदीप शर्मा, ओमवीर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



वाल्मीकि की जयंती मनाते हुए ब्राह्मण सभा के सदस्य

# एफपीएससी ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-15ए** स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में 20 अक्तूबर को एफपीएससी की ओर से 'अंतर्विद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता-केन्वेसिंगटाइटेन्स' का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में फरीदाबाद के 36 स्कूलों के विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया।

दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन टीएस दलाल, एफपीएससी के उपाध्यक्ष बीडी शर्मा, वाईके महेश्वरी, नारायण डागर, भारत भूषण उपस्थित थे। केएल मेहता विद्यालय के चेयरमैन आनंद मेहता एवं होमरटन ग्रामर स्कूल के अध्यक्ष राजदीप सिंह ने अपनी उपस्थिति से अवसर की शोभा बढाई। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के श्री हरि सभागार में दीपशिखा प्रज्जवलित करके किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने गुरु की वंदना करते हुए सुन्दर भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने दो वर्गों, वर्ग-ए (कक्षा तीन से पांच) और वर्ग-बी (कक्षा छह से आठ ) में भाग लेते हुए अपने-अपने विषयों 'मई ड्रिम हाउस' और 'हाउ आई एम ए सोशल एससेट ' पर अदभुत चित्रकला का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार पुरस्कृत किया गया। केएल मेहता दयानंद स्कूल सेक्टर-7सी के विद्यार्थियों ने दोनों ही वर्गों में पुरस्कार प्राप्त कर मोर्चा मारा। इस विद्यालय से वर्ग ए में अंकित पासवान (कक्षा -तीन) और वर्ग ब्र में अंशु (कक्षा-आठ) तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही वर्ग ए में स्कॉलर्स प्राइड की प्रियांशी शर्मा और विद्या निकेतन स्कूल के दक्ष चौहान द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग बी में दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के देवजोत सिंह ने प्रथम स्थान और विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल की परिधि नारंग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि आनंद मेहता एवं राजदीप सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किए।



एफपीएससी की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




ये धारा वक़्त की सब कुछ बहा ले जाएगी साहिब
हवा भी माटी को पल में उड़ा ले जाएगी साहिब
शिखर तक वोट की ताक़त भले ले जाएगी लेकिन
दिलों तक आदमी को बस वफ़ा ले जाएगी साहिब

# कालीबाड़ी मंदिर में कोजागिरी लक्ष्मी पूजा आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दुर्गा** पूजा देश के पश्चिम बंगाल एवं बंगाली समुदाय की सबसे बड़ा त्यौहार है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10 अक्टूबर महापंचमी से लेकर 15 अक्टूबर विजया दशमी तक कालीबा ?ी, सेक्टर 16 ने पारम्परिक तरीके और कोविड प्रोटोकॉल के दायरे में रहकर दुर्गा पुजा का आयोजन किया। जिसकी औपचारिक समाप्ति 20 अक्टूबर को कोजागिरी लक्ष्मी पूजा के साथ मनाया।

फरीदाबाद कालीबाड़ी में 10 अक्टूबर को जिले के उपायुक्त जितेन्द्र यादव आईएएस ने दुर्गा मूर्ति की अनावरण के साथ की थी एवं तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए माता रानी के दर्शन की व्यवस्था की गयी थी। इस दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान कालीबाड़ी की महिला सदस्यों को कोविड महामारी में गरीबो एवं जरुरतमंदो को मंदिर परिसर में बना हुआ भोजन वितरण के लिए उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने विशेष स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया।



कालीबाड़ी मंदिर में कलाकारों को सम्मानित करते डीसी।

फरीदाबाद कालीबाड़ी प्रबंधक समिति ने श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश हेतु ई पास की विशेष व्यवस्था किया था। पूजा के दौरान सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा के प्रसाद एवं पैकेट के माध्यम से लंगर वितरित किया। तीन दिन तक लगातार वैक्सीनेशन कैम्प का भी आयोजन किया गया था। दुर्गा पूजा के दौरान मीनू मित्तल, वासुदेव सेन, रमेश कुमार गुप्ता, जयदीप चक्रबर्ती, सिद्धार्थ दास, राखी चक्रबर्ती, अमित मुखार्जी एवं रूमी बड़ाट सिंह जैसे श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। उद्योगपति वाईएस कालिया को फरीदाबाद कालीबाड़ी द्वारा कोविड़ के दौरान ड्राई राशन वितरण में अमूल्य योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

दुर्गा पूजा के दशमी को सुबह पूजा शुरू हुआ था। पूजा के दुर्गा मां को मंत्राजली के साथ श्रद्धा के साथ प्रणाम किया गया। इसके साथ साथ दुर्गा मां की आरती एवं बंगाल के पारम्परिक बाद्य ढाक बजाकर माता रानी की पूजा की गई। दर्पण विषर्जन के जरिए मां दुर्गा अपने पति शिव जी के घर वापस जाने के लिए महिलाओं द्वारा दुर्गा माता सिन्दूर के साथ वरन किया गया एवं महिलाएं माता रानी से अपने अक्षय सुहाग की कामना करते हुए उसी सिन्दूर को एक दूसरे को लगाकर शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात दुर्गा माता को पानी मे विसर्जन के लिए ले जाया गया। असचे बोछोर आबर होबे (अगले वर्ष फिर से होगी) के उद्घोष के साथ माता का विसर्जन भारी हृदय के साथ किया गया। कोजागिरी लक्ष्मी में भी समस्त श्रद्धालुओं ने लक्ष्मी माता को मन्त्रों एवं अपनी भक्ति श्रद्धा अर्पण किया और माता लक्ष्मी से सभी के घरों में धन धन्य की कमी न होने देने की कामना की।

# करो योग रहो निरोग: सीजेएम

**फरीदाबाद।** न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम कम सचिव के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें समाजसेवी संस्थाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जुड़कर इस जागरूकता अभियान में सहयोग कर रही हैं। जिसमें रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन भी एक है। रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की टीम ने पैनल अधिवक्ता अर्चना गोयल के साथ एनआईटी स्थित बाल सुधार गृह में बच्चों को योगाभ्यास कराया क्योंकि आजकल सभी अपनी रोगप्रतिरोधक शक्ति खो रहे है। इसलिए अधिकतर लोग बीमार है। इससे बचने का इलाज हर रोज़ व्यायाम व योग करें


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का आकाश शर्मा उम्र 14 साल पुत्र श्री राजेश शर्मा निवासी गांव व पोस्ट डबरिया थाना धानापुर जिला चन्दौरी (वाराणसी), उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार मकान न. 3112 गली न. 16 संजय कालोनी दिनांक 13-10-21 को शाम 03:30 बजे बिना बतलाये अपने घर से बैग में पढ़ने की किताब व कपड़े लेकर चला गया है हुलिया रंग गौरा, पतला शरीर, लम्बा चेहरा, कद 4 फिट। पहनावा हल्के नीले रंग की फुल बाजू टी-शर्ट और काले रंग का लोवर और पैरें में भूरे रंग के सैन्डल पहने हुये है। अभियोग संख्या 620 दिनांक 18.10.21 धारा 363 भा.द.सं थाना मुजेसर फरीदाबाद। मिलने पर सूचित करें।

**पुलिस नियन्त्रण कक्ष - 100, 9999150000, प्रबन्धक अफसर, थाना मुजेसर - 9582200131**
**थाना मुजेसर - 0129-2232610, प्रभारी पुलिस चौकी संजय कालोनी - 9582200162**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुदईया सामोली सरकार पुत्री रमेश सरकार निवासी एसओएस चिल्ड्रन गांव ग्रिनफिल्ड कॉलोनी फरीदाबाद ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त पेश की कि हमारे पास सीडब्ल्यूसी के आदेश अनुसार बच्चे को रहने के लिए दिया था लड़का राजन पुत्र रामलखन निवासी गांव खेलाबाद जिला संत कबीर नगर उ.प. को दिनांक 24.02.2021 को कोविड टेसट कराने के लिए गांव अडंगपुर ले जा रहे थे जो थ्री-व्हिलर से उतर कर भाग गया। पहनावा - बादामी रंग की शर्ट, नीली जीन्स की पैंट, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुआ है। जिस पर मुकदमा न. 135 दिनांक 25.02.2021 धारा 363 भा.द.स. थाना सुरजकुंड फरीदाबाद।

मिलने पर सूचित करें।

**थाना सुरजकुंड - 0129-2511033, प्रबन्धक अफसर - 9582200127**
**उप.नि. नरेश कुमार - 9871089657**

# तालमेल के अभाव में किशोरी का नहीं लगा सुराग

## सीडब्ल्यूसी करेगा एसओएस को करेगा नोटिस जारी

## सीडब्ल्यूसी को छह दिन बाद मिली सूचना

## पलवल सीडब्ल्यूसी की तरफ से रखवाई गई थी बच्ची

कविता। फरीदाबाद



सोनम फाइल फोटो।

**पलवल** और फरीदाबाद सीडब्ल्यूसी में तालमेल की कमी और एसओएस के द्वारा बरती गई लापरवाही के चलते हुई 16 वर्षीय एक किशोरी का छह दिन बाद भी पता नहीं चल पाया है। किशोरी को गत आठ अक्टूबर को पलवल सीडब्ल्यूसी और वहां की पुलिस के जरिये डायरेक्टर ग्रीनफिल्ड कोलोनी में स्थित एसओएस बालग्राम में रखवाया था। लेकिन गत 14 अक्टूबर की रात को किशोरी अचानक रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। काफी प्रयासों के बाद वह अब तक नहीं मिल पाई है।

इस विषय में जब पायनियर द्वारा पूछने पर फरीदाबाद सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने बताया कि उन्हें इस मामले में कुछ पता ही नहीं है। बाद में पता किया तो उन्हें पूरा मामला पता चला, जिस पर उन्होंने लापरवाही बरतने के आरोप में एसओएस बालग्राम को नोटिस जारी करने की बात कही है।

### यह है पूरा मामला

**सीडब्ल्यूसी** के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने बताया कि उन्हें एसओएस बालग्राम के जरिये 20 अक्टूबर को पता चला है कि पलवल पुलिस और सीडब्ल्यूसी द्वारा आठ अक्टूबर को एक मुक-बधिर किशोरी को ग्रीनफिल्ड कोलोनी स्थित एसओएस बालग्राम में रखवाया गया था। किशोरी का नाम सोनम है, इसके अलावा वह कुछ भी नहीं बता सकती है।

उन्होंने बताया कि बच्ची के बारे में फरीदाबाद सीडब्ल्यूसी को किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई। गत 14 अक्टूबर की शाम को साढ़े सात बजे किशोरी एसओएस से निकल गई। जिस पर एसओएस ने सीडब्ल्यूसी को इसकी जानकारी न देकर पुलिस को 15 अक्टूबर की शाम को आठ बजे किशोरी के गायब होने की सूचना देकर एफआईआर दर्ज करवाई है। जबकि उन्हें पायनियर अखबार के माध्यम से इसकी सूचना 20 अक्टूबर को मिली है।

### जारी करेंगे नोटिस

श्रीपाल करहाना का कहना है कि सीडब्ल्यूसी पलवल को यहां किशोरी को भेजते समय उनसे सम्पर्क करना चाहिए था। लेकिन उन्होंने नहीं किया। वहीं यदि किशोरी को एसओएस में रखा गया था और वह गायब हो गई है तो उन्हें किशोरी की जानकारी उन्हें और सीडब्ल्यूसी फरीदाबाद को देनी चाहिए। लेकिन उन्होंने लापरवाही बरतते हुए इसकी सूचना नहीं थी। जिस पर उन्हें लापरवाही बरतने का नोटिस जारी किया जाएगा। क्योंकि एसओएस में चौकीदार और वायरिंग के अलावा कड़ी सुरक्षा है। ऐसे में किशोरी कैसे लापता हो गई।

## 300 से अधिक लोगों को वितरित किया राशन

**फरीदाबाद।** बुधवार को सेक्टर-11 स्थित शिव दुर्गा विहार में आज क्रिप्टो रिलीफ फंड इंडिया की राधिका नेलवाल और प्रेम बल्लभ नेलवाल के सहयोग से 300 से अधिक गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिभा तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर दीपशिखा फाउंडेशन की अध्यक्षा निर्मला दुबे, कार्यकर्ता, सुषमा राणा, बबली मलिक, राजकुमार, मालती चक्रवर्ती, जगन्नाथ, शिम्पा, अभिषेक कुमार तथा मालती विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रतिभा तिवारी ने गरीबों को राशन वितरण करने पर क्रिप्टो रिलीफ फंड इंडिया की राधिका नेलवाल और प्रेम बल्लभ नेलवाल का आभार व्यक्त किया।

# 20.80 करोड़ रुपये से बना खेड़ी पुल जनता को किया समर्पित

## कालिंदी कुंज से मंझावली तक चार छोटी पुलिया को चार लेन निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मंत्री केपी गुर्जर ने छह लेन पुल का उद्घाटन करते हुए

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में सड़कों व पुलों का बेहतरीन जाल बिछाया जा रहा है। इससे यहां विकास के नए रास्ते खुलेंगे और लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। केंद्रीय राज्यमंत्री बुधवार को 20.80 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए छह लेन के खेड़ी पुल का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद व नहरपार क्षेत्र को जोड़ने के लिए खेड़ी पुल काफी संकरा था और काफी जर्जर हालत में था। उन्होंने कहा कि यह पुल ओल्ड फरीदाबाद को सेक्टर 17,18,19 व नहर पार के सेक्टर 85,86,87,88, बीपीटीपी, भुपानी गांव, जसाना, सिडोला व मंझावली को जोड़ता है। ऐसे में इस पुल से भारी संख्या में ट्रैफिक का आवागमन होता है और पुल संकरा होने की वजह से हमेशा जाम लगा रहता था। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर ने इस पुल की मंजूरी दी और आज यह पुल तैयार होकर जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छह लेन के इस पुल पर पैदल यात्रियों के चलने के लिए 5-5 फुट के फुटपाथ भी बनाए गए हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में फरीदाबाद जिला में सड़कों व पुलों के विकास को लेकर बेहतरीन कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद से केजीपी व ताज एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए एक नया हाईवे मंजूर किया गया है। इससे शहर के विकास को एक नया रास्ता मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कालिंदीकुंज से मंझावली तक नहरों पर 4 लेन रोड तो बन गया लेकिन चार पुलिया ऐसी बच गई जिनकी चौड़ाई दस फीट से भी कम है। इससे हमेशा हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसी चार पुलिया को फोरलेन करने के लिए 17 करोड़ रुपये के बजट की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद-गुरुग्राम के बीच मैट्रो को मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि शहर की सभी कालोनियों में भी सीवरेज का कार्य जल्द पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शहर की जितनी भी सड़कें खराब हैं अगले दो महीने में वह सभी बनकर पूरी हो जाएंगी।

इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि खेड़ी पुल के चालू होने से जाम की एक बड़ी समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी जो आज पूरी हो रही है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई राजीव भाटिया, नरेश नंबरदार, पार्षद विनोद भाटी, पार्षद छतरपाल, पार्षद सुभाष आहूजा, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, नरेश अग्रवाल, गौरव तंवर, अजीत नंबरदार, सुखबीर मलेरना, जतिन जाखड़, कमल सरोत, श्रीचंद गौतम, वीएस रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फरीदाबाद में हो रहा चंहुमुखी विकास : कृष्णपाल गुर्जर



केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर कार्य का शुभारंभ करते करते हुए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में चहुमुखी विकास करवाया जा रहा है। फरीदाबाद की चारों तरफ से सड़कों की कनेक्टिविटी की जा रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्थानीय सेक्टर-32 के डीएलएफ क्षेत्र में 12करोड़ 18 लाख रुपये की धनराशि की लागत से बनने वाली सड़कें, सीवर, पेयजल सप्लाई और बिजली की व्यवस्था के कार्य के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों और सीवर का कार्य न्यायालय में विचाराधीन था। अब यहां 119 करोड़ रुपये की लागत से उद्योगिक क्षेत्र में में शीघ्र ही सड़कों, पेयजल सप्लाई और बिजली व्यवस्था का प्रबंध किया जाएगा। उद्योग क्षेत्र में फरीदाबाद में लगभग 300 इकाइयां सरकार को राजस्व और लोगों को रोजगार देने का काम कर रहा है। उद्योग विकास की मूल जड़ है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में चहुमुखी विकास हो रहा है। यह काम होता है फरीदाबाद के विकास के लिए विरोधी पार्टियों के लोग भी अपनी दबी जुबान से प्रशंसा कर रहे है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की चारों ओर क्नेक्टिविटी की जा रही है। केजीपी, जेवर एयरपोर्ट, मुम्बई बड़ौदरा एक्सप्रेस कोरीडोर से भी जोड़ा जाएगा। फरीदाबाद के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के पुराने शेर से शाह सुरी मार्ग पर बने और ब्रिज के लिए, के लिए 283 लाख रुपये की धनराशि को मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही इसके नवीनीकरण किया जाएगा।

# फर्जीवाड़ा कर स्कूल को लगाया करोड़ों का चूना

**फरीदाबाद।** फर्जी कागजों के आधार पर निजी स्कूल संचालक के साथ धोखाधड़ी करने पर लेखा अधिकारी, स्कूल शिक्षक एवं बैंक अधिकारी सहित 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी एवं जालसाजी करने का मामला दर्ज किया गया है।

थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल के वाइस चेयरमैन सुनील मान एवं संचालक कपिल बैसला ने बल्लभगढ़ सदर थाना में शिकायत दी कि ऊंचा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार उर्फ बबली, दीक्षा भाटिया, अभिषेक शर्मा जोकि स्कूल में ही लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, ने शिक्षक बेगराज एवं एक्सिस बैंक कर्मचारी सूरज के साथ मिलकर स्कूल के फर्जी मेमोरेन्डम, स्टाम्प, चेयरमैन के नाम से लैटर पैड बनवाकर स्कूल संचालक की अनुमति के बगैर बस फाइनेंस करवा ली। इतना ही नहीं उक्त सभी आरोपियों ने मिलकर स्कूल के बच्चों की फीस भी अपने निजी खातों में ट्रांसफर करवा ली और स्कूल को करोड़ों रुपए का चूना लगा दिया। कोविड महामारी के दौरान 24 मार्च, 2020 से स्कूल बंद था, जिसके चलते उक्त आरोपियों ने मिलकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से अपने निजी खातों में फीस डलवाकर स्कूल के नाम पर धोखाधड़ी करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने धोखाधड़ी एवं बेईमानी की नीयत से स्कूल चेयरमैन श्याम बैसला, जिनकी मृत्यु 13 नवम्बर, 2020 को हो चुकी है के नाम से फर्जी कागजात तैयार करवाए। जिनके आधार पर इन्होंने दो बस जिनका नंबर एचआर 38 पी/3723 जिसका रु. नं. 5 एवं एचआर 38 आर/8831 जिसका रु. नं. 17 डाला हुआ है फाइनेंस करवा ली। स्कूल में लेखा अधिकारी के पद पर काम करने वाले सुरेन्द्र कुमार, दीक्षा भाटिया एवं अभिषेक शर्मा ने स्कूल शिक्षक बेगराज को फर्जी चेयरमैन बनाकर बैंक के सामने प्रस्तुत किया।

## रेडक्रॉस और सैंट जॉन अवार्ड्स से करेंगे सम्मानित

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य की रेडक्रॉस समिति और सैंट जॉन इंडिया की हरियाणा राजभवन के ऑडिटोरियम में 26 अक्टूबर 2021 को आयोजित की जाने वाली 34वीं वार्षिक सामान्य सभा ( एनुअल जनरल मीटिंग) में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन तीन फरीदाबाद को राज्यपाल महोदय द्वारा 2019-20 और 2020-21 सत्र के दौरान रेडक्रॉस के सन्दर्भ में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, डीपीसी आनंद सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद को बधाई देते हुए निरंतर उत्कृष्ट कार्य संपादित करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर एवम सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

# साइकिल रैली से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

## सेक्टर-12 टाउन पार्क से सूरजकुंड तक निकाली गई साइकिल रैली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



साइकिल रैली में भाग लेते अधिकारी

**शरीर** की फिटनेस को बनाए रखने और लोगों का राहगीरी तथा पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश देने के लिए जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव की अगुवाई में आज एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब द्वारा जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में निकाली गई यह साइकिल रैली सैक्टर-12 टाउन पार्क से शुरू हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग, बडखल फ्लाईओवर, अनखीर चौक से होते हुए सूरजकुंड पहुंची।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जहां तक हो सके पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए गाड़ी का कम से कम इस्तेमाल करें और गाड़ी को पुल करके चलें। यदि घर से ऑफिस की दूरी कम है तो साइकल का ही प्रयोग करें।


इस साइकिल रैली में जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगर निगम बल्लभगढ़ जोन के संयुक्त आयुक्त अनिल यादव, डीसीपी/ज्वाइंट कमिश्नर के ओएसडी जितेन्द्र कुमार, एसीपी मानेसर विनोद कुमार सहित फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब से जितेन्द्र चौधरी, नवीन गुप्ता, संजय शर्मा, पवन मिगलानी, जतिन चौहान, अनिल छाबड़ा, राजेश यादव, प्रवीण शर्मा, कविता शर्मा, हरीश बाटला आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सूरजकुंड में उपरोक्त को नगर निगम बल्लभगढ़ जोन के संयुक्त आयुक्त अनिल यादव ने योगा-व्यायाम आदि कराकर सभी क्लब मेंबर्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और उनको स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी।

तत्पश्चात उपरोक्त सभी अधिकारीगण और क्लब मेंबर्स सूरजकुंड से वापिस साइकिल से ही सेक्टर-12 टाउन पार्क पहुंचे जहां रैली का समापन हुआ। इस रैली के माध्यम से अधिकारी वर्ग द्वारा समाज और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, सेनेटाइजेशन, साफ-सफाई रखने, शहर को पोलोथीन मुक्त करने, रोड सेफ्टी तथा शारीरिक रूप से फिट रहने का संदेश दिया गया।


# अवकाश पर एक डॉक्टर के भरोसे सैकड़ों का इलाज

## चार नए केस आने से डेंगू का आंकड़ा पहुंचा 177 पर

कविता। फरीदाबाद



आपातकालीन कक्ष में स्ट्रेचर पर लेटे मरीज की ड्रिप को हाथ में लेकर खड़ी महिला।



आपातकालीन कक्ष में मौजूद चिकित्सक के कक्ष के बाहर इंतजार में मरीज।

**जिले** में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को जिले में चार नए केस सामने आने से डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या 177 पर पहुंच गई है। वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को जिले के बादशाह खान अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में मरीजों की भीड़ देखने को मिली। क्योंकि अस्पताल में वाल्मीकि जयंती का अवकाश था। जिस कारण ओपीडी बंद होने से मरीज अपातकालीन कक्ष में पहुंच रहे थे। लेकिन सैंकड़ों मरीजों की जांच के लिए यहां मात्र एक ही चिकित्सक की ड्यूटी थी। जिस कारण लोगों को घंटो इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। अपातकालीन कक्ष का इतना बुरा हाल था कि यहां स्ट्रेचर पर मरीज भर्ती थे और तीमारदार उनके ड्रिप की बोतलों को लेकर खड़े थे। वहीं एक एक बिस्तर पर दो-दो मरीज नजर आए।

### एक चिकित्सक के भरोसे

**बीके** अस्पताल में वाल्मीकी जयंती होने के कारण अवकाश था। जिस कारण ओपीडी बंद थी। ओपीडी बंद होने से इलाज को यहां सैंकड़ों मरीज पहुंच गए, जो अपातकालीन कक्ष में आने लगे। अपातकालीन कक्ष में एक ही चिकित्सक होने के कारण यहां आए मरीजों को भारी परेशानियां होने लगी। चिकित्सक के कक्ष के अंदर तक लम्बी लाईन लग गई। लाईन में लगे कुछ मरीज फर्श पर बैठे नजर आए, तो कुछ वहां पड़ी कुर्सियों पर बैठे तो कुछ लेटे नजर आए। लोगों का कहना था, कि वह चिकित्सक से इलाज के लिए आधे घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

### गंभीर मरीज का इलाज

**इलाज** के लिए गंभीर रोगी अपातकालीन कक्ष में पहुंच रहे थे। जिस कारण गंभीर रोगियों का इलाज यहां मौजूद चिकित्सक पहले कर रही थी। गंभीर और घायल रोगियों के अलावा यहां बुखार, उल्टी-दस्त, पेट दर्द और इत्यादी के मरीज अपातकालीन कक्ष में इलाज को आ रहे थे। एक ही चिकित्सक के हवाले यहां सैंकड़ों मरीज थे।

# दुर्घटनाओं में कमी लाने को किया जा रहा जागरूक

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस समय-समय पर जागरूक अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। यातायात थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर राजीव ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य है कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने के कारण जो दुर्घटनाएं होती है उन में कमी लाई जा सके। वाहन चालक अगर यातायात नियमों के तहत अपने वाहन चलाएगा इससे ना केवल वह अपनी जिंदगी भी सुरक्षित रखेगा बल्कि सामने वाली की भी जिंदगी को सुरक्षित रखेगा। यातायात पुलिस ने लोगों को संदेश दिया है कि आगे-आगे सर्दियों में रोड पर धुंध की स्थिति बनी रहेगी जिसके कारण दुर्घटना ना हो गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगाएं।

सड़क पर धुंध के कारण आगे के वाहन दिखाई नहीं पड़ते हैं जिनको रिफ्लेक्टर की सहायता से आसानी से देखा जा सकता है और दुर्घटना से बचा जा सकता है। पुलिस उपायुक्त यातायात सुरेश हुडा ने यातायात थाना प्रबन्धक टीआई एवं जेडओं को चालकों को निर्धारित लाईन में चलने के संबंध में तथा गाड़ियों में रिफ्लेक्टर लगवाने के लिए जागरुक करने के निर्देश दिये थे। जिस पर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर राजीवकुमार ने नेशनल हाईवे 44 के चौराहों पर वाहन चालकों को जागरुक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चालको को जागरुक करने के लिए 15-25 अक्टूबर तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान चालको को वाहनों की निर्धारित लाईनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। और लोगों को वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया है। ट्रैफिक थाना फरीदाबाद प्रबंधक ने जागरुकता के दौरान लोगों को समझाया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजयुमो ओल्ड फरीदाबाद मंडल के अध्यक्ष बने गौरव तंवर



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ओल्ड फरीदाबाद मंडल का अध्यक्ष गौरव तंवर को बनाया गया है। गौरव तंवर को यह जिम्मेदारी क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता द्वारा दिलाई गई है। बता दें, गौरव तंवर भाजपा का कर्मठ कार्यकर्ता है और क्षेत्र में समाजसेवी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। तंवर को नरेंद्र गुप्ता का बेहद करीबी भी कहा जाता है। दरअसल, गौरव तंवर क्षेत्र में गरीबों, मजदूरों की हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। बुधवार को विधायक नरेंद्र गुप्ता ने गौरव तंवर को नियुक्ति पत्र सौंपा। तंवर ने अपनी युवा टीम के साथ विधायक का धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर प्रमुख रूप से मनोज मंगला, कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, सतीश बैसला, रस्मे अधाना, नितेश खटाना, रोबिन शर्मा, मोहित नागर, शैंकी नागर, महेश ठाकुर, प्रीतम यादव, रवि नागर, सचिन जाट, मान्या, सौरभ तंवर, सुमित भाटी आदि मौजूद थे।

### सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 22.50 लाख ठगे

**फरीदाबाद।** गांव कौराली के एक व्यक्ति से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर दंपति और उसके बेटे ने 22.50 लाख रुपये ठग लिए। लखपत सिंह ने थाना तिगांव पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 2017 में दिल्ली उत्तम नगर की रहने वाली मंजू भारद्वाज ने उसे बताया कि वह गोशाला का संचालन करती है। इसके लिए उसे भूसा और अनाज की जरूरत पड़ती रहती है। सौदा तय करके उसने मंजू को भूसा देना शुरू कर दिया। 2018 में मंजू ने उससे कहा कि उसका पति विजयपाल केंद्रीय गृह मंत्रालय में कार्यरत है। यदि किसी को नौकरी लगवानी हो तो, वह नौकरी लगवा सकते हैं, लेकिन रुपये देने होंगे। लखपत ने उससे बताया कि उसके तीन भाई हैं, उन्हें नौकरी लगवा दो। उसने बताया कि तीनों के नौकरी लगाने के 22.50 लाख रुपये देने होंगे। लखपत ने 12.50 लाख रुपये मंजू को दे दिए। लखपत ने भूसा बेचने के बदले 10 लाख रुपये पहले से ही मंजू से लेने थे। लखपत के अनुसार तब से लेकर अब तक न तो उन्होंने उसके भाईयों को नौकरी पर लगवाया है और न ही रुपये लौटाए हैं। अदालत ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### जिले में 11494 लोगों को लगा टीका

**फरीदाबाद।** जिले में 11494 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में प्रथम डोज 2072 को और सैकेंड डोज 6737 लोगों को लगी। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 644 और द्वितीय डोज 1755 लोगों को लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 15 को और द्वितीय डोज 74 लोगों को लगाई गई। वहीं निजी अस्पताल में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 36 को और सैकेंड डोज 140 लोगों को लगी। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 4 को और सैकेंड डोज 10 लोगों को लगी। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज एक को और छह लोगों को सैकेंड डोज लगाई गई। वहीं जिले में कोरोना के दो नए मामले आने से कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 10 पर पहुंच गया है।

### विजय यादव क्रिकेट अकादमी ने सात विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठां ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने आराध्या क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। आराध्या क्रिकेट अकादमी टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 168 रन बनाए। मनन ने 48 रन, यशदीप ने 24 रन, शौर्य और करण 22-22 रन बनाए। साहिल ने 13 रन बनाए। अंकित ने 3 विकेट ली। आर्यन ने 2 विकेट, सचिन ने 1 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने 29.2 ओवर में 3 विकेट में 172 रन बनाकर जीत हासिल की। अलोक यादव ने 84 रन, अखिल ने 38 रन, सिमुख ने 21 रन, विशेष ने 20 रन बनाए। लोकेश ने दो विकेट, करण ने एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने अलोक यादव को दिया गया।

### विहिप और बजरंग दल ने बांग्लादेश का पुतला फूंका

**फरीदाबाद।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बीके चौक पर फरीदाबाद के विभाग अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल के नेतृत्व में बांग्लादेश का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फरीदाबाद विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया ने कहा कि अकेले दुर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों में हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। हिंदुओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल अपवित्र कर तहस-नहस कर दिए। चाहे नोआखली का इस्कॉन मंदिर हो या ढाका का ढाकेश्वरी मंदिर, बंदरबन का लामा हरी मंदिर हो या चांदपुर का श्रीराम कृष्ण मिशन आश्रम, चौमुहानी का रामठाकुर आश्रम हो या चौक बाजार का करुणामई काली मंदिर और या फिर कुउरीग्राम के सात अन्य मंदिर। ये सूची बड़ी लंबी है। कितने ही घरों, दुकानों व धर्मस्थलों में हिंसा आगजनी व लूटपाट का नंगा नाच हुआ, कुछ कहा नहीं जा सकता। 10-12 हिन्दू अपनी जान गंवा चुके। देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ दीं। हिंदुओं को मारा-पीटा गया। ललित गोसाईं, गुलशन सिंगल, राज कुमार मदान, महिपाल सोलंकी, जय सिंह नेगी, आशा भाटिया, जीत वशिष्ठ, पंकज जैन, मुनि राज भाम्बरी, अमित भारद्वाज, नरेश फौजी, गोपाल गुप्ता, दीपक शर्मा, विकास वर्मा, कपिल सिंह, संदीप पहलवान, जितेन्द्र, विशाल, ललित भड़ाना और पीयूष शर्मा आदि मौजूद थे।

### महाराष्ट्र मित्र मंडल ने मनाई कोजागरी पूर्णिमा



कोजागरी पूर्णिमा पर पूजा करती महिलाएं

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद द्वारा 19 अक्टूबर को गांधी कॉलोनी स्थित श्री गणेश पार्क में कोजागिरी का कार्यक्रम आयोजित किया। मंडल के यशवंत पांचाल ने शरद पूर्णिमा के कार्यक्रम का महत्व बताते हुए कहा की शरद पूर्णिमा, जिसे कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा भी कहते हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार आश्विन मास की पूर्णिमा को कहते हैं। ज्योतिष के अनुसार, पूरे साल में केवल इसी दिन चन्द्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। हिन्दू धर्म में इस दिन कोजागर व्रत माना गया है। इसी को कौमुदी व्रत भी कहते हैं। इसी दिन श्री कृष्ण ने महारास रचाया था। मान्यता है, इस रात्रि को चन्द्रमा की किरणों से अमृत झड़ता है। तभी इस दिन उत्तर भारत में खीर बनाकर रात भर चाँदनी में रखने का विधान है। इसलिए मंडल द्वारा दूध एवं मुरमुरे की भेल को मंडल के अन्य सदस्यों में वृतरित किया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल, यशवंत पांचाल, लक्ष्मण पांचाल, भावना, वंदना, विनय, ललित, तेजस, शेखर, किरण, रविंद्र, सचिन उत्वांर, कर्ण शर्मा एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक महोत्सव में प्रतियोगिता के साथ दिल भी जीतें

**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को 21, 22 अक्टूबर को करनाल में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव के लिए प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत, भारत विकास परिषद माधव शाखा के अध्यक्ष लोकेश गर्ग, मंत्री नरेंद्र गुप्ता व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य गुरमीत सिंह देयोल, वरिष्ठ प्राध्यापक देशराज द्वारा प्रतियोगिता जीतने के लिए छात्र-छात्राओं को मिश्री खिलाकर विदा किया गया। प्रधानाचार्य सौरोत ने समूह नृत्य में प्रांत स्तर पर भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता जीतने के साथ ही सभी निर्णायक मंडल, आयोजक व दर्शकों का दिल जीतने की भी शुभकामनाएं दी। भारत विकास परिषद माधव शाखा के मंत्री नरेंद्र कुमार ने विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। विद्यालय के सांस्कृतिक कलब की सचिव रचना शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले प्रतियोगियों को प्रांत स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

## बंटवारे की ज्यादतियों को कभी भुला नहीं पाएंगे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### बंटवारे का दर्ज साझा करते हुए जोधाराम राजपाल ने कहा कि आज टूटते रिश्ते भी चिंता का विषय

**जोधाराम** राजपाल की भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय उम्र 15 साल थी। सब कुछ वे समझते थे, जानते थे। इसलिए बंटवारे के समय हुई ज्यादतियां उन्हें आज भी हूबहू स्मरण हैं। बंटवारे से पहले ना कोई चिंता ना कोई डर था। बंटवारे में सब कुछ खो गया। वे आज के दौर में रिश्तों में आ रही दरारों से चिंतित हैं।

जोधाराम राजपाल कहते हैं कि पाकिस्तान में उनकी 50 बीघे जमीन थी, जिसके बदले भारत में उन्हें 5 बीघा जमीन मिली। वे कहते हैं कि उस समय पाकिस्तान में पूरा परिवार बहुत अच्छी तरह से जीवन यापन उस समय कर रहा था। बंटवारे के बाद जब भारत अलग देश बना तो पाकिस्तान में गुलामों जैसा व्यवहार होने लगा। वहां गुलामी की जंजीरों से छूटकर सब स्वतंत्र भारत के नागरिक बने। आजादी की हवा में सांस लेने के लिए पूर्वजों ने जो कुर्बानियां दी,


जोधाराम राजपाल।

आज उनकी कुर्बानियों के दम पर ही सब जीवन को सुकून से जी रहे हैं। भारत आकर सभी ने पुरुषार्थ किया। जिस समय में वे यहां पर मेहनत-मजदूरी कर रहे थे। उस समय अपने साथ के लोगों को म्यूनिसिपल कमेटी की नालियां तक साफ करते देखा है, ताकि वे परिवार का पेट भर सकें।

### हमारे में समाज में नाम के रह गए हैं रिश्ते

**जोधाराम** भारत आकर बहुत अच्छी जिंदगी जी रहे हैं, लेकिन उन्हें दुख है कि हमारे समाज में आज रिश्ते नाम के रह गये हैं। रिश्तों में जो जज्बात होते थे, वे कहीं गुम से हो गये हैं। हमें इस पर सोचना होगा। हमें अच्छे समाज की रचना के लिए अपने घर से शुरुआत करनी होगी। घर-परिवार को एक करके रखना होगा।

लोगों ने इस हद तक श्रम करके जीवन यापन किया, लेकिन कभी मुफ्तखोरी का खाना पसंद नहीं किया। अपना चरित्र निर्माण किये रखा। उस समय कुछ स्वार्थी लोग भी देखे।

उस समय का स्मरण करते हुए जोधाराम कहते हैं कि अल्लाह बख्श नाम का फकीर थे। वे उनके पिताजी के बहुत करीब थे। उनका ठिकाना पहाड़ी के रास्ते पर था। जो मुसाफिर वहां से गुजरते थे, वहां पर आकर रुकते थे। करीब 50 लोगों का खाना रोज उनके घर बनता था। जिस दिन उनके घर कोई खाना नहीं खाता था, वे समझते थे कि आज खुदा की रहमत नहीं हुई। ऐसे महान लोगों को उनका शत-शत नमन है।

## मृतक ऑटो चालक की हुई पहचान

**सोहना।** ऑटो से गिरकर मौत हुई 19 वर्षीय अज्ञात चालक के शव की पहचान कर ली गई है। युवक का शव बल्लभगढ़ मार्ग पर गांव सरमथला के पास सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला था। पुलिस ने ऑटो के नंबर से मृतक की पहचान की फरीदाबाद के गांव भतोला निवासी विजय पुत्र हरपाल उम्र 19 के रूप में की है। सोहना आने पर मृतक के पिता हरपाल ने अपने बेटे के रूप में शव की पुष्टी की। हरपाल ने बताया कि विजय शराब पीने का आदी था। एएसआई सत्यवान ने बताया कि मृतक का ऑटो पानी भरे गडढे में घुस गया था। जिसे निकालने के लिए विजय ऑटो से नीचे उतारने का प्रयास कर रहा था। उस दौरान वह शराब के नशे में होने के कारण पानी में गिर गया।

## संक्षिप्त-समाचार

### सड़क किनारे चाय पी रहे फूफा-भतीजे को कार ने कुचला

**सोहना।** गुरुग्राम मार्ग पर धुनेला के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चाय पी रहे फूफा-भतीजे को कुचला। फूफा की मौके पर ही मौत हो गई और भतीजे ने गुरुग्राम जाते समय रास्ते में दमतोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। मंगलवार शाम पांच बजे मूलरूप से मध्यप्रदेश के जिला दमोह निवासी सोनू उर्फ तुल्ला (35) व उसका भतीजा चतुर सिंह (30) गुरुग्राम मार्ग पर गांव धुनेला में सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल के साथ खड़े होकर चाय पी रहे थे। उसी समय गुरुग्राम की तरफ से तेज रफ्तार से आई कार ने ग्रिल तोड़ते हुए चतुर सिंह और सोनू को कुचल दिया। हादसे में सोनू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और चतुर सिंह ने गुरुग्राम जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सोनू के पिता बाली ने बताया कि उसका बेटा चतुर सिंह के साथ मंगलवार सुबह मध्यप्रदेश से गांव धुनेला में पहुंचा था। सोनू उसका अकेला बेटा था और दो बेटिया हैं। बेटियों की शादी हो गई। परिवार को खर्चा सोनू ही चला रहा था। जिसके तीन बच्चे और पत्नी पीछे रह गई है। चतुर सिंह के दो बच्चे और पत्नी पीछे रह गई।

### एमवीएन विवि में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन



**पलवल।** बुधवार को एमवीएन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस के नवप्रवेशित छात्रों के लिए कंप्यूटर साइंस में विशेषज्ञयता और उनमें कैरियर की संभावनाओं पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के समापन पर विवि के कुलपति डॉ. जेवी देसाई ने देश के विकास में कंप्यूटर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर विज्ञान की सर्वव्यापी प्रकृति ने इसे रोजगार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कौशल बना दिया है और कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा भारत के युवाओं को सर्वश्रेष्ठ भविष्य के निर्माण का अवसर प्रदान करने में काफी मदद करेगी। विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने कहा कि आज कंप्यूटर जगत में जो क्रांति आयी है, वह अभूतपूर्व है। विवि के डीन एकेडमिक्स डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा कि आज देश जिस मुकाम पर है, वह कंप्यूटर की देन है। अगर हमें आगे बढ़ना है तो कंप्यूटर की विद्याओं में विषज्ञता हासिल करनी होगी। विदेशी विशेषज्ञ विपुल जारो (ऑस्ट्रेलिया), अतुल राणा (नीदरलैण्ड) और अनीश तलवार (कनाडा) ने ऑनलाइन माध्यम से छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के अंतिम सत्र में आरती नारंग, गुड़वत्ता टीम लीड के द्वारा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग की असीमित रोजगार संभावनाओं के विषय में छात्रों का मार्गदर्शन किया। विभागाध्यक्ष बबीता यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया। डॉ. आलोक श्रीवास्तव, हरेंदर सिंह, चारु शर्मा और सुधा रानी आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

### वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित


वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते अध्यापाक।

**होडल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य जीतपाल सिंह, हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन के प्रांतीय उपप्रधान भगवान सिंह सौरोत, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता रविदत्त जोशी, जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत, महासचिव हंसराज रावत ने विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जीतपाल सिंह ने और मंच संचालन हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन के जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत ने किया। एसोसिएशन के प्रांतीय उपप्रधान भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर आध्यात्मिक ग्रंथ रामायण की रचना करके समाज को सही दिशा दिखाने का श्रेष्ठ कार्य किया। आज भी रामायण की घर-घर में पूजा की जाती है और रामायण के पात्रों से भारतवर्ष का जनमानस प्रेरणा लेता है। कार्यक्रम में भगत सिंह धनखड़, बीरेंद्र कुमार शर्मा, समय सिंह, श्यामलाल, सुदेश जोशी, अतर सिंह धनखड़, भूपेंद्र सिंह रावत, छत्तरपाल आदि ने महर्षि बाल्मीकि के जीवन-चरित्र प्रकाश डाला।

### दो सगे भाइयों से हथियारबंद बदमाशों ने 1.80 लाख रुपये लूटे

**गुरुग्राम।** सर्विस सेंटर से स्कॉर्पियो गाड़ी लेने गए सगे भाइयों को हथियारबंद बदमाशों ने बीच रास्ते रोककर बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने उनसे हथियार के बल पर 1.80 लाख रुपये व मोबाइल भी लूट लिया। इसे पहले कि लोग मौके पर पहुंचते, आरोपी मौके से फरार हो गए। लोगों ने घायल भाइयों को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया। बादशाहपुर थाना पुलिस ने बुधवार को शिकायत के आधार पर केस दर्जकर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, तावडू निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उनकी स्कॉर्पियो में दिक्कत आने के कारण उसे नरसिंहपुर स्थित सर्विस सेंटर में ठीक करने के लिए दी हुई है। मंगलवार को नरेश अपने भाई राजेश के साथ ब्रेजा गाड़ी से नरसिंहपुर गए थे। सर्विस सेंअर जाने पर पता लगा कि स्कॉर्पियो अभी ठीक नहीं हुई है। इस पर वह वापस आने लगे। आरोप है कि जब वह सर्विस सेंटर के पिछली तरफ सर्विस रोड पर पहुंचे तो एक स्कॉर्पियो उनकी ब्रेजा गाड़ी के आगे रुकी। दूसरी स्कॉर्पियो ने उनकी गाड़ी के पीछे लगा कर उन्हें रोक दिया। दोनों स्कॉर्पियो में से करीब आठ बदमाश उतरे। उन्होंने दोनों भाइयों की कनपटी पर रिवॉल्वर लगा दी। बदमाशों ने उन्हें गाड़ी से नीचे उतारा और डंडों व रॉड से बुरी तरह से पीटा। इस पर वह बचने के लिए शोर मचा कर भागे। आरोप है कि लोगों के एकत्र होते ही बदमाश मौके से फरार हो गए। इसके बाद उनकी गाड़ी में रखे 1.80 लाख रुपये व मोबाइल गायब मिले। लोगों ने उन्हें घायल अवस्था में मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया।

## चीनी दूतावास पर भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने किया प्रदर्शन

### तिब्बत की आजादी, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति व भारत की सुरक्षा को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**तिब्बत** की आजादी, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और भारत की सुरक्षा। इन तीनों विषयों को लेकर बुधवार को भारत-तिब्बत सहयोग मंच के बैनर तले दिल्ली में लोग गरजे। चीनी दूतावास पर विशाल विरोध प्रदर्शन करने की योजना था, लेकिन पुलिस ने वहां से पहुंचने से पहले ही रोक दिया। बीच सड़क पर मंच के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

चीन द्वारा भारत पर 20 अक्टूबर 1962 को किये गये आक्रमण की 59वीं बरसी पर चीनी दूतावास पर विशाल विरोध प्रदर्शन में बुधवार को भारत-तिब्बत सहयोग मंच के बैनर तले पहुंचे लोगों ने चीन के विरोध में नारे लगा। हाइफा चौक (तीन मूर्ति दिल्ली) से चीनी दूतावास तक पैदल मार्च होना था, लेकिन पुलिस ने मार्च




भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान सभी कार्यकर्ता बीच सड़क पर बैठ गये और अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल ने किया।

अपने संबोधन में पंकज गोयल ने कहा कि 1906-7 ई0 में तिब्बत पर चीन ने अपना अधिकार बनाया और याटुंग ग्याड्से एवं गरटोक में अपनी चौकियां स्थापित की। 1912 ई0 में चीन से मांछु शासन अंत होने के साथ तिब्बत ने अपने को पुन: स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। सन् 1913-14 में चीन, भारत एवं तिब्बत के प्रतिनिधियों की बैठक शिमला में हुई, जिसमें इस विशाल पठारी राज्य को भी दो भागों में विभाजित कर दिया गया। सन् 1933 ई0 में 13वें दलाई लामा की मृत्यु के बाद से बाह्य तिब्बत भी धीरे-धीरे चीन द्वारा घेरा जाने लगा। 1951 की संधि के अनुसार यह साम्यवादी चीन के प्रशासन में एक स्वतंत्र राज्य घोषित कर दिया गया। इसी समय से भूमि सुधार कानून एवं दलाई लामा के अधिकारों में हस्तक्षेप एवं कटौती होने के कारण असंतोष की आग सुलगने लगी। बल प्रयोग द्वारा चीन ने इसे दबा दिया। अत्याचारों, हत्याओं आदि से किसी प्रकार बचकर दलाई लामा नेपाल पहुंच सके। अभी वे भारत में रहकर चीन से तिब्बत को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। पंकज गोयल ने कहा कि भारत तिब्बत मंच भी यही आवाज पुरजोर तरीके से उठा रहा है कि तिब्बत को आजाद किया जाए, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति की जाए। साथ ही भारत की सुरक्षा और अधिक मजबूत हो।

इस अवसर पर भारत तिब्बत मंच के हरियाणा प्रांत संयोजक अमित गोयल ने कहा कि जब तक मंच इन तीनों मांगों को पूरा कराने में कामयाब नहीं हो जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मांग भारतीयों का हक है। यह हक भारतीय लेकर रहेंगे। इस अवसर पर गयरी डोलमा मंत्री निर्वासित तिब्बत सरकार, याशी फॉन्कचौक पूर्व मंत्री निर्वासित तिब्बत सरकार, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष अजय भारद्वाज, महिला प्रांत मंत्री कुसुम गोला, सूरजभान पांडेय, मनोज श्रीवास्त समेत काफी संख्या में मंच के सदस्य मौजूद रहे।

## घाटी से 30 फुट गहराई में आबादी क्षेत्र में गिरा डंपर


शुक्रवार सुबह छह बजे सोहना घाटी के आबादी क्षेत्र में गिरा क्रेसर से भरा हाइवा डंपर।

### दो मकानों में रह रहे दर्जनभर लोग बाल-बाल बचे

**सोहना।** घाटी से उतरा रहा 22 टायरा हाइवा डंपर तीन फुट की दीवार तोड़ता हुआ 30 फुट गहराई में आबादी क्षेत्र में जाकर गिरा। हाइवा की चपेट में आने से दो परिवार के दर्जनभर सदस्य बाल-बाल बच गए। चालक क्लीनर मौके से फरार हैं।

बुधवार सुबह करीब छह बजे डस्ट से भरा 22 टायरा हाइवा डंपर तावडू से सोहना आ रहा था। घाटी में उतरते समय देवीलाल मोड़ से मात्र सौ मीटर दूर चलकर हाइवा डंपर सड़क किनारे लगी तीन फुट चौड़ी पक्की दीवार कूदकर करीब 50 फुट दूर बने दो मकानों के पास जाकर गिरा। एक मकान की करीब चार फुट ऊंची दीवार की ईंट निकल दूसरी तरफ सौ रहे रॉकी नामक युवक के पैरों पर जाकर गिरी। डंपर का कैबिन जयपाल की झोपड़ी तोड़ते हुआ घुस गया। झोपड़ी के पास खड़ी बाइक नीचे दबने से क्षतिग्रस्त हो गई। झोपड़ी में सौ रही 35 वर्षीय सुनीता ने बताया कि वह एक मिनट पहले ही झेपड़ी से निकलकर बाहर गई थी। चन्द्रपुरी पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि जिस समय डंपर घाटी से कूदा है। उस समय वह अपने मकान की छत पर योगासन कर रहा था। डंपर को घाटी के साथ खड़े दो देशी कीकर के पेड़ों ने रोक लिया। यदि पेड़ न होते तो हाइवा डंपर तीन से चार मकानों को अपने चपेट में ले लेता। जिससे कई लोगों की जान जा सकती थी। उन्होंने बताया कि हाइवा डंपर चालक को नींद का झटका आया है। जिससे अचानक डंपर नीचे की तरफ कूद गया। चालक-क्लीनर शराब के नशे में थे। रॉकी शर्मा ने बताया कि डंपर चालक व क्लीनर को क्षतिग्रस्त कैबिन से आस पास के लोगों ने बाहर निकाला। अज्ञात चालक व क्लीनर शराब के नशे में थे। जो बाद में मौके का फायदा उठाकर भाग गए। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई।

## वॉव स्किन साइंस ने शुरू किया दीवाली कैंपेन सखिल के मनाओ दीवाली विद वॉव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पर्सनल** केयर सेग्मेंट के अग्रणी ब्रांड वॉव स्किन साइंस ने नया कैंपेन 'सखिल के मनाओ दीवाली विद वॉव' लॉन्च किया है। उपभोक्ताओं को इस त्योहारी सीजन में सुकून से हर पर को जीने और अपना ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में यह ब्रांड का अनूठा प्रयास है। दीवाली के उत्साह के बीच वॉव स्किन साइंस ने सबसे अपील की है कि अपने अंदर की खूबसूरती को कम न होने दें। यह कैंपेन स्वयं को प्राथमिकता देने और वॉव स्किन साइंस उबटन रेंज के साथ सेल्फ केयर सेशन की चर्चा करता है।

'मेरा वक्त' (मी टाइम) की धारणा के साथ और अपनी देखभाल के महत्व को लेकर संदेश फैलाने के लिए वॉव स्किन साइंस की उबटन रेंज एक आदर्श पिक-मी-अप है जो अंदरूनी खूबसूरती को निखारता है और यह निखार आपको बाहरी




चमक भी देती है। वॉव स्किन साइंस के को-सीईओ मनीष चौधरी ने इस कैंपेन को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'यह दीवाली खास होगी। पिछले साल के खराब अनुभव से बाहर निकलकर अपनों के साथ खुशियां बांटने का वक्त है। इस फिल्म के जरिये हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति कुछ पल ठहरे और अपने लिए कुछ समय निकाले। इस कैंपेन में इस संदेश को बहुत खूबसूरती से पिरोया गया है। आनंद के साथ मनाए जाने वाले त्योहारों में वॉव स्किन साइंस उबटन रेंज के साथ खुद को निखारना बेहतर कदम है।'फिल्म का लिंक - https://www.youtube.com/watch?v=jo_zvOZax|Y

## महाकाव्यों से भावी पीढ़ियों को अवगत कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### एनसीआर मीडिया क्लब गुड़गांव की ओर से वाल्मीकि जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में एडीसी ने कही यह बात

**अतिरिक्त** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रामायण जैसे महाकाव्यों से हमें अपनी पीढ़ियों को अवगत कराना चाहिए। उसका ज्ञान देना चाहिए। शिक्षा सिर्फ जीवन में कामयाबी की ही ना हो, बल्कि संस्कारों की भी हो। हमारे पवित्र काव्यों, ग्रंथों से हम बच्चों में संस्कारों का समावेश कर सकते हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां बसई गांव स्थित ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एनसीआर मीडिया क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही।

इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ में एनसीआर मीडिया क्लब गुड़गांव के अध्यक्ष अमित नेहरा, कोषाध्यक्ष राज वर्मा, वरिष्ठ सदस्य संजय कुमार मेहरा, दीपक शर्मा, संज राठौर और प्रीतम व इंद्रजीत आदि ने अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का बुके देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में अतिरिक्त उपायुक्त ने आगे कहा कि वर्तमान समय में हमें अपने बच्चों, युवा पीढ़ी को धार्मिकता से जोड़कर उन्हें इसकी महत्ता बतानी है। उन्होंने एनसीआर मीडिया क्लब को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने गुरुग्राम की समस्यों के समाधान पर कहा कि वे रोज सुबह स्थानीय समाचार पत्रों को पढ़ते हैं।


गुरुग्राम में बुधवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीसी विश्राम कुमार मीणा को स्मृति चिन्ह देते एनसीआर मीडिया क्लब के सदस्य व उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थी।

उनमें देखते हैं कि किस क्षेत्र में किस तरह की समस्या के समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। उन्हीं को वे अपने एजेंडे में शामिल करके उन समस्याओं के निराकरण पर काम करते हैं। बसई एंक्लेव में आयोजन स्थल के सामने सड़क पर भरे पानी को लेकर भी उन्होंने संज्ञान लेने की बात कही। उन्होंने जल्द ही इस पानी की निकासी का आश्वासन दिया। एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में कुल 24 हजार श्लोक लिखे और इसमें कुल 4 लाख 80 हजार दो शब्द हैं। उन्होंने कहा कि रामायण ग्रीक महाकाव्य इलियड से चार गुना बड़ा महाकाव्य है। श्री नेहरा ने कहा कि एनसीआर मीडिया क्लब पिछले छह साल से पत्रकारों समेत समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर क्लब के ट्रेजरर राज वर्मा ने कहा कि रामायण हमें आदर्श जीवन जीने की सीख देती है।

## सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती आवाजाही के बीच ग्लोबल सेफ्टी ब्रांड करम सेफ्टी ने लोगों से की सतर्कता की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में गतिविधियों में छूट के साथ ही अब लोगों ने बाहर आवाजाही शुरू कर दी है। कई महीने घरों में रहने के बाद यह स्वाभाविक है कि लोग अपने दोस्तों और परिजनों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। बच्चों और युवाओं में यह उत्साह और भी ज्यादा है।

महामारी के कारण बने उदासी के माहौल के बीच स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का खुलना बच्चों और अभिभावकों के लिए किसी राहत की तरह है। इस समय लोगों के लिए उत्साहित होना सामान्य है, लेकिन यह भी समझना जरूरी है कि हम अभी महामारी से लड़ रहे हैं। कई बार इस तरह की बातें सामने आई हैं कि तीसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा घातक हो सकती है। त्योहारी सीजन में बच्चों को किसी भी मुश्किल से बचाना बहुत जरूरी है। बच्चे स्कूल, प्लेस्कूल या ट्यूशन जहां भी जा रहे हों, कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। ग्लोबल सेफ्टी ब्रांड करम सेफ्टी के को-फाउंडर एवं प्रेसिडेंट हेमंत सपरा ने सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती आवाजाही के बीच लोगों से की सतर्कता की अपील की है। करम सेफ्टी प्रा लि की रिसर्च एवं डेवलेपमेंट टीम द्वारा तैयार इस लेख के



माध्यम से उन्होंने सतर्कता के लिए बताया कि सबसे पहली सतर्कता है सैनिटाइजर। बाहर निकलते समय हैंड सैनिटाइजर सबसे बड़ा कवच होते हैं। अलग-अलग जरूरत के हिसाब से छोटे-बड़े हर आकार में हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध हैं। बच्चों के बैग में या उनकी जेब में सैनिटाइजर जरूर रखें। बच्चों को समझाएं कि जब भी किसी ऐसी सतह को छुएं, जिसे कई लोग छूते हैं, तो हाथों को सैनिटाइज करें। बच्चों के हाथों में रूखापन न आए, इसके लिए उन्हें मॉइश्चराइजिंग हैंड सैनिटाइजर देना अच्छा विकल्प है। इसी तरह फेस मास्क भी महामारी से बचाने में बहुत अहम साबित हुआ है। यह सिर्फ आपको ही नहीं, आसपास के लोगों को भी कोरोना व अन्य सामान्य संक्रमण से बचाता है। बच्चों की जरूरत को समझते हुए बेहतर और आईएसआई सर्टिफाइड मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। इसमें 'करम' का ब्लैक प्लस डेकर किड्स मास्क सही चुनाव हो सकता है।

हेमंत सपरा ने बताया, हाथों को साफ रखना भी वायरस के संक्रमण से बचाने में कारगर है। हम सब जानते हैं कि हाथों से हम कई तरह के संक्रमण का शिकार हो सकते हैं। इसलिए बच्चों में यह आदत डालें कि वे समय-समय पर हाथ धोते रहें। इसी तरह सर्फेस डिसइंफेक्टेंट भी महामारी से इस जंग में बचाव का बहुत बड़ा हथियार हैं। ये कई अन्य वायरस व बैक्टीरिया के संक्रमण से भी बचाने में मददगार होते हैं। जरूरी है कि घर में अच्छे सर्फेस डिसइंफेक्टेंट का प्रयोग किया जाए। इन सब सावधानियों के अलावा घर का माहौल साफ-सुथरा रखना भी बहुत जरूरी है। घर के गीले हिस्सों में जर्म और बैक्टीरिया की आशंका ज्यादा रहती है। कोशिश करें कि सभी जगहों को यथासंभव सूखा रखें। साथ ही हफ्ते में कम से दो बार अच्छे स्क्रब से सब साफ करें। बच्चों के कपड़ों की सफाई का खास ध्यान रखें। साथ ही रोजाना वाले कपड़ों को अन्य कपड़ों से अलग रखें। इस तरह की सावधानियों को अपनाकर हम अपनों को सुरक्षित रखते हुए महामारी से यह जंग जीत सकते हैं।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नये छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के प्रांगण में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कोर्स के नए सत्र के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में खासा उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। कार्यक्रम का प्रारंभ एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि हम हमेशा प्रयास करेंगे कि विद्यार्थी यहां पढ़कर एक अच्छा मुकाम हासिल करें। संस्थान का प्रयास हमेशा विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें, भीड़ का हिस्सा नहीं बनें व समय का सदुपयोग करें। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके अधयापकों, संस्थान के नियमों व उनके पढ़े जाने वाले विषयों के बारे में अवगत कराना था। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ आरआर पांडेय ने छात्र-छात्राओं से कहा कि कॉलेज एक परिवार के समान है, जिसमें



छात्र-छात्राएं अलग-अलग परिवेश से आकर इसके सदस्य बन जाते हैं।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासन, सहनशीलता, प्रेम और सहिष्णुता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान मोटिवेशनल स्पीकर व प्राचार्य एजुकेशन डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को सपने जरूर देखने चाहिए और उन सपनों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए जी जान से जुट जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि अनुशासन, समय का पालन शिक्षकों का सम्मान आदि का विद्यार्थी विशेष रूप से ध्यान रखें। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यार्थियों के सतत विकास के लिए तत्पर रहने का आग्रह किया। संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, अध्यापक, कार्यरत कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एमडीआई गुड़गांव ने देश भर में एडवांस्ड एक्जीक्यूटिव-लेवल के बिजनेस कोर्स लॉन्च करने के लिए ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन को चुना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मैनेजमेंट और लीडरशिप विकास के ऑनलाइन शिक्षण कार्यक्रम अब हर कहीं पेशेवरों के लिए उपलब्ध

**भारत** के अग्रणी बिज़नेस स्कूल, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट गुड़गांव ने कामकाजी एक्जीक्यूटिव्स के लिए अपने ऑनलाइन विकास कार्यक्रम लॉन्च करने के उद्देश्य से इंटरेक्टिव ऑनसाइट लर्निंग के क्षेत्र की अगुआ कंपनी, ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन को चुना है। नए कोर्स, जो एमडीआई गुड़गांव के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों द्वारा पढ़ाए जाएंगे, अब ह्यूजेस इंटरेक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं; ये कोर्स एक बेजोड़ लर्निंग अनुभव प्रदान करते हैं जिसमें भारत भर के पेशेवरों के लिए ऑनलाइन क्लासेज़ के साथ-साथ फैकल्टी से लाइव इंटरेक्शन भी मौजूद है। पेश किए जा रहे कोर्सेज़ में, प्रतिभागियों को वैश्विक नज़रिया और संस्कृति की दृष्टि से विविधतापूर्ण टीम्स के बारे में गहरी जानकारी देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मग्नताएं (इंटरनेशनल इमर्ज़न) शामिल हैं।

पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए, एमडीआई गुड़गांव के डायरेक्टर प्रोफ़ेसर (डॉ.) राजेश चक्रवर्ती ने कहा, हम ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के साथ पार्टनरशिप में मैनेजमेंट की विभिन्न स्ट्रीम्स में ऑनलाइन एक्जीक्यूटिव शिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा करते हुए बेहद उत्साह महसूस कर रहे हैं। पेशेवर और व्यक्तिगत, दोनों तरह के विकास को संभव बनाने वाले इन हाल में विकसित कोर्सेज़ की मदद से विद्यार्थी विषय का ज्ञान और लीडरशिप का कौशल हासिल कर सकते हैं। यह पार्टनरशिप युवा पेशेवरों के लिए रोज़गार की संभावनाओं को विस्तार देगी और उन्हें एक प्रगतिशील कार्यबल के भावी विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर, पार्थो बनर्जी ने कहा, एमडीआई गुड़गांव और ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के बीच का यह आपसी सहयोग एक और मील का पत्थर है जो देश भर के पेशेवरों के लिए विश्वस्तरीय एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम लाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है। ऑनलाइन एक्जीक्यूटिव एजुकेशन सेगमेंट के अगुआ होने के नाते हम एक्जीक्यूटिव्स की करियर वृद्धि में प्रीमियम कोर्सेज़ के लर्निंग परिणामों और उनकी प्रासंगिकता के महत्व को समझते हैं। यही कारण है कि ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन ने ध्यानपूर्वक सोचविचार के बाद ऐसे प्रीमियम सिंक्रोनस कोर्सेज़ पेश करने का निर्णय लिया है जो प्रतिभागियों की पेशेवर यात्राओं में वास्तव में प्रभाव पैदा कर सकते हैं।

एमडीआई गुड़गांव का ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के साथ पार्टनरशिप करने का निर्णय हमारी ई-लर्निंग सफलता का और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में हाई-क्वालिटी लर्निंग अवसर की सुलभता बढ़ाने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। एमडीआई गुड़गांव और ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के बीच के इस आपसी सहयोग में पेशेवरों का उनके करियर की शुरुआती अवस्था में विकास करने के लिए एक यंग लीडर्स प्रोग्राम, और अनुभवी पेशेवरों को लीडरशिप भूमिकाओं के लिए उनकी क्षमताएं बढ़ाने में मदद के लिए एक सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम शामिल है। साथ ही, करीकुलम में ऑपरेशन्स एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, बिज़नेस फ़ाइनेंस और डेटा साइंसेज़ के एडवांस प्रोग्राम भी हैं।

# नगीना गांव की गलियां बनीं तालाब, डेंगू के डंक का मडरा रहा खतरा

## ग्रामीण घरों के सामने भरे गंदे पानी में से होकर निकलने को हैं मजबूर

रिजवान कासिम। मेवात

**अल** आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा से महज दो किलोमीटर की दूरी स्थित जिले के नगीना गांव में बरसात के बाद गांव की गलियां तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। घरों का गंदा पानी लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। गांव के लोग घरों के सामने भरे इस पानी में से होकर निकलने को मजबूर हैं।

अब तो उन्हें डेंगू के डंक का खतरा भी सताने लगा है। लेकिन हैरत इस बात की है कि स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों कि इस पर नजर नहीं है। रही सही बाकी कसर ग्राम पंचायत की लापरवाही पूरा कर रही है। जल्द ही इन गलियों में भरे हुए पानी को नहीं निकाला गया तो डेंगू इस गांव के अलावा आसपास के इलाके में काफी नुकसान कर सकता है। आपको बता दें कि जिले का सामान्य अस्पताल मांडी खेड़ा गांव में है। अस्पताल से कुछ दूरी पर नगीना गांव का वार्ड नंबर-2 है। वार्ड नंबर-2 में रहने वाले लोगों को जिस रास्ते से गुजरना पड़ता है, उस रास्ते में आजकल तालाब की तरह पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले गांव की नालियों व गलियों का पानी रामलीला मैदान में जाता था और वहीं पर समा जाता था। इस बार रामलीला मैदान में मिट्टी का भरत कर दिया गया, जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। बरसात व घरों से बहने वाला पानी रास्ते में आकर जमा हो रहा है। नगीना गांव के दर्जनों घरों में रहने वाले लोग अपने घरों में जाने के लिए इसी रास्ते से गुजरने को मजबूर हो रहे हैं। इन दिनों डेंगू का डंक लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। अब ग्रामीणों को डर सता रहा है कि अगर डेंगू का लारवा इस पानी में मच्छर बन गया तो वह इंसान को काटेगा और न केवल स्वस्थ इंसान को अस्पताल पहुंचा देगा बल्कि इलाज के अभाव में कुछ लोगों की जान जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उपायुक्त शक्ति सिंह ने भी जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि कहीं भी अगर जलभराव पाया जाता है, उस पानी की निकासी का इंतजाम किया जाए। लेकिन उसके बावजूद भी नगीना के रास्तों में भरे इस पानी पर किसी की नजर नहीं है। अगर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग इसी तरह कुंभकरणी नींद में सोया रहा तो यह लापरवाही इंसान की जान पर भारी पड़ सकती है।


नगीना गांव के रास्ते में भरा घरों का गंदा पानी।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कार की वृद्धि के लिए यज्ञ का हुआ आयोजन



**पलवल।** विनायक ग्लोबल स्कूल में बच्चों में भारतीय संस्कृति व संस्कार की वृद्धि के लिए सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार यात्रा के सौजन्य से यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान की भूमिका प्राचार्य अलका गुप्ता ने निभाई व दयाल मुनि यज्ञ के ब्रह्मा रहे। गंगाराम आर्य ने कार्यक्रम का संयोजन किया व अमीचंद आर्य ने भजनों के माध्यम से बताया कि हर व्यक्ति को ईश्वर से प्रेम करना होगा व पाप पुण्य के कर्मों के अंतर को समझना होगा। गंगाराम आर्य ने भजनों के माध्यम से बताया कि ओम नाम सृष्टि के प्रारंभ से था, वह हमेशा रहेगा विद्यार्थियों को अपने ज्ञान वृद्धि के विकास के लिए प्रात: इसका जाप करना चाहिए। संतोष आर्य व हर्ष देव ने भी बच्चों को अपने माता-पिता व गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का संदेश दिया। अंत में अलका गुप्ता ने सभी अतिथियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति व उसके मूल्यों को रक्षा के लिए यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है जो ना केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि बच्चों के मन, आत्मा व बुद्धि सभी को पवित्र कर ज्ञान की तरफ अग्रसर करता है। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक, बच्चे, हर्षदेव आर्य मंत्री शहर आर्य समाज, खेमचंद आर्य, चेताली दत्ता, सुषमा, दीपिका, विक्रम आदि उपस्थित रहे।

### सिपाही के बेटे ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**तावडू।** शहर थाना में तैनात मुख्य सिपाही सत्य प्रकाश के बेटे दीपक लोकरा ने फिटनेस जिम क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सत्यप्रकाश ने पुत्र की कामयाबी पर खुशी जताते हुए बताया कि 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच दिल्ली के दिलशाद गार्डन स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड सहित कई राज्यों के 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 85 किलोग्राम भार वर्ग में बेटे दीपक लोकरा को लीग मुकाबलों के बाद अंतिम 3 में चुना गया। जिसमें दिल्ली, यूपी के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक के कोच टाइगर क्लब के मनीष चपराना ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रशंसा जाहिर की है। दीपक की इस कामयाबी पर जिला पुलिस कप्तान नूंह नरेंद्र बिजारणिया, सिटी थाना प्रभारी चंद्रभान, उप निरीक्षक भरत सिंह तंवर, दीवान कृष्ण डागर ने दीपक के पिता मुख्य सिपाही सत्य प्रकाश को बधाई दी।

### महर्षि वाल्मीकि के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता



**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया लॉयर्स फोरम के हरियाणा स्टेट सेक्रेटरी एवं हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि महर्षि वाल्मीकिजी द्वारा रचित महाग्रंथ रामायण से हमें मर्यादा, सत्य, प्रेम, मित्रता, भातृत्व एवं सेवक के धर्म का शिक्षा मिलती है। अंकित गुप्ता गांव फतुपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती शुभ अवसर पर समाज द्वारा किए गए हवन यज्ञ व भंडारे में मुख्य रूप से पहुंचकर अपनी बात रख रहे थे। अंकित गुप्ता ने हवन यज्ञ में पूणार्हुति डाली व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। अंकित गुप्ता ने बताया कि महर्षि वाल्मिकी जी का व्यक्तित्व असाधारण था उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है उन्होंने जीवन में एक घटना से प्रेरित होकर जीवन का पथ बदल दिया, यही चरित्र उन्हें महान व्यक्ति बनाता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा दिया ज्ञान हमे जीवन में ग्रहण करना चाहिए और उससे प्रेरणा लेकर बुरे कर्म त्याग कर सत्कर्म में मन लगाना चाहिए। इस अवसर पर रतिराम, प्रधान पाला राम, जिले सिंह, सतपाल कुमार, बलविंदर कुमार, दर्शन कुमार, अंकुश, सरवन, रामफल, राधेश्याम, सुरेश, महिलाएं व बच्चे सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दीपावली से पूर्व तावडू में खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापेमारी

## मिठाई दुकान से मिठाइयों के तीन, किराना से सूजी का एक और डेरी घी का एक सैम्पल लिया

### एसडीएम के नेतृत्व में छापेमारी से मचा हड़कंप, दुकानदार शटर बंद कर भागे

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**तावडू** शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को एसडीएम सुरेन्द्र पाल के नेतृत्व में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर सेम्पल भरे। शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम छापेमारी की भनक लगते ही अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान परचून की दुकान मालिक, तेल मिल व मिठाई विक्रेताओं ने अपने अपने प्रतिष्ठानों का शटर बंद कर ताला जड़ दिया।


मिठाई की दुकान से सैंपल लेने की कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल ने बताया कि दीपावली पर्व से पहले मिठाइयों में मिलावट की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर मिलावट की मिठाई बेचने वालों पर नकेल कसी जाएगी। इसके लिए यह अभियान जारी रहेगा।

दीपावली पर्व के दौरान कुछ दुकानदार लालच के चलते मिलावट का खेल खेलते हैं। जिसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्यामलाल ने बताया कि दीपावली पर्व पर मिठाइयों में मिलावट की आशंका रहती है, इसके सैंपल लेने के लिए अभियान छेड़ा गया है बुधवार को। उन्होंने तावडू की एक मिठाई दुकान से तीन मिठाइयों, किराना स्टोर से एक सूजी व एक डेरी घी का सैंपल लिया हैं। जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है। लगभग 15 दिन में रिपोर्ट आने पर यदि खाद्य सामग्री में मिलावट की पुष्टि हुई तो संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही होगी।

बता दें कि बुधवार को जैसे ही खाद्य सुरक्षा की टीम शहर में सैंपल लेने पहुंची तो यह खबर सभी दुकानदारों में तेजी से फैल गई और सभी दुकानदार अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद करते हुए नजर आए।

# डीएपी खाद के लिए किसानों को हो रही परेशानी

### किसान सुबह से ही लाइन में लगकर खाद लेने के लिए घंटों कर रहे इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** में एक बार फिर डीएपी खाद पहुंचने की खबर मिलते ही शहर की नई अनाज मंडी में बीते शनिवार व रविवार की तरह बुधवार को भी खाद लेने की होड़ किसानों में जारी रही। सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में महिलाएं पानी की बोतल और हाथों में खाने के लिए रोटियां लेकर डीएपी वितरण केंद्र के बाहर पहुंच गई। किसानों की भीड़ की आशंका को देखते हुए पुलिस जवानों ने पहली ही सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली।

बुधवार को बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां भी खाद लेने के लिए लाइन में देखी गई। मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मी एक बार में पांच किसानों को टोकन देने के लिए बारी-बारी से अंदर भेज रहे थे। उनके बाहर निकलने के बाद ही अगले पांच किसानों को अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजीत सिंह लगातार स्थिति पर निगरानी रखे हुए थे। बुधवार को तावडू नई अनाज मंडी में खाद लेने पहुंचे क्षेत्र के किसान इकबाल, वसीम, मौसिम सेकुल, नबी, निसार आदि ने पिछले तीन दिन से वह खाद लेने के लिए भटक रहे हैं पहले भी दो बार लाइन में लगकर बगैर खाद्य लौट गए थे। अभी भी उन्हें खाद मिलने की उम्मीद बहुत कम है। इसीलिए बुधवार को वह सुबह 4: 00 बजे के करीब ही लाइन में लगकर खड़े हो गए।

वहीं उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ अजीत सिंह ने बताया कि तावडू उपमंडल में अब तक 4700 डीएपी खाद के कट्टे किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। दूसरी खेप में 2260 डीएपी खाद के कट्टे तावडू में पहुंचे हैं।

# घरों में हो रही है दूषित पेयजल आपूर्ति, लोगों को सता रहा खतरनाक बीमारी फैलने का भय

कैलाश मंगला। होडल

**पेयजल** विभाग की लापरवाही के चलते शहर की कई कालोनियों में दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। पहले ही लोग डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से जुझ रहे हैं उपर से यह दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण उन्हें हमेशा खतरनाक बीमारी के फैलने का भय सताता रहता हैं।

कालोनी के लोगों ने कई बार पेयजल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। कालोनी के लोगों में पेयजल विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। क्षेत्र में पहल ही डेंगू व मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी ने पैर पसारे हुए हैं उपर से घरों में हो रही दुषित पेयजल के कारण लोगों को अन्य खतरनाक बीमारी का भय सताने लगा है। घरों के नलों से दुषित पेयजल आपूर्ति होने के कारण कालोनी के लोग पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह से शहर की ताली मोहल्ला, जैन गली, गढिया बाजार, बाईसी मौहल्ला, पेच कालोनी के अलावा अन्य कई कालोनियों व स्थानों पर दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कालोनी निवासी नितेश जैन, प्रदीप, योगेश, विजय, दिनेश, सतपाल, राकेश के अलावा अन्य लोगों का कहना है कि घरों में लगे नलों से पिछले कई दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि घरों के नलों में से कीचड युक्त पानी आ रहा है।

### श्रीश्याम ताली कीर्तन हुआ आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा नया बस स्टैंड के शिव मंदिर में 292वां श्रीश्याम ताली कीर्तन आयोजित किया गया।

श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि इस मंदिर में श्रीश्याम ताली कीर्तन प्रत्येक मंगलवार देर सायं 7:30 से रात्रि 9:30 बजे तक चलता है। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल व साथियों गौरव गुप्ता, संजय चौधरी, मोहित तायल सहित श्याम प्रेमियों ने बारी बारी से भजन सुनाए। भजनों के पश्चात श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ताली कीर्तन में प्रसाद की सेवा सुरेन्द्र काठपाल व दिनेश गोयल की तरफ से रही। श्याम आरती में पुजारी रमण शर्मा,अरुण गोयल, अनिल मित्तल, योगेंद्र अग्रवाल, डॉ.संतोष कुमार, पियांशु तायल, राकेश शर्मा, शिवाय शर्मा, अशोक ग्रोवर, अजय गुप्ता, दीपक ठाकुर आदि शामिल रहे।

# महर्षि वाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलने से जीवन होता है सफल: मनीष जैन

### महर्षि वाल्मीकी जयंती पर फिरोजपुर झिरका में हुआ भव्य कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**फिरोजपुर** झिरका में बुधवार को महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि मंदिर विकास समिति की ओर से यहां के पुराने गुरुग्राम-अलवर मार्ग पर भव्य कार्यक्रम के साथ विशाल झांकियां निकाली गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मनीष जैन ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी के बताए रास्ते पर चलने से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। महान विद्वान एवं भगवान वाल्मीकी ने रामायण जैसे महाग्रंथ को लिखकर दुनिया को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होने के साथ-साथ धर्म और सत्य के मार्ग पर चलना जरुरी है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ साथ अच्छे संस्कार पैदा करें। अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा समाज की तरक्की के लिए जरुरी है। इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मनीष जैन का समिति के सदस्यों द्वारा फूलमालाओं और पगड़ी बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपने निजी कोष से महर्षि वाल्मीकी मंदिर समिति को 31 हजार रुपये का दान दिया।


मुख्य अतिथि मनीष जैन को सम्मानित करते मंदिर समिति के पदाधिकारी।

# स्काउट मास्टर बेसिक कैंप के समापन पर प्रमाण पत्र बांटे

कैलाश मंगला। होडल

**तारा** देवी शिमला हिमाचल प्रदेश में आयोजित स्काउट मास्टर बेसिक कैंप के समापन होने पर पलवल की टीम को राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एलएस वर्मा एवं जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एलएस वर्मा ने कहा कि पिछले 2 वर्षों में स्काउटिंग के क्षेत्र में पलवल जिले द्वारा किए गए कार्य बहुत ही सराहनीय हैं। हरियाणा शिक्षा विभाग की पत्रिका शिक्षा सारथी ने भी पलवल जिले के स्काउटिंग कार्यों की सराहना करते हुए उनको अपनी पत्रिका में स्थान दिया है। जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत तथा जिला संयोजक विष्णु गौड़ ने संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों में स्काउट यूनिटों के माध्यम से अधिकतम विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा तथा जिले में प्रशिक्षकों की कमी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि नए स्काउट मास्टर मिलने से पलवल जिले में स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने में सहायता मिलेगी।


स्काउट मास्टर बेसिक कैंप के समापन के बाद प्रमाण पत्र देते एलएस वर्मा।

# मनुष्य को विनम्रता पूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहिए: शास्त्री

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**गो** गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित शीला नगर पार्क में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में उपस्थित श्रोताओं को समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने बताया कि कश्यप ऋषि एवं अदिति के समन्वय संजोग संबंध से भगवान बामन व त्रिविक्रम का इस धरती पर प्रादुर्भाव हुआ भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि को मध्यान्ह काल में भगवान बामन का 24 अवतारों में से एक अवतार है। भगवान बामन ने लघु रूप धारण कर संदेश दिया कर मनुष्य कितना भी बड़ा हो उसे हमेशा लोक दृष्टि से संसार वह समाज परिवार में छोटे बनकर रहना चाहिए छोटे बनकर रहने से कभी भी विकट परिस्थिति में उस प्राणी को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता है।

# अंबाला तक की भ्रष्टाचार विरोधी पैदल यात्रा पर निकला युवक

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**राजकीय** शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नलहड़ में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। भ्रष्टाचार को लेकर नलहड़ मेडिकल कॉलेज एक बार नहीं बल्कि अक्सर सुर्खियों में रह चुका है। इसके साथ-साथ ही बदइंतजामी भी इस अस्पताल की किसी से छुपी नहीं है। मेडिकल कॉलेज नलहड़ में दीमक की तरह फैले भ्रष्टाचार एवं बिलीव सॉल्यूशन सर्विसेज कंपनी व मेडिकल कॉलेज प्रशासन की मनमानी से तंग आकर एक युवक आजिज आ चुका है। वह मेवात जिले के फिरोजपुर झिरका से अंबाला तक स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के दरबार में पूरी हकीकत बताने के लिए बुधवार की सुबह 7 बजे से पैदल यात्रा पर निकला।

बुधवार शाम को डालचंद नहेलिया नाम के इस युवक का रात्रि विश्राम गुरुग्राम में होगा। जो तकरीबन फिरोजपुर झिरका से 100 किलोमीटर के करीब है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हाथ में तिरंगा झंडा लेकर फिरोजपुर झिरका से अंबाला के लिए निकले डालचंद ने लघु सचिवालय नूंह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह नलहड़ मेडिकल कॉलेज में बीएसएस नामक कंपनी के यहां वार्ड अटेंडेंट के पद पर भर्ती हुए थे। उनका कहना है कि उन्हें वहां से ना केवल हटा दिया गया बल्कि तकरीबन 6 महीने का उसका वेतन अभी तक कंपनी ने नहीं दिया है। हद तो तब हो गई जब डालचंद के बार-बार पत्राचार करने व अधिकारियों के दरबार में शिकायत करने के बाद उसे रिलीवर के पद पर लगा दिया गया। डालचंद का कहना है कि महीने भर काम लेने के बाद महज 15 दिन का वेतन रिलीवर के रूप में दिया जाता है। उनका साफ-साफ कहना है कि बीएसएस कंपनी के पदाधिकारी एवं मेडिकल कॉलेज प्रशासन की आपस में गहरी साठगांठ है।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# निष्ठावान कार्यकर्ता व जनकल्याणकारी कार्यों ने दी जजपा को नई पहचान: युवा प्रदेशाध्यक्ष

## नई युवा जिला कार्यकारिणी घोषित कर इलाके की आवाज बनने की अपील की

दीपक कुमार। नूंह

**जब** किसी मकान की नींव मजबूत होगी, तभी इमारत मजबूत होती है। इसी प्रकार जेजेपी पार्टी को और मजबूत करने के लिए संघर्षशील व कर्मठ साथियों को पार्टी में जोड़ने का काम किया गया है। जिला नूंह की नई युवा कार्यकारिणी में ऊर्जावान साथियों को जोड़ा गया है। वैसे भी विश्वसनीय, ईमानदार और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की बदौलत आज जेजेपी पार्टी ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

प्रदेश स्तर पर हाल ही जेजेपी द्वारा बनाए गए 45 हजार सक्रिय सदस्यों के माध्यम से जल्द ही जेजेपी पार्टी की नीतियों में विश्वास रखने वाले 10 लाख नये सदस्यों को पार्टी में जोड़ा जाएगा। यह बात जिला युवा टीम की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बुधवार दोपहर को कहा कि युवाओं का भविष्य संवारने के लिए जेजेपी द्वारा किए गए प्राइवेट सेक्टर में 75 फीसद हरियाणवी युवाओं के नौकरी आरक्षण जो कि प्रदेश में 15 अक्टूबर से लागू भी हो गया है, हरियाणा प्रदेश के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। अब युवा आर्थिक रूप से मजबूत, आत्मनिर्भर व आत्मविश्वासी व समृद्ध बन पाएगा। साथ ही जेजेपी द्वारा किए गए अनेक जनकल्याणकारी कार्यों से भी अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को जेजेपी पार्टी का तीसरा स्थापना दिवस झज्जर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आगामी ऐलानाबाद चुनाव में गठबंधन सरकार का कैंडिडेट भारी बहुमत से विजयी होगा।


पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नूंह में सदस्यता अभियान के सह प्रभारी व युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान साथ में अन्य पदाधिकारी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला नूंह के जिला अध्यक्ष तैय्यब हुसैन घासेडिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश बदरूद्दीन, वरिष्ठ नेता अमन अहमद, युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद, जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, इनसो जिला प्रधान साकिर सालाहेडी, नूंह हल्का प्रधान आस मोहम्मद ने भी नये युवा साथियों से अपील करते हुए जेजेपी को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवा अपने क्षेत्र की समस्याओं के निवारण कराने में भी अहम भूमिका निभाये। युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद ने नए साथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। उनसे जिला नूंह में पार्टी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह भी किया। जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि नई जिला युवा कार्यकारिणी में तीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष, 9 महासचिव, 15सचिव, एक संगठन सचिव, एक प्रचार सचिव, एक सहप्रचार, एक प्रवक्ता, एक स्टेज सचिव, एक खजांची, बारह एग्जीक्यूटिव मेंबर बनाए गए हैं।

इस मौके पर अल्पसंख्यक सैल प्रधान शिराजूद्दीन शिराज, युवा प्रदेश सचिव मुनफैद खान, हल्का प्रधान जान मोहम्मद, नूंह युवा हलका प्रधान सुखबीर गुर्जर, पुन्हाना युवा प्रधान शाहीद हुसैन, युवा प्रधान एजाज, युवा संगठन सचिव रौमी जैन, युवा नेता जावेद सालाहेड़ी, डॉक्टर जावेद, आशिक इलाही, न्याजू वीरशिका, नाजिश खान, उमर, अलताफ, मुज्जसर, इरफान, सतबीर, अय्युब, कासम, अनवर, जुबेर, हाजी रफीक, सहित नूंह की तीनों विधानसभा के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं व युवा साथी भी उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021



# राहत की बात

## कोविड से सुरक्षित बच्चे

**बिना** टीका लगे बहुसंख्य बच्चों में कोविड-19 के खिलाफ एंटीबाडी बनना उम्मीद की किरण है। हरियाणा में हुए तीसरे सीरो सर्वे के परिणाम राहत देने वाले हैं। इनमें राज्य की जनसंख्या के 76.3 प्रतिशत बच्चों में सार्सकोव-2 के खिलाफ एंटीबाडी पाई गईं। पिछले अगस्त में 8 प्रतिशत तथा अक्टूबर में 14.8 प्रतिशत की तुलना में यह बहुत तेज वृद्धि है। टीकाकृत लोगों में 81.6 प्रतिशत तथा गैर-टीकाकृत लोगों में 75.5 प्रतिशत सीरो-पाजिटिविटी पाई गई। शहरी हरियाणा में 78.1 प्रतिशत लोगों में एंटीबाडी पाई गई, जबकि ये 75.1 प्रतिशत ग्रामीणों में मौजूद थीं। हालांकि, सबसे अच्छी खबर बच्चों के बारे में है। सर्वेक्षण में 6-9 साल के बच्चों में सीरो पाजिटिविटी 69.8 प्रतिशत तथा 10-17 आयुवर्ग वाले बच्चों में 73.2 प्रतिशत थी। पहली बार बच्चों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया है। यह भी पहली बार स्थापित हुआ है कि 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों में कोविड-19 एंटीबाडी हैं। यह खबर ऐसे समय राहत की बात है जब बच्चे जनसंख्या का वह हिस्सा हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, जबकि देश लगभग 100 करोड़ टीके लगाने की स्थिति में पहुंच गया है। बच्चों के लिए टीके के अभी मानव परीक्षण चल रहे हैं। ऐसे में एक साल से अधिक समय बाद स्कूल खोलने का निर्णय महत्वपूर्ण है तथा अनेक राज्यों ने हिचक के साथ चरणों में स्कूल खोलने पर सहमति जताई है। अब भी माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने से हिचक रहे हैं। कुछ अन्य राज्य नवंबर में कक्षायें शुरू करने की योजना बना रहे हैं। स्कूल



प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मचारी पूर्णतः टीकाकृत हों तथा संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए सुरक्षा प्रोटोकालों का पूर्णतः पालन हो।

विदेशों में हुए हालिया सर्वेक्षणों ने बच्चों में संक्रमण का भय उचित ठहराया है। एमआईटी व हार्वर्ड में अस्पतालों की टीमों द्वारा किए अध्ययनों से पूरी तरह पुष्टि हुई है कि नवजात, बच्चे तथा किशोर समान रूप से कोविड-19 वायरस के प्रसार में सक्षम हैं। कोविड-19 संक्रमित बच्चों के अध्ययन में उन्होंने पाया कि लक्षणों व बिना लक्षणों वाले रोगियों में शुरुआत में संक्रमण का स्तर अधिक था। कुल मिला कर वाइरल लोड से छोटे बच्चों में बीमारी की गंभीरता का पता नहीं चलता है, हालांकि वे दूसरे लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। लेकिन अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि बहुत कम बच्चों में लक्षण थे और उनमें बीमारी होने की संभावना बहुत कम थी। इस संदर्भ में हरियाणा में बच्चों का सीरो सर्वेक्षण आश्वासन देने वाला है। हरियाणा सर्वेक्षण परिणामों के आधार पर सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि स्वस्थ बच्चों के टीकाकरण की गति धीमी रख कर जोखिम वाली जनसंख्या के पूर्ण टीकाकरण पर ध्यान देना चाहिए जिनमें वृद्ध तथा वयस्क व अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। हालांकि, दो वैक्सीनों को आपातकालीन प्रयोग की अनुमति-ईयूए मिल चुकी है, पर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि देश में 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए वैक्सीन कब उपलब्ध होगी। राष्ट्रीय कोविड-19 टास्क फोर्स के प्रमुख वी.के. पाल ने कहा था कि बच्चों के टीकाकरण पर अंतिम निर्णय वैज्ञानिक आधार तथा उनके लिए समुचित खूराकों की उपलब्धता के आधार पर लिया जाएगा।

# सैन्य इतिहास में 1971 का स्थान

**भारतीय सेना युद्ध डायरियों को पूरी तरह रिकार्ड नहीं करती है। इस कारण कुछ लोगों को तथ्यों से छेड़छाड़ कर उनको गलत ढंग से रखने का मौका मिल जाता है।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के पचास साल बीतने पर बहुत शान और प्रसन्नता से इस महान भारतीय विजय की भू-रणनीति, टैक्टिक्स व नायकत्व की याद की जाती है। इसे 1000 साल के उन युद्धों में से एक बताया जाता है जिसमें युद्ध के मैदान में प्राप्त उपलब्धियों को वार्ता की मेज पर खो दिया गया। इस युद्ध ने पाकिस्तान की भौगोलिक विसंगति को ठीक कर दिया जो 1000 मील की दूरी पर दो अलग भागों में विभाजित था। स्वर्गीय राजनेता व लेखक जसवंत सिंह ने इस विजय को भूगोल द्वारा इतिहास से बदला लेना बताया था, जब शक्ति के प्रयोग से एक नया देश-बांग्लादेश बना था जो पहले पूर्वी पाकिस्तान था। यह बीसवीं शताब्दी का अंतिम निर्णायक युद्ध था, लेकिन यह भारत-पाकिस्तान दुश्मनी के मुख्य कारण का समाधान नहीं कर सका था जो जम्मू कश्मीर के बजाय पाकिस्तानी सेना का शत्रुतापूर्ण व्यवहार है।

पिछली शताब्दी में विश्व युद्धों को छोड़ कर निर्णायक अंतर-राज्य युद्ध का कोई स्पष्ट उदाहरण नहीं है। लेकिन राज्यों के भीतर हुए टकरावों ने भी नतीजे दिखाए हैं। भारत में खालिस्तान आंदोलन को समाप्त करना एक विरल सफलता थी। अफगानिस्तान पर तालिबान का पहली बार कब्जा भी इसी श्रेणी में आता है। चेकोस्लोवाकिया का शांतिपूर्ण ढंग से चेक गणराज्य व स्लोवाकिया में विभाजन एक खास घटना थी। इक्कीसवीं शताब्दी में भी अनेक आंतरिक टकरावों का समाधान बल प्रयोग से हुआ है। श्रीलंका में लिट्टे की पराजय तथा हाल ही में अफगानिस्तान में तालिबान की पुनः विजय इनके उदाहरण हैं। सैनिक सफलताओं का एक और प्रकार रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे, चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर में टापुओं पर कब्जे तथा पूर्वी लद्दाख में चीन द्वारा घुसपैठ के लिए सैन्य बल का प्रयोग है। युद्ध तथा शांति की अनुपस्थिति के बीच स्पेस रक्षा करने वालों के लिए दुविधा पैदा करता है। वर्तमान समय में साइबर युद्ध तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से युद्ध के बारे में विचारकों तथा सैनिकों को टकराव के बारे में व्यापक रूप से विचार करना होगा। इससे एक ओर तो युद्ध की प्रकृति तथा चरित्र बदला है, वहीं युद्ध के सिद्धान्त भी काफी सीमा तक बदल गए हैं तथा इनके नतीजे प्रदर्शित करने के मामले में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है।

अतीत के युद्धों तथा आंतरिक टकरावों को दुहराया नहीं जा सकता है। इस दृष्टिकोण से बांग्लादेश के लिए युद्ध को देखा जा सकता है। तैयारी के लिए दस महीने का समय, हवाई क्षेत्र में वर्चस्व तथा मुक्ति वाहिनी की सहायता कुछ ऐसे तत्व हैं जिनको पुनः दुहराया नहीं जा सकता है। यही स्थिति सोवियत संघ द्वारा प्रदान राजनीतिक संरक्षण की है जिसने दो बार वीटो प्रयोग कर यह सुनिश्चित किया कि भारत को युद्ध जीतने तथा पाकिस्तानी शत्रुता को कुचलने का अवसर मिले। इसका परिणाम पाकिस्तान का पूर्णतः भारतीय शर्तों पर पूर्ण आत्मसमर्पण था। युद्ध में चर्चा का विषय यह है कि क्या ढाका ही युद्ध का अंतिम लक्ष्य था। विभिन्न ऐतिहासिक विवरणों की जांच से स्पष्ट है कि शुरुआत में ढाका अंतिम लक्ष्य नहीं था, बल्कि पूर्वी सेना के लिए कम महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया था। दोनों पक्षों द्वारा सशक्तीकरण व खोजी तरीकों ने युद्ध में बड़ी भूमिका निभाई। जीओसी 16 पाकिस्तानी तोपखाना डिवीजन के मेजर जनरल नजीर हुसेन शाह अमेरिका में फोर्ट लीविनवर्थ के छात्र रह चुके थे। वे एक बटालियन को दो भागों में बांट देते थे और इसी प्रकार भारतीय सैन्य बलों ने व्यापक मोर्चे पर काम किया। मैं चाहता हूं कि समारोही आयोजनों में पैदल सेना की उल्लेखनीय लड़ाइयों पर ज्यादा ध्यान दिया जाए जो पीरगंज, हिल्ली, सिल्हट व अखौरा, आदि स्थानों पर हुई थीं। उदाहरण के लिए, पीरगंज में 2-5 गोरखा राइफल्स द्वारा रास्ता बंद करने पर पाकिस्तान की 16 पैदल सेना डिवीजन को विभाजित होकर काराटोया नदी पार कर हिल्ली में अपनी रक्षा मजबूत करनी पड़ी थी।

यह युद्ध का पहला बड़ा मोड़ था जो बोगरा और ढाका की ओर बढ़ रहा था तथा उसने पाकिस्तान के 16वें पैदल सेना डिवीजन को तोड़ दिया था। इसी प्रकार 4-5 गोरखा राइफल्स ने भारत की पहली हेलीबार्न कार्रवाई की थी तथा आधी बटालियन ने 15 दिसंबर को ढाका में आत्मसमर्पण के एक दिन पहले दो पाकिस्तानी ब्रिगेडों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया था। इसके पहले उन्होंने पहली बार अटग्राम में खामोश 'खुखरी' हमला किया था। हालांकि, ब्रिटिश गोरखाओं ने पहली बार इंडोनेशिया में इसका सम्मानजनक प्रयोग किया था। इन संक्षिप्त व तेज लड़ाइयों ने युद्ध जल्दी समाप्त करने में योगदान के साथ पैदल सेना को युद्ध नायक के रूप में स्थापित किया।

1971 युद्ध के बाद वाली पीढ़ियों को प्रतिरोध के मामलों पर उपदेश देने के लिए बुलाने के बजाय इन कार्रवाइयों में भाग ले चुके अधिकारियों को आमंत्रित करना ज्यादा लाभदायक होगा।

भारत को 1971 में पाकिस्तान पर विजय का उत्सव जरूर मनाना चाहिए, पर इसके साथ ही उसे छोटी इकाइयों के युद्ध पर अवश्य ध्यान देना चाहिए जिनका भावी युद्धों में बेहतर उपयोग हो सकता है। कारगिल का सीमित युद्ध भी पैदल सेना के शास्त्रीय प्रदर्शन का उदाहरण है जिसमें छोटी इकाइयों ने युद्ध कर पाकिस्तानी घुसपैठियों को बाहर निकाला जो एलओसी के इस पार आ गए थे। दुःख की बात है कि 1962 के युद्ध तथा श्रीलंका में भारतीय शांति सेना-आईपीकेएफ के युद्ध की घटनाओं को श्रृंखलाबद्ध किया गया है, पर राजनीतिक कारणों से इनको जारी नहीं किया गया है। भारतीय सेना की यह बुरी आदत है कि वह युद्ध डायरियों को पूरी तरह व ईमानदारी से दर्ज नहीं करती है।

इससे युद्ध में भाग लेने वाले लोगों को व्यक्तिगत रूप से तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ऐसी घटनाओं को गढ़ने का मौका मिल जाता है जिससे उनका व्यक्तिगत नायकत्व सिद्ध हो सके। सामान्य रूप से मीडिया तथा खासकर सोशल मीडिया ने तथ्यों की पुष्टि किए बिना इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है।

जीवनियां तथा आत्मकथायें, खासकर इस दृष्टिकोण से विवादास्पद हो सकती हैं क्योंकि वे रेजिमेंट के इतिहास से आगे जाकर इकाइयों व व्यक्तियों की भूमिका दर्ज करती हैं। हालांकि, कोई रेजिमेंटल इतिहास न होने पर भी कुछ लेखक अपना कद बढ़ाने का यथासंभव प्रयास अवश्य करते हैं। ऐसे में अतीत के सभी युद्धों के बारे में लेखों को रक्षा मंत्रालय के इतिहास विभाग द्वारा जांचा जाना चाहिए तथा लेखकों को एक प्रमाणपत्र लेना चाहिए कि उन्होंने आधिकारिक रिकार्डों में दर्ज सामग्री का उपयोग नहीं किया है। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में पीएलए की घुसपैठ तथा एलएसी में परिवर्तन के बारे में घटनाक्रम स्पष्ट नहीं है, पर इसके बावजूद सरकार को 1971 में युद्ध के मैदान में भारत की बड़ी सफलता को एक परिवर्तनकारी महान विजय के रूप में याद रखना चाहिए।

# भले काम के लिए बुरे बैंकों का गठन

**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारत का पहली बार सरकार द्वारा प्रायोजित 'बैड बैंक' अब वास्तविकता के करीब है। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के बाद, विभिन्न चरणों में विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की पूरी तरह से प्रावधानित तनावग्रस्त संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए एक राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एनएआरसीएल) की स्थापना की गई है।

इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कम्पनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) नामक एक अन्य संस्था तब बैंकों को वापस भुगतान करने के लिए इन तनावग्रस्त संपत्तियों को बाजार में बेच देगी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास दोनों (क्रमशः 51 और 49 प्रतिशत) के कुल शेयरों का लगभग आधा हिस्सा होगा, जिसमें निजी क्षेत्र भी हितधारक होंगे। शुरुआती निवेश करीब 6,000 करोड़ रुपये का होगा।

एनएआरसीएल 15 प्रतिशत नकद देकर संकटग्रस्त संपत्तियों को बैंकों से छूट पर खरीदेगा; शेष 85 प्रतिशत के लिए, वे बैंकों को सुरक्षा रसीदें जैसे डिबेंचर, बांड आदि जारी करेंगे। पिछले महीने सरकार ने एनएआरसीएल को 30,600 करोड़ रुपये देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, यदि बिक्री के परिणामस्वरूप इसे कवर करने के लिए नुकसान होता है, तो सुरक्षा रसीदों को लागू करने के लिए गारंटी के रूप में, लेकिन गारंटी पांच साल से अधिक वैध नहीं होगी। समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कुछ प्रोत्साहन में निर्माण; एनएआरसीएल द्वारा भुगतान किया जाने वाला गारंटी शुल्क भी धीरे-धीरे बढ़ेगा। चूंकि गारंटी सरकार के लिए आकस्मिक देयता है, इसलिए केंद्र के लिए कोई तत्काल वित्तीय प्रभाव या नकद व्यय नहीं होगा।

अतीत से विरासत के रूप में विरासत में मिली, आंशिक रूप से 2008 के आर्थिक मंदी के परिणाम के रूप में और आंशिक रूप से क्रोनी कैपिटलिज्म के कारण जिसने कई पीएसबी को प्रासंगिक परियोजना प्रस्तावों की लाभप्रदता के उचित मूल्यांकन के बिना ऋण देने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण इनमें से कई परियोजनाएं या तो कर सकती थीं ऋणों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न करने में असमर्थ या सक्षम नहीं थे, एनपीए बढ़ने लगे। 2016 के बाद से, जब आरबीआई ने बैंकों पर नियंत्रण कड़ा कर दिया और उन्हें अपनी बैलेंस शीट साफ करने के लिए मजबूर




किया, एनपीए को उनकी बैलेंस शीट में लिखा या पहचाना जाना था। इससे उनका पूंजी आधार समाप्त हो गया और वे नए सिरे से उधार देने में असमर्थ हो गए और उनकी लाभप्रदता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। लगभग 4,541 कॉरपोरेट्स को अब तक कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (ष्ट्ढ्ढक्क) में शामिल किया गया है, केवल 1,745 ष्ट्ढ्ढक्क ने प्रक्रिया पूरी की है, या तो समाधान योजनाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं या परिसमापन के साथ समाप्त हो रहे हैं। आईबीसी, जो अब पांच साल पुराना है और जिसे कोविद संकट के दौरान निलंबित कर दिया गया था, एक ओवरहाल के कारण है, जिसमें एमएसएमई के लिए प्री-पैक भी शामिल है, जिसे बाद में अन्य कंपनियों तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे आईबीसी के बाहर ऋण समाधान तंत्र की अनुमति मिलती है। मौजूदा प्रक्रियाओं को अन्य तंत्रों से अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है, और यहीं पर बैंड बैंक फिट बैठता है।

बैड बैंक कोई नया विचार नहीं है - वे 1980 के दशक से अस्तित्व में हैं, लेकिन पूर्वी एशियाई मुद्रा संकट और 2008 के सबप्राइम संकट ने अमेरिका, स्वीडन, फिनलैंड, बेल्जियम, मलेशिया, दक्षिण सहित कई देशों को खराब बैंक स्थापित करने के लिए मजबूर किया। कोरिया, चीन या इंडोनेशिया, लेकिन भारत में सरकार द्वारा प्रायोजित बैड बैंक के विचार को पहले कभी नहीं आजमाया गया, हालांकि कई निजी संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां हैं जो उप-इष्टतम रूप से काम कर रही हैं।

यह एक और बड़ा संस्थागत सुधार है और इसका श्रेय सरकार को दिया जाना चाहिए। यह काम करेगा या नहीं, यह तो समय ही बता सकता है। जबकि इसे कई देशों में सफलता मिली है, चीन में वे संघर्ष कर रहे हैं, और एवरग्रांडे के पतन से स्थिति और खराब होने की संभावना है। किसी भी मामले में, एआरसी एक स्थायी तंत्र नहीं हो सकता है, वास्तव में इसका एक सूर्यास्त खंड है जो इसे पांच से आठ वर्षों के भीतर समाप्त करने की अनुमति देता है।

बैंकिंग सुधार सरकार का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है जो 4-आर रणनीति - मान्यता, संकल्प, पुनर्पूंजीकरण और सुधार के साथ आया था। मान्यता के बाद, एनपीए की मात्रा का निर्धारण योजनाबद्ध तरीके से शुरू हुआ और बैंकों ने धीरे-धीरे अपने बकाया की वसूली शुरू कर दी। 2018 में, सार्वजनिक क्षेत्र के 21 में से सिर्फ दो बैंक ही मुनाफे में थे। लेकिन 2021 में केवल दो बैंकों (पंजाब एंड सिंध बैंक और सेंट्रल बैंक) ने घाटे की सूचना दी। सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार ने कई छोटे पीएसबी को बड़े लोगों के साथ विलय कर दिया है, और अब उनकी कुल संख्या 12 हो गई है। बैंकों की दबावग्रस्त आस्तियों से संभावित खरीदार खोजने के अलावा कई समस्याएं हैं। संपत्ति का मूल्यांकन एक है, जो नुकसान का निर्धारण करेगा। वास्तव में, कुछ आलोचना की गई है कि सरकार वास्तव में निजी उद्यमों के नुकसान की गारंटी दे रही है और पीएसबी, एनएआरसीएल और आईडीआरसीएल दोनों के शेयरधारक होने के नाते, वास्तव में अपनी स्वयं की तनावग्रस्त संपत्ति खरीद रहे होंगे। अब तक, भारतीय अनुभव ने निजी एआरसी पर आईबीसी के माध्यम से समाधान को प्राथमिकता दी है, जिनकी कम पूंजी आवश्यकता केवल 100 करोड़ रुपये है।

एआरसी के लिए नियामक वातावरण जो 2000 के दशक में उभरने के बाद से व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा है, उसे भी ओवरहाल की आवश्यकता है। स्ट्रेस्ड एसेट्स जल्द ही गायब नहीं होंगे, और हमें ऐसे संस्थानों को स्ट्रेस्ड एसेट्स को अवशोषित करने में मदद करने में सक्षम बनाने की जरूरत है। ऋण की पर्याप्त आपूर्ति और सभी के लिए समान अवसर पैदा किए बिना अर्थव्यवस्था का विकास नहीं हो सकता है।

## आप की बात

### सेना का साहसी राहत कार्य

**इस** साल देश के विभिन्न राज्यों में अच्छी बारिश हुई है। लेकिन कुछ राज्यों में अधिक बारिश हुई। इससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ और साथ ही कृषि को भी नुकसान हुआ। ऐसी स्थिति में कई बेघर हुए। देश के कई राज्यों में मानसून खत्म हो गया है। लेकिन उत्तराखंड और केरल यह दो राज्य अपवाद हैं। इन राज्यों में अक्टूबर में भी मूसलाधार बारिश हो रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। उत्तराखंड राज्य पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। इससे बचाव कार्य में भी बाधा आती है। नतीजतन, दूरदराज के इलाकों में लोगों को मदद करने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उत्तराखंड, केरल में बाढ़ में फंसे कई लोगों को भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के जवानों ने सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय सेना के जवान भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। उनका राहत कार्य आज भी जारी है। भारतीय वायुसेना उन जगहों पर पहुच रही है जहां पैदल मदद करना संभव नहीं है। आतंकवादी संकट हो या प्राकृतिक आपदा, भारत की तीनों सेनाएं लोगों की मदद के लिए तैयार हैं। उनका बचाव कार्य कितना तेज और सटीक है। यह मीडिया के माध्यम से देश को पता चल रहा है।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### आयातित तेल बनाम वैकल्पिक ऊर्जा

**तेल** की बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है। क्योंकि वैश्विक बाजार में तेल की कीमत वर्ष 2016 की तुलना में तीन गुना हो गई है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आयातित तेल पर निर्भरता कम करके इसे 50 प्रतिशत पर लाने की बात की थी। वैकल्पिक ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों का उपयोग करके कम ऊर्जा से उत्तम जीवन जी सकते हैं। कम ऊर्जा से हम बाइक, फ्रिज,और् सोलर पैनल से पानी गर्म कर सकते हैं। ऊर्जा की खपत बढ़ाने के स्थान पर कम ऊर्जा में उच्च जीवन स्तर प्राप्त करने के उपाय खोजना चाहिये। इससे ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में मदद मिलेगी। जिसके कारण सूखा, बाढ़ ,तूफान आदि समस्याये पैदा हो रही है। जिससे सारी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। हमारे देश में कोरोना महामारी के कारण लोगो की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। बढ़ती पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से आमजनता परेशान और सरकार को कोस रही है। सरकार को जनता के हित मे रसोई गैस और डीजल की कीमतों को नियन्त्रित करना चाहिये। क्योंकि आमजनता इन्ही दो चीजों का प्रयोग सबसे ज्यादा करती है। वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग कर आयातित तेल की निर्भरता से बचा जा सकता है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### घाटी में कत्लेआम

**घाटी** में एक बार पुनः नब्बे के दशक जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। जब आतंकियों का निशाना बने कश्मीरी पंडितों को दहशत में अपना घर छोड़ना पड़ा था। धारा 370 हटने के बाद एक बार फिर सरकार द्वारा इनके पुनर्वास की योजना बनाने, तथा सेना द्वारा आतंकियों पर निरंतर प्रहार से आतंकी संगठन तिलमिला गए हैं। भारतीय सेना के आगे लाचार दहशतगर्द अब छुप कर निर्दोष लोगों की हत्यायें कर दहशत का माहौल बनाना चाहते हैं। बीते दिनों एक स्कूल के अध्यापकों की धर्म पूछ कर हत्या की गई। आज कश्मीरी हिंदुओं सिक्खों एवं प्रवासी मजदूरों का इनके द्वारा कत्ल किया जा रहा है। पूरे जम्मू कश्मीर में पांच लाख से अधिक प्रवासी मजदूर काम करते हैं। लेकिन आतंकियों के इस कुकृत्य से उन्हें जम्मू कश्मीर से पलायन करना पड़ रहा है। यदि परिस्थिति यथावत बनी रही तो जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये है कि कश्मीर की स्थिति पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली महबूबा और तमाम अलगाववादी नेताओं की आंखों में मोतियाबिंद छा गया है।

- **शिवेंद्र यादव,** कुशीनगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**तेजस्वी** यादव ने गठबंधन समझौते का उल्लंघन किया। उन्होंने हमारे गढ़ कुशेश्वर अस्थान की एक सीट की हमारी मांग को खारिज कर दिया।

- **भक्त चरण दास**
बिहार कांग्रेस प्रभारी



**अमेरिका** जॉर्जिया को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में महत्व देता है और जॉर्जिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए हमारा समर्थन अटूट है।

- **लॉयड ऑस्टिन**
अमेरिकी रक्षा मंत्री



**भारत** और बांग्लादेश की दोस्ती बहुत पुरानी है। कट्टरपंथियों या किसी अन्य ताकत को इन संबंधों को नष्ट करने नहीं देना चाहिए।

- **विप्लब कुमार देब**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

# महर्षि वाल्मीकि ने दुनिया और देश को नई राह दिखाई: मेयर

## नगर निगम के मेयर निखिल मदान ने रिबन काट शोभा यात्रा को रवाना कर कहा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट ककरोई रोड पर बुधवार को जिलास्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान ने शिरकत की। इस दौरान ककरोई रोड महर्षि वाल्मीकि आश्रम से बैंड-बाजों के साथ झांकियों के रूप में शोभा यात्रा निकाली।


महर्षि वाल्मीकि जयंती पर ककरोई रोड से शोभा यात्रा की।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि सर्वसमाज के पथ प्रदर्शक हैं और उन्होंने जो शिक्षाएं दी वह आज भी प्रासंगिक हैं। मेयर मदान ने कहा कि वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी सभी घटनाओं को जोड़कर एक अद्भुत ग्रन्थ 'संपूर्ण रामायण' की रचना की, जिसको आज लोग बड़े आदरभाव से देखते, पढ़ते और सुनते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन में जो संदेश दिए और भावी पीढ़ियां उनके संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें। इससे पहले मेयर निखिल मदान ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किए और भगवान वाल्मीकि को प्रसाद का भोग लगाया। उन्होंने कहा कि भारत ऋषि मुनियों, महापुरुषों एवं विचारकों का देश है, जिन्होंने दुनिया व देश को नई राह दिखाई है। भारत जैसे देश में विज्ञान, अर्थशास्त्र व अन्य क्षेत्रों के विचारक रहे हैं और नोबल पुरस्कार पाएं है। उन्होंने कहा कि उनके बारे में जानकारी हासिल कर उनके पदचिन्हों पर चलकर देश आगे बढ़ रहा है। हम सब भी उनका अनुसरण कर आगे बढ़ सकते हैं। महर्षि वाल्मीकि किसी जाति अथवा समुदाय के नहीं बल्कि वे समस्त मानवता के मार्ग दर्शक थे। उनके पदचिह्नों पर चलकर मनुष्य अपना जीवन उज्जवल बना सकता है।

महर्षि वाल्मीकि को आदि महाकवि कहा जाता है। मान्यता है कि उन्हें ब्रह्मा का अवतार माना गया है। तीनों युगों के महर्षि भी उन्हें कहा जाता है। भगवान श्रीराम को विष्णु का अवतार कहा गया है, उनके चरित्र और घटनाओं का वर्णन महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में मिलता है, रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने श्रीराम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य से परिचित करवाया है। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम को एक साधारण मानव के रूप में प्रस्तुत किया गया, एक ऐसे मानव जिन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति के समक्ष एक आदर्श स्थापित किया है। इसलिए, हम कह सकते हैं कि रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें मर्यादा, सत्य, प्रेम, भातृत्व, मित्रत्व एवं सेवक के धर्म की परिभाषा पूरे समाज को दिखाई है। महर्षि वाल्मीकि किसी क्षेत्र, जाति विशेष को नहीं मानते थे।

वे सबसे उपर उठ कर एक समाज को शिक्षा देने वाले तपी महापुरुष थे। उन्होंने कहा कि हमें आज महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाने की जरुरत है। इस दौरान कांग्रेसी नेता सुरेन्द्र छिक्कारा, नगर पार्षद मनजीत दहिया, जुगल ज्योति, महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट के प्रधान नरेंद्र लाहोट, अशोक कुमार बिरका, प्रकाश, रामेश्वर राणा, ओमप्रकाश, अशोक बिडलान, सूरजभान, बलराज, सतबीर, मास्टर संजय लाहौट, हरबंश लाल, प्रताप, आजाद, सत्यवान, बलराज, सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# माजरा में एम्स को लेकर को-आपरेटिव सोसायटी के गठन की प्रक्रिया शुरू : डीसी

### सहायक रजिस्ट्रार को-आपरेटिव सोसायटी के निरीक्षक की भी हुई नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

जिले के गांव माजरा में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया अब आरंभ हो चुकी है। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने इस परियोजना के लिए जमीन देने वाले किसानों की सहकारी समिति दी माजरा को-आपरेटिव मल्टी पर्पज सोसायटी के गठन के लिए सहायक रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटी के निरीक्षक की भी नियुक्त कर दी है।

**को-आपरेटिव सोसायटी करेगी एम्स के अन्य कार्य:**

उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने सोसायटी के गठन को लेकर परियोजना के लिए जमीन देने वाले किसानों के प्रतिनिधिमण्डल की विशेष बैठक ली। बैठक में परियोजना को लेकर सोसायटी के कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें प्रतिनिधिमण्डल ने अपने सुझावों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों के सुझावों को आगामी कार्यों में इन सुझावों को शामिल करने का भरोसा दिया। उपायुक्त ने कहा कि यह सोसायटी एम्स परियोजना के साथ-साथ क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों की भागीदारी को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि एम्स के लिए सरकार ने बजट भी एलोकेट कर दिया है, जिसके चलते किसानों का शीघ्र ही भुगतान आरंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की को-आपरेटिव सोसायटी परियोजना से जुड़े अन्य कार्यों, जिनमें वाणिज्यिक एवं रिहायशी स्थलों को विकसित करने का आपसी सहमति से प्रबंधन करेगी। इस कार्य में जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा।

**चार माह में एम्स को लेकर चार महत्वपूर्ण घटनाक्रम:**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बीती 28 जुलाई को स्वयं परियोजना स्थल का दौरा किया था। 27 अगस्त को वीडियो कांफ्रेंस से किसानों की प्रमुख मांग, जिनमें 40 लाख रुपये प्रति एकड़ व वाणिज्यिक व रिहायशी परिसर विकसित करने में सहयोग को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की। उन्होंने किसानों की विभिन्न मांगों के समन्वय के लिए सहकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया। डा. बनवारी लाल ने भी 30 अक्टूबर को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में किसानों से बातचीत की।

## संक्षिप्त समाचार

### क्लीन इंडिया के तहत चलाया सफाई अभियान



**सोनीपत।** नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं जिला प्रशासन सोनीपत के द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया) अभियान मनाया जा रहा है। अभियान के सीईओ अमरदीप सिंह के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न गांवों में युवा क्लबों एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के द्वारा चलाया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र, सोनीपत द्वारा बुधवार को युवा स्पोर्ट्स क्लब, सोनीपत के सहयोग से सोनीपत रेलवे स्टेशन और उसके आसपास क्लीन इंडिया प्रोग्राम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इसमें युवा स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों द्वारा प्लास्टिक एवं अन्य कूड़ा करकट को संकलित कर एवं उसका निस्तारण किया गया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि क्लीन इंडिया कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र, सोनीपत एवं जिला प्रशासन के द्वारा जिले के विभिन्न गांवों में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक अक्टूबर 2021 से चलाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया कि हमें कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करना चाहिए एवं कूड़े को डस्टबिन में ही डालना चाहिए, क्योंकि भारत देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी देशवासियों की है। इस दौरान युवा स्पोर्ट्स क्लब का अध्यक्ष सागर, महासचिव सिमरन, हिमांशु, वीरेंद्र विशाल, इशांत, निशु, काजल इत्यादि उपस्थित रहे।

### मीरी पीरी अस्पताल अब हरियाणा सरकार के पैनल पर




**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के सरकारी कर्मचारी, पेंशनर और उनके आश्रित अब मीरी पीरी अस्पताल शाहाबाद में इनडोर/डे केयर जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर द्वारा संचालित मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (चैरिटेबल ट्रस्ट) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ संदीप इन्दर सिंह चीमा ने अस्पताल परिसर में इस बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा इस मंजूरी के उपरांत लाभार्थी हस्पताल में मौजूद आधुनिक सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि वैसे तो संस्थान में साल 2005 से ही सभी सुविधाए चैरिटेबल दामों पर उपलब्ध है, मगर अब हरियाणा के सरकारी कर्मचारी, पेंशनर और उनके आश्रित हस्पताल में मौजूद सुविधाओं का फायदा ले सकते है। डॉ चीमा ने बताया कि मीरी पीरी हस्पताल में इससे पहले प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना का भी मरीज भरपूर लाभ ले रहे है, जिसमें दूसरे और तीसरे दर्जे की सभी स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।

### हमें महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए: रेखा



**कुरुक्षेत्र।** वाल्मीकि समाज सभा लाडवा द्वारा भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि वाल्मीकि के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ भाजपा महिला विंग की प्रदेश महासचिव रेखा वाल्मीकि ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत भाषा के महानतम महाकाव्य के लेखक के रूप में जाना जाता है। देवी माता सीता ने उनके द्वारा दिए गए आश्रय के दौरान जुड़वां बच्चों कुश और लव को आश्रम में ही जन्म दिया। हमें इनके बताए, मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। सभा द्वारा मुख्यातिथि को वाल्मीकि का चित्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को वार्ड 13 स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। इस मौके पर सभा के प्रधान रोहित कल्याण, सन्नी, राहुल, संजीव, तरसेम, हैप्पी, सूरजभान, मोहित, नितिन, रिंकू, राकेश कुमार मौजूद रहे। आशीर्वाद म्यूजिकल ग्रुप ने महर्षि वाल्मीकि के भजनों से समय बांधा व जीवन पर प्रकाश डाला।

# शरद पूर्णिमा पर कई स्थानों पर बांटी औषधियुक्त चमत्कारिक खीर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शरद** पूर्णिमा के मौके पर शहर के कई मंदिरों में खीर का प्रसाद बांटा गया। भूरे बाबा मंदिर, मिशन चौक पर प्राचीन शिव मंदिर, श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ, ककरोई चौक सोनीपत सहित कई मंदिरों में श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ, ककरोई चौक सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ, ककरोई चौक पर पहले दिए रात को चमत्कारिक खीर (औषधियुक्त-लगभग 31 औषधि) बनाई गई। जो दमा, नजला तथा अन्य रोगों के लिए रामबाण औषधि है, जिसका सुबह 7-30 बजे मंदिर में सभी श्रद्धालुओं को बांटा गया। संजय सिंगला ने जानकारी दी कि इस औषधियुक्त खीर को खाने से 5 घंटे पहले और 5 घंटे बाद तक कोई भी ठंडी व खट्टी चीजें खाने का परहेज होगा। उन्होंने बताया कि इस खीर को बनाकर रात को चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है, क्योंकि इस दिन चंद्रमा धरती के सबसे नजदीक होता है और इस तरह खीर में अनेक महत्वपूर्ण जड़ी बूटी डाली जाती है। यह खीर जनहित में मंदिर द्वारा निशुल्क बांटी जाती है। वहीं दूसरी भूरे बाबा मंदिर में शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद बांटा। सुभाष जिन्दल ने बताया कि हर साल मंदिर में शरद पूर्णिमा पर खीर का प्रसाद बांटा जाता है। यह खीर दमा रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है।

### वंचित लोगों के साथ मनाएं महापुरुषों की जयंती: संजय चौधरी

**कुरुक्षेत्र।** हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि महापुरुषों की जयंतियां वंचित लोगों के साथ मनानी चाहिए।

इन महापुरुषों ने हमेशा गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करने का ज्ञान हम सबको दिया है लेकिन उनके रास्ते पर चलने की बजाए हम केवल उनकी मूर्तियों पर फूल माला चढा कर इतिश्री कर लेते हैं। हम उनके दिखाए रास्ते पर चल कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। ऐसा कर हम अपने बच्चों के आगे भी आदर्श स्थापित कर सकते हैं। हम फाउंडेशन द्वारा वाल्मीकि जयंती पर विभिन्न जगहों पर आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए। संस्था के स्वयंसेवकों ने विभिन्न बस्तियों में जाकर वंचित लोगों को कम्बल व मिठाई वितरित की। कार्यक्रम में दिलावर सगवाल, जयपाल शर्मा, अमित पंडित, श्याम रावत, राहुल सोनी आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ऐलनाबाद उपचुनाव: शिअद करेगा इनेलो प्रत्याशी का समर्थन: प्रोफेसर चंदूमाजरा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शिरोमणि** अकाली दल ऐलनाबाद उपचुनाव में इनेलो प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला का समर्थन करते हुए उसकी जीत सुनिश्चित करने का काम करेगा। यह दावा पार्टी के शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उप प्रधान एवं आनंदपुर साहिब (पंजाब) के पूर्व सांसद प्रोफेसर प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने किया। उन्होंने बताया कि शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के सभी पदाधिकारियों की ड्यूटी ऐलनाबाद उपचुनाव के लिए लगा दी गई है।

हमारे सभी साथी शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जत्थेदार शरणजीत सिंह सौथा और प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना के नेतृत्व में


पत्रकारों से बातचीत करते शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उप प्रधान प्रोफेसर प्रेम सिंह चंदूमाजरा व अन्य

गांव-गांव जाकर अभय सिंह चौटाला की जीत सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से काम करेंगे। प्रोफेसर चंदूमाजरा ने कहा कि किसान आंदोलन के लिए अपने विधायक पद का त्याग करने वाले अभय सिंह चौटाला के समर्थन में हर किसी को आना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक कहा कि जो भी पार्टियां खुद को किसान हितैषी होने का दम भरती हैं, उन्हें इस चुनाव में अपने उम्मीदवार ही खड़ा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने सदैव ही इनैलो का समर्थन किया है।

# बुराई से अच्छाई की प्रेरणा देता है वाल्मीकि का जीवन: योगेंद्र राणा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**भगवान** वाल्मीकि चौक पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। पूजा अर्चना के बाद महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई।


वाल्मीकि चौक पर पूजा अर्चना करते जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा व मेयर रेणु बाला गुप्ता।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त मेयर रेणु बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन आनन्द, एडवोकेट प्रवेश शर्मा, कार्यक्रम की आयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष रजनी परोचा एवं अन्य वाल्मीकि समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें बुरे मार्ग से सही मार्ग पर आने की प्रेरणा देता है। यदि हम अपने जीवन को बदलने की ठान लें तो फिर हमें अपने जीवन को सफल बनाने से कोई बुराई नहीं रोक सकती। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि को हम सभी रामायण के रचयिता के रूप में भी जानते है, रामायण हिंदू धर्म में एक सर्वपूजित काव्य है।

### एनसीआर का दायरा घटाकर भाजपा सरकार ने किया धोखा : श्रुति

**भिवानी।** पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा ड्राफ्ट रिजनल प्लान 2021 के तहत दिल्ली-एनसीआर का दायरा घटाएं जाने के फैसले की आलोचना करते इस पर पुनर्विचार करने की मांग की हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से दक्षिण हरियाणा के भिवानी, महेंद्रगढ़ और दादरी जैसे जिले एनसीआर में शामिल किये गए थे, ताकि भौगोलिक रूप से पिछड़े इन जिलों को विकास के पंख लगाए जा सकें। लेकिन अब सत्ता में बैठे केंद्र व प्रदेश सरकार के राजनेताओं की उदासीनता के चलते ये क्षेत्र एनसीआर जोन से बाहर हो रहा है। इस फैसले के बाद केन्द्र व प्रदेश सरकार का दक्षिण हरियाणा विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हो गया हैं।

# वात्सल्य वाटिका स्कूल में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


**वात्सल्य** वाटिका प्राथमिक पाठशाला ब्रह्मा कॉलोनी में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कंवर भान चावला मुंबई मुख्य प्रबंधक सेवानिवृत्त यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ ललित कुमार गौड़ पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र व डायरेक्टर गुलजारी लाल नंदा स्मारक रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले महर्षि वाल्मीकिजी को पुष्प अर्पित कर नमन व याद किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने आए हुए अतिथियों का परिचय स्वागत और विद्यालय गतिविधियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ ललित कुमार गौड़ ने कहा कि गाय जैसे अपने बच्चे व बच्चियों को प्यार करती है, वैसे ही स्वामी जी इन सभी बच्चों से प्यार करते हैं, बच्चे भगवान का रूप होते हैं। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट प्रधान ओमप्रकाश मित्तल, कंवर भान चावला मुख्य प्रबंधक सेवानिवृत्त यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, डॉ ललित कुमार गौड़ पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र, डॉ गार्गी शर्मा विज्ञान शिक्षक गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र, आदि लोग मौजूद रहे।

### नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में लगाया वैक्सीनेशन कैंप

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग एवं यूपीएससी मोहन नगर के सौजन्य से नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में डॉ सौरभ और बीडी गाबा की देखरेख में कोवेक्सीन व कोविशील्ड के वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया। कैंप में 18 वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के लिए पहली व दूसरी खुराक लगाई गई। कैंप में कोवेक्सीन का टीका सबसे पहले विद्यालय के अध्यापक सुनील दत्त को व कोविशील्ड का टीका सबसे पहले अध्यापक प्रदीप को लगाया गया। आसपास के कुल 165 लोगों को टीका लगाया गया। जिसमें से 84 टीके कोवैक्सीन व 81 टीके कोविशील्ड के लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने बताया कोरोना के बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है। साथ ही उन्होंने लोगों को मास्क तथा बार बार हाथ धो कर सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया।

प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मृत्यु को जीवन संगीत में बदल कर दिखाओ,
मात खा चुके हो संभल कर दिखाओ,
टांग टूटी हो तो भी चलना मुश्किल है,
तुम्हारा दिल टूटा है मचल कर दिखाओ।

# बायोफैच इंडिया 2021 का 13वां संस्करण 28 से 30 अक्टूबर तक होगा आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत यमुनानगर।

**बायोफैच** इंडिया का 13वां संस्करण 28 से 30 अक्टूबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से नूर्नबर्गमेस्से इंडिया द्वारा आयोजित, इस आयोजन से प्रमुख जैविक कंपनियों और हितधारकों को एक साथ लाने की उम्मीद है।

नूर्नबर्ग मेस्से इंडिया की प्रबंध निदेशक सोनिया पराशर ने इस आयोजन के विकास को लगातार सकारात्मक बताते हुए कहा कि आगामी संस्करण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 2009 में आयोजन की शुरुआत से लेकर अब तक बायोफैच इंडिया ने खुद को एक मजबूत ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। यह जैविक क्षेत्र के लिए एक अनिवार्य घटना है और उद्योग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक वादा है, जो एक नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बनाने के लिए संवाद और व्यापार को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि भारत का जैविक बाजार तेजी से विकसित हो रहा है, और वित्त वर्ष 2020 में 177.14 मिलियन डालर से से वित्त वर्ष 2026 में 553.87 मिलियन डालर तक बढ़ने का अनुमान है, जो 2026 तक 21 प्रतिशत के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार सब्सिडी के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है और पारिस्थितिक उत्पादन विधियों का उपयोग करके अधिक क्षेत्रों को खेती के तहत लाया जा रहा है।

यह संस्करण हितधारकों को व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने, प्रासंगिक व्यावसायिक भागीदारों से मिलने, नवीनतम विकास के बारे में जानने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से इस बढ़ते और आशाजनक क्षेत्र के आसपास संवाद और चर्चा को फिर से शुरू करने का अवसर खोजने का एक आदर्श अवसर प्रदान करेगा।

### परमहंस तपोभूमि योग आश्रम में शरद पूर्णिमा पर हुआ पाठ

**भिवानी।** परमहंस तपोभूमि योग आश्रम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर पाठ का आयोजन किया गया। भक्तों ने पाठ में प्रभु का गुणगान किया। इस अवसर पर सानिध्य महाराज कृष्णा नंद सरस्वतीजी का रहा।

श्रीमहाराज ने शरद पूर्णिमा का महत्व बताते हुए, कहा कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा और माता लक्ष्मी के पूजन का विधान है। इस दिन माता लक्ष्मी का पूजन मुख्य रूप से फलदायी होता है। यह समस्त पापों से मुक्ति दिलाता है। इस दिन चंद्रमा की किरणों से निकलने वाले अमृत से मिलकर बनी खीर का भोग व्यक्ति को निरोगी करने के साथ कई कष्टों से मुक्ति दिलाता है। इसके अलावा शरद पूर्णिमा का महत्व और ज्यादा इसलिए भी है, क्योंकि इस दिन माँ लक्ष्मी रात्रि भर भ्रमण करती हैं और इनके पूजन से घर में धन-संपदा का आगमन होता है। चंद्रमा की रोशनी में रखी हुई खीर खाने से मन और तन को शीतलता मिलती है। ऐसा माना जाता है कि यह खीर अमृत से युक्त होती है। इसलिए इसे घर के सभी लोगों को खाना चाहिए और प्रसाद के रूप में सभी को वितरित करना चाहिए।

### डीपी वर्ल्ड ने लॉन्च किया कार्गोज लॉजिस्टिक्स

# स्मार्ट लॉजिस्टिक्स के लिए दिया सिंगल विंडो डिजिटल सॉल्यूशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

**स्मार्ट** सप्लाई चेन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी डीपी वर्ल्ड ने आज अपना नया डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्लेटफार्म कार्गोज लॉजिस्टिक्स लॉन्च करने की घोषणा की। यह प्लेटफार्म ग्राहकों के लिए सिंगल-विंडो सॉल्यूशन की पेशकश करता है जो कार्गो को निर्बाध, सुरक्षित तथा दक्षतापूर्वक आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है।

कार्गोज लॉजिस्टिक्स की मदद से ग्राहकों को तीन आसान चरणों सर्च, चूज एंड बुक के जरिए मिलते हैं अनेक किस्म के लॉजिस्टिक्स विकल्प जिनमें समुद्र, सड़क और/या रेल मार्गो से आवाजाही, तत्काल कोट्स, शीघ्र बुकिंग की पुष्टि और सुरक्षित भुगतान विकल्प शामिल हैं। लॉन्च के पहले चरण में, भारत से मध्य एशिया, उप महाद्वीप, दक्षिणपूर्वी एशिया, सुदूर पूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका समेत संयुक्त अरब अमीरात से भारत में अनेक स्थानों के लिए तत्काल कार्गो बुक करने की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

डीपी वर्ल्ड के सीईओ व एमडी, उपमहाद्वीप रिजवान सूमर ने कहा, यह घोषणा वैश्विक स्तर पर स्मार्ट लॉजिस्टिक्स की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता की सूचक है। कार्गोज लॉजिस्टिक्स के साथ, हमारा लक्ष्य अत्यंत कुशल, निर्बाध और संपूर्ण पारदर्शी सप्लाई चेन्स का निर्माण करना है।

यह नया डिजिटल सॉल्यूशन सभी प्रकार के परिवहन साधनों के मामले में विजिबिलिटी प्रदान कर कंटेनर शिपिंग के अनुभव को आसान बनाएगा। हम टैक्नोलॉजी में निवेश जारी रखते हुए अपने ग्राहकों को इनोवेशन के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ नए प्रोडक्ट्स और फीचर्स जोड़ते हुए ग्लोबल सॉल्यूशंस की उनकी जरूरतों के मुताबिक सॉल्यूशंस प्रदान करेंगे।

प्रदीप देसाई, चीफ टैक्नोलॉजी ऑफिसर, डीपी वर्ल्ड ने कहा, डिजिटल सॉल्यूशंस की मांग इससे अधिक पहले कभी नहीं थी और यह लगातार बढ़ रही है।

हम टैक्नोलॉजी की मदद से अपने ग्राहकों के लिए मूल्य सृजन करते हुए विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। डीपी वर्ल्ड का कार्गोज लॉजिस्टिक्स वास्तव में, कार्गोज सॉफ्टवेयर सुइट ऑफ प्रोडक्ट्स का हिस्सा है। डीपी वर्ल्ड ने सप्लाई चेन में अकुशलताओं की चुनौतियों से निपटने के लिए कार्गोज को पेश किया था। यह संपूर्ण समाधान है जिसे फाइनेंस, ईआरपी, ट्रैकिंग, टर्मिनल ऑपरेटिंग सिस्टम, कस्टम्स सॉफ्टवेयर तथा एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समेत ग्लोबल ट्रेड के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# केंद्र के पास बंटवारे के मृतकों-विस्थापितों का नहीं है कोई रिकार्ड

## आरटीआई में हुआ खुलासा, भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौर मृत व विस्थापितों के नहीं दस्तावेज

### मोदी सरकार ने किया है स्मृति दिवस मनाने का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**एक** ओर जहां मोदी सरकार ने सन 1947 में भारत-पाक के हुए विभाजन की त्रासदी व पीड़ा पर पूरे देश में हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की है। वहीं आरटीआई के तहत खुलासा हुआ है कि केंद्र सरकार के पास भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए लोगों व विस्थापन के शिकार लोगों की कोई सूचना तक नहीं है। इन मृतकों के आश्रितों को क्या आर्थिक सहायता दी गई व विभाजन के फैसले पर हस्ताक्षर करने वाले तत्कालीन भारतीय व ब्रिटिश नेताओं के नामों व सम्बंधित दस्तावेजों की भी कोई जानकारी नहीं है।

यह अहम जानकारी पानीपत के आरटीआई कार्यकर्ता पीपी कपूर ने बताया कि सन 1947 में विभाजन




के वक्त उनके परिजनों को इसाखेल, जिला मियांवाली (पाकिस्तान) से पानीपत आना पड़ा। विभाजन की इस पीड़ा व विभीषिका के सच को जानने के लिए उन्होंने तीन वर्ष पूर्व 29 अक्टूबर 2018 को केंद्रीय गृह मंत्रालय में आठ सूत्रीय आरटीआई लगाई थी।

इस पर गृह मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के जन सूचना अधिकारी व प्रथम अपीलीय अधिकारी ने अपने जवाबों में कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया। इस जवाब से असंतुष्ट कपूर ने 15 मई 2019 को केंद्रीय सूचना आयोग में द्वितीय अपील भेज कर सूचनाएं दिलवाने की गुहार लगाई। इस पर केंद्रीय मुख्य सूचना आयुक्त वाई के सिन्हा ने 18 अक्टूबर 2021 को इस केस का निपटारा करते हुए फैसला दिया कि सरकार के पास ऐसी कोई सूचना न होने बारे जन सूचना अधिकारी सूचित कर चुके हैं। इसलिए आयोग इस केस में आगे कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

कपूर ने विभाजन के शिकार हुए दोनों ओर के सभी लोगों का ब्यौरा रखने, मृतकों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देने व साम्प्रदायिक तत्वों को कुचलने की मांग करते हुए कहा कि पिछले 74 वर्षों में देश में विभिन्न पार्टियों की सरकारें सत्ता में आई। इससे ज्यादा दु:खद क्या होगा कि वर्तमान मोदी सरकार सहित किसी भी सरकार ने विभाजन की बलिवेदी पर चढ़ाये गए करीब दो लाख निर्दोष नागरिकों व करीब डेढ़ करोड़ विस्थापितों का कोई ब्यौरा तक नहीं रखा। आरोप लगाया कि अब विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उपयोग भी नफरत की आग फैला कर राजनीतिक रोटियां सेंकने में किया जाएगा।

# हरियाणा सरकार ने ऐलनाबाद में करवाए करोड़ों के विकास कार्य

## विधायक रहे इनेलो प्रत्याशी ने सरकार के समक्ष कभी नहीं उठाई समस्या

### भाजपा ने गिनाए विधानसभा में किए गए काम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**ऐलनाबाद** विधानसभा उपचुनाव में उतरे विरोधी दलों के प्रत्याशियों के पास जहां जनता को गिनवाने के लिए कुछ नहीं है, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने ऐलनाबाद में हुए विकास कार्यों को स्थानीय जनता के सामने रखना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। इस हलके से विधायक रहे इनेलो प्रत्याशी ने आजतक न तो विधानसभा में कभी ऐलनाबाद की समस्याओं को उठाया है और न ही कभी यहां के लोगों की समस्याओं के लिए सरकार के द्वार पर दस्तक दी है।

हरियाणा सरकार द्वारा अपने पहले व दूसरे कार्यकाल के दौरान यहां विकास के नाम पर जहां प्रत्येक क्षेत्र को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है, वहीं सांसद सुनीता दुग्गल भी केंद्र से कई योजनाएं मंजूर करवाकर लाई हैं। भाजपा सरकार द्वारा यहां 15 नए सामुदायिक तालाबों का निर्माण, करीब दस हजार पशुओं का बीमा करने, 32 गोशालाओं को करीब डेढ करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। मनोहर सरकार के कार्यकाल के दौरान नाथूसरी चौपटा में जहां बस अड्डे का निर्माण किया गया, वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब तीन सौ किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार तथा 30 किलोमीटर से अधिक सड़कों को चौड़ा किया गया। सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट कार्ड के अनुसार यहां 35 ग्राम सचिवालय तथा 39 अटल सांझ सेवा केंद्र खोले गए हैं।

बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए 362 नए ट्रांसफार्मर लगाकर सात नए सब स्टेशनों की स्थापना की गई है। ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी 75 गांव खुले में शौच मुक्त हो चुके हैं। इसके अलावा नौ गांवों में खेल व्यायामशालाएं तथा नौ गोल्डन खेल जुबली नर्सरियां स्थापित की हैं।




#### विभाग से संबंधित विकास कार्य हुए हैं



विपक्ष के पास आज ऐलनाबाद में कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष यहां बिना मुद्दों की लड़ाई लड़ रहा है। ऐलनाबाद में अब तक विधायक रहे नेता ने कभी इस क्षेत्र की समस्या सरकार तक नहीं पहुंचाई। इसके बावजूद यहां हर विभाग से संबंधित विकास कार्य हुए हैं। इस हलके की जनता यह समझ चुकी है कि इस चुनाव में सरकार के साथ चलने में ही विकास होगा। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद यहां कई नई विकास योजनाएं लागू की जाएगी।

**ओपी धनखड़, अध्यक्ष हरियाणा भाजपा।**

#### केंद्र की मोदी सरकार ने ऐलनाबाद में करवाए ये विकास कार्य

- **58 करोड़ की लागत से एनएच 9 पर चार अंडरपास मंजूर**
- **जोधका-बढ़ागुढ़ा में रेलवे अंडरपास**
- **सिरसा जिला में फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 1041 करोड़ दिए**
- **किसान निधि योजना के तहत सिरसा जिले में 205 करोड़ रुपये दिए।**

# कांग्रेस ने महिलाओं का दिया सम्मान, भाजपा ने किया अपमान : सुधा भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुधा भारद्वाज ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी चाहे सत्ता में रहे और विपक्ष में रहे हर बार महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को अपमानित करने काम किया है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की घोषणा का स्वागत करते हुए हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा ही नहीं देश की महिलाएं आज खुद को ठगा सा महसूस कर रही हैं। पिछले सात साल में जहां देशभर में महिलाओं के साथ होने वाली अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है वहीं बढ़ती महंगाई ने महिलाओं के लिए रसोई संभालना मुश्किल कर दिया है।

सुधा भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन में महिलाओं को राजनीतिक हिस्सेदारी के नाम पर केवल बयान दिए हैं जबकि प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण देकर यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी ही महिलाओं की आवाज बुलंद कर सकती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा नेटा डिसूजा ने भी हरियाणा दौरे के दौरान यह साफ कर दिया है कि हरियाणा में निकट भविष्य में होने वाले पंचायत तथा निकाय चुनावों में अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट देकर उन्हें राजनीतिक रूप से मजबूत किया जाएगा। सुधा भारद्वाज ने हरियाणा की महिलाओं को सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के खिलाफ एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि हरियाणा में महिलाएं अगर ठान लें तो मौजूदा सरकार का तख्ता पलट होना तय है।

### हरियाणा के निकाय व पंचायत चुनाव में महिलाओं को मिलेगी हिस्सेदारी

# निदेशक जांच रिपोर्ट के इंतजार में डीएफएससी का दावा भेज दी

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

### खाद्य आपूर्ति विभाग की निसिंग में पकड़े 35 हजार क्विंटल चावल की जांच जारी

**कुंजपुरा** मार्केट कमेटी के अधीन घीड़ मंडी में धान खरीद में हुए फर्जीवाड़े में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड चीफ एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा कई अधिकारियों को सस्पेंड किया जा चुका है, यहां तक की डीसी निशांत यादव के आदेशों पर केस दर्ज करवाया जा चुका है। वहीं इसी मामले में खरीद एजेंसियों के अधिकारियों पर कार्यवाही न होने पर कई सवाल उठ रहे हैं। क्या कार्यवाही होगी या नहीं? इस पर प्रश्नचिह्न खड़े होने लगे हैं।

मामले में खाद्य आपूर्ति विभाग हरियाणा डायरेक्टर विजय दहिया ने बताया कि उन्हें घीड़ मंडी के मामले में जांच रिपोर्ट नहीं मिली हैं, जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगामी कार्यवाही की जाएगी। उधर डीएफएससी अशोक रावत ने कहा कि रिपोर्ट भेज दी गई हैं, अवकाश होने के चलते रिपोर्ट पहुंचने में कुछ समय लग रहा होगा। आरोप है कि एक खरीद एजेंसी के अधिकारी द्वारा तय दिन से पहले ही धान की खरीद की गई। वहीं घीड़ मंडी में फर्मों को चेक नहीं किया गया। जांच में सामने आया था कि मंडी में करीब 24 हजार क्विंटल धान के गेट पास गए थे, जबकि धान मंडी में पाया ही नहीं गया था। मामले में कई पेंच फंसे हुए हैं, जिनके जवाब जांच पूरी होने के बाद ही पता चल सकेगा।

**गोदाम में मिले करोड़ों के चावल मालिकों को बुलाया:**

**उधर** निसिंग के एक गोदाम में करीब 35 हजार क्विंटल चावल के पकड़े जाने के बावजूद अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई हैं। डीएफएससी अशोक रावत ने बताया कि गोदाम को सील किया जा चुका है, जिनका चावल है, उनको बुलाया था। लेकिन वे नहीं आए। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। धान खरीद का कार्य जोरों पर हैं, इस काम में लगे हैं। जल्द ही मामले की जांच पूरी कर ली जाएगी।

**चावल को मिक्स करके जमा करवाते हैं एफसीआई को:**

**मंडी** के कई आढ़तियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताते हुए आरोप लगाएं कि कई राइस मिलर्स बाहरी राज्यों से पीडीएस या अन्य घटिया स्तर का चावलों का स्टॉक करते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दूसरा कागजों में खरीदी गई धान का चावल बाहरी चावल से मिलीभगत करके जमा करवाया जाता है। देखने में ये साधारण सा मामला लगता हैं, लेकिन ये भ्रष्टाचार का बड़ा खेल है।

# जमीन आवंटन को लेकर सीएम से मिला खटीक समाज

**भिवानी।** संत श्रीदुर्बल नाथ भवन के लिए जमीन आवंटित किए जाने की मांग लेकर भिवानी खटीक समाज का एक प्रतिनिधिमंडल अखिल भारतीय खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र बडगुज्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके आवास पर मिला।

इस दौरान खटीक समाज का नेतृत्व करते हुए बिजेंद्र बडगुज्जर ने कहा कि भिवानी में पिछले काफी लंबे समय से संत श्रीदुर्बल नाथ भवन की मांग की जा रही है, जिसकी समाज के लोगों को जरूरत भी है।उन्होंने कहा यदि भिवानी में खटीक समाज के धर्मगुरू संत श्रीदुर्बल नाथ के नाम से भवन का निर्माण होता है तो आने वाली पीढ़ियों को भी इन महापुरूष के बारे में पता लग पाएगा। इसके साथ ही यह भवन बनने के बाद इसमें धार्मिक एवं सामाजिक कार्य भी संपन्न किए जा सकेंगे। इन सबसे बढ़कर समाज के किसी जरूरतमंद व्यक्ति को अपनी बेटी की शादी के लिए स्थान पर रुपया खर्च नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूख दिखाते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वासित किया तथा ओएसडी भूपेश्वर दयाल को इन मांगों पर कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।

# ऐलनाबाद में धनखड़ का चुनावी चक्रव्यूह तोड़ने में विपक्ष कितना होगा कामयाब?

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**ऐलनाबाद** उपचुनाव के प्रचार अभियान में तेजी आने लगी है। राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक भी प्रचार अभियान में शामिल लगे हैं लेकिन चुनाव प्रचार की अभी धारा नहीं बन पाई है। अभी तक मतदाताओं ने भी चुपी साध रखी है, लेकिन प्रत्याशियों के समर्थकों ने चुनाव क्षेत्र के गांवों में डेरे लगा लिए हैं। मतदाताओं पर दबाव बनाने के लिए उनकी रिश्तेदारियां खोजी जा रही हैं। वैसे तो यह उप चुनाव सभी दलों के लिए महत्व रखता है पर सत्तासीन भाजपा के लिए इसका अधिक महत्व है।

भाजपा के संगठन को यह उप चुनाव एक नई दिशा देगा, क्योंकि बरोदा उप चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेश प्रधान ओम प्रकाश धनखड़ ने पार्टी संगठन को है। चुनाव का परिणाम संगठन की ताकत का फैसला करेगा। सम्भावना जताई जा रही है कि चुनाव परिणाम के बाद सिरसा जिला इकाई का पुन: मूल्यांकन किया जायेगा। सम्भव है कि कई पदाधिकारियों को अतिरिक्त और बड़ी जिम्मेदारी मिल जाए और कई पदाधिकारियों को नीचे ले आया जाए? वैसे चुनाव जीतने के लिए प्रदेश प्रधान ओम प्रकाश धनखड़ ने जो व्यूह रचना की है, वो निसंदेह अभेद्य कही जा सकती है। भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की पूरी फौज ऐलनाबाद चुनाव में उतार दी गई है। यह चुनाव परिणाम बतायेग कि भाजपा की चुनावी नीति पार्टी में नया प्रवेश पा कर टिकट हासिल करने वाले गोबिंद कांडा को जीता पाती है या नहीं? यह भाजपा के लिए एक यक्ष प्रश्न है। जबकि गोबिंद कांडा अपनी घरेलू पार्टी हलोपा से दो चुनाव रतिया से लड़ चुके हैं और दूसरे स्थान पर रह कर हार चुके हैं। इसलिए भाजपा के लिए प्लस प्वाईंट यह है कि गोबिंद कांडा इस क्षेत्र के लिए नया नाम नहीं है। सिरसा के सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में कांडा बंधुओं का चर्चित नाम है। यह चुनाव परिणाम बतायेगा कि इस नाम का उनको कितना फायदा मिल पाता है। इस बात से इनेलो और कांग्रेस दोनों अनजान नहीं है। लेकिन कांग्रेस में टिकट को लेकर शुरू हुआ आंतरिक कलह भी चुनाव परिणाम को अवश्य प्रभावित करेगा। कांग्रेस के असंतुष्ट नेता भरत बेनीवाल ने हालांकि ऐलान कर दिया है कि वें कांग्रेस आलाकमान के आदेश पर काम करेंगे। उन्होंने पार्टी की प्रदेश प्रधान कुमारी सैलजा के साथ मंच भी साझा किया है पर अभी तक खुल कर कांग्रेस प्रत्याशी पवन बेनीवाल के लिए वोट की अपील नहीं की है। जबकि चर्चाकारों का कहना है कि भरत बेनीवाल का साथ कांग्रेस को जीत के समीप पहुंचा सकता है, लेकिन चुनाव प्रचार में कांग्रेस का संगठन का न होना भी एक बड़ी समस्या पैदा कर रहा है। करीब सात सालों में कांग्रेस संगठन खड़ा नहीं कर पाई है, जबकि प्रदेश प्रधान को भी बदला जा चुका है। चुनावी राजनीति में दखल रखने वालों का कहना है कि अगर कांग्रेस के पाास अपना संगठन होता तो 2019 में हुए चुनाव में कांग्रेस की स्थिति ही कुछ ओर होती। अब ऐलनाबाद में भी संगठन की कमी कांग्रेस को खलने लगी है। प्रत्याशी के अपने व्यक्तिगत कार्यकर्ता ही चुनाव अभियान का सम्भाल रहे हैं। पार्टी पदाधिकारी न होने के कारण संगठन स्तर पर जिम्मेदारी नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं अभी तक कुमारी सैलजा और भूपेन्द्र सिंह हुड्डा गुट के समर्थक प्रचार में इकठे नहीं हो पा रहे हैं।

### उप चुनाव में भाजपा का संगठन बड़ी भूमिका अदा करेगा

# ई-गोबर से बने खाद को किसानों तक पहुंचाएगी हरियाणा सरकार: कृषि मंत्री

## डीएपी के विकल्प जैविक प्रोम के भविष्य पर हुआ वेबिनार

### लैब टेस्टिंग के बाद खेतों में शुरू होगा ट्रायल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों को जैविक खेती अपनाने एवं गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जायेंगे। दलाल ने यह बात बुधवार को यहां रसायनिक डीएपी के विकल्प जैविक प्रोम के भविष्य की कार्य योजना पर आयोजित ऑनलाइन वेबीनार में वर्चुअल माध्यम से कही।

उन्होंने कहा कि गो अनुसंधान केंद्र में तैयार और डीएपी के विकल्प जैविक प्रोम का सर्टिफिकेशन किया जाए। इस खाद के मानक प्रमाणित होने पर हरियाणा सरकार प्रमाणिक तौर पर तैयार खाद को किसानों तक पहुंचाएगी। यह जैविक खेती में एक जबरदस्त क्रांति का काम करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमें पारंपरिक गौ आधारित खेती पर जोर देना होगा।

फॉस्फेट आधारित गाय के गोबर से बनी इस प्रोम खाद को पूरी तरह से किसी विश्वसनीय लैब से टेस्टिंग करवाई जानी चाहिए तथा खेतों में इसका एक ट्रायल के तौर पर प्रयोग करके किसानों को इस तरह के खाद की आवश्यकता से रूबरू कराना होगा। यह खाद निश्चित तौर पर रासायनिक डीएपी से काफी सस्ती व ज्यादा कामयाब साबित हो सकती है। अगर हम इस दिशा में कामयाब



होते हैं तो निश्चित तौर पर हरियाणा देश में पहला राज्य होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए हर संभव कदम उठाने को कृत संकल्पित हैं और जैविक खेती आज के समय की आवश्यकता है। गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए गाय के गोबर से जैविक खाद तैयार करने और गौमूत्र के प्रासंगिक उपयोग के लिए अनुसंधान पर अधिक जोर दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने बताया कि आधुनिक समय में निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती की राह अत्यन्त लाभदायक है। मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितान्त आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हों, शुद्ध वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिए हमें जैविक खेती की कृषि पद्धतियां को अपनाना होगा जोकि हमारे प्राकृतिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किए बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकें।

हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय के गोबर को भी धन माना गया है। हजारों वर्षों से हमारी कृषि गोबर, गोमूत्र पर आधारित रही है। विभिन्न संगठनों द्वारा जैविक खेती के विभिन्न आयामों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ केतकी बापट, भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ प्रवीन मलिक, हरियाणा पशुपालन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ हरदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी वेबिनार में वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीदों की अस्थि कलश यात्रा के दर्शन को उमड़े ग्रामीण



**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर डबवाली से टिकरी बार्डर तक लखीमपुर खीरी में हुए पांच शहीद किसानों की अस्थि कलश यात्रा के दर्शन व श्रद्धाजंलि देने के लिए जिले के विभिन्न गांव व कस्बों में किसान मजदूरों व आम जनता की भारी भीड़ उमड़ कर आई। इस कलश यात्रा को 19 अक्तूबर से भिवानी जिले ने हिसार जिले से मुण्डाल में स्वागत करके प्राप्त किया था। उसके बाद धनाना व प्रेम नगर में यात्रा का भारी स्वागत हुआ। कलश यात्रा को रात का ठहराव भिवानी में किया गया। 20 अक्तूबर को प्रात: शहीद भगतसिंह चौक से यात्रा शुरू होकर गांव सुई, बलयाली, तोशाम, दुल्हेड़ी, पटौदी, मीरान, कालोद गुढ़ा, ईशरवाल, गोपालवास, ओबरा, खरकड़ी बावनी, जुई होते हुए सांयकाल बाढ़ड़ा में दादरी जिले को सुपुर्द किया है। भिवानी जिले में कलश यात्रा का नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा के जोगिन्द्र नैन, किसान सभा के कामरेड ओमप्रकाश, जाटू खाप के कार्यवाहक प्रधान रोहताश पहलवान, युवा कल्याण संगठन के कमल प्रधान, चौधरी छोटू राम डाक्टर अम्बेडकर मंच के बलबीर सिंह बजाड़, प्रेम नगर धरने के सन्दीप मल्हान, भारतीय किसान यूनियन के राकेश आर्य, भगत सिंह ब्रेगड के अजित थनाना, सुन्दर पहलवान, कविता आर्य, बाबा सदानन्द सरस्वती ममता धनाना, अजित बाडी धनाना कर रहे थे। कमल प्रधान व मास्टर शेर सिहं ने यात्रा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कलश यात्रा का उदेश्य हमारे शहीदों के त्याग व बलिदान को याद करते हुए प्रेरणा लें तथा सरकार की जन विरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला करें। उन्होंने केन्द्रीय गृह राज्य मन्त्री को बर्खास्त करके धारा 120 बी के तहत गिरफ्तार किया जाए, ताकि लखीमपुर कांड की निष्पक्ष जांच होकर दोषियों को कड़ी सजा मिले।

### बर्खास्त पीटीआई को बहाल कर भूखा मरने से बचाए सरकार




**भिवानी।** अपनी बहाली की मांग को लेकर बर्खास्त पीटीआई लगभग दो वर्षो से संघर्षरत हैं, लेकिन प्रदेश के मुखिया उनकी बहाली करने की बजाए उनके साथ बार-बार वादा खिलाफी कर रहे हैं। प्रदेश सरकार को चाहिए कि होई कोर्ट में उलझे हुए बर्खास्त पीटीआई के मामले को सुलझाते हुए उनकी बहाली कर प्रदेश के 1983 परिवारों को भूखा मरने से बचाए। यह बात स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई को संबोधित करते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिलबाग जांगड़ा ने कही। बुधवार को बर्खास्त पीटीआई का धरना 492वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए दिलबाग जांगड़ा ने कहा कि पिछले छह माह से उनकी बहाली का मामला हाईकोर्ट में अटका हुआ है। छह माह के दौरान लगातार तारीख पर तारीख दी जा रही है, लेकिन इस मामले में प्रदेश सरकार कोई हस्तक्षेप नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि हाईकोर्ट में अटके बर्खास्त पीटीआई के मामले को सुलझाए तथा अपना वायदा पूरा करते हुए बर्खास्त पीटीआई को बहाल कर प्रदेश के 1983 परिवारों को भूखा मरने से बचाए।

### उद्यमिता से हो रहा महिला सशक्तिकरण: मित्तल



**भिवानी।** उद्यमिता केंद्रित गुणवक्तापूर्ण प्रयासों में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय अपनी अग्रणी भूमिका निरंतर निभाता रहा है और इसी दिशा केंद्रित बुधवार को विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक कार्यशाला का आयोजन उद्यमिता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण विषय पर हुआ। जिसे वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय ने आर्यभट्ट उद्भवन केंद्र के साथ संयोजित किया। इस नवनिर्मित श्रंखलाबद्ध आयोजन के प्रथम उपलक्ष में भिवानी जिले की तीस से अधिक स्व: उद्यमी महिलाओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों से अपनी उद्यमिता एवं स्वावलंबन के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने उद्यमशील महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा की राष्ट्र के नवनिर्माण में नारी शक्ति का योगदान अपेक्षित है। उन्हें बहुत खुशी है कि भिवानी जिले में इतनी स्वयं उद्यमशीलता मौजूद है। प्रो. मित्तल ने बताया कि नयी शिक्षा नीति इस तरफ गतिमान है और उद्योग जगत को छात्रों के साथ परस्पर क्रिया संवाद और प्रशिक्षुता के साथ व्यवहार बढ़ाना होगा। इस लिए जरूरी है कि उपस्थित उद्यमी संकल्प ले कि वे कम से कम एक छात्र को मार्गदर्शित करें। जिससे कि न केवल छात्र को रोजगार मिले बल्कि वो आगे स्वयं उद्यमी बनकर दूसरे लोगों को भी रोज़गार देने में सक्षम हों। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इन प्रयासों से अगर हम एक रिलायंस या अमेजन जैसी बड़ी कंपनी के भिवानी जिले में गठन कर पाने में कामयाब हो जाते हैं तो न केवल सामाजिक बल्कि वाणिज्यिक रूप से भी हम कार्यकुशल हो सकेंगे।

### ऑटो व ई-रिक्शा चालक 26 को हड़ताल करने को विवश



**भिवानी।** न्यू ऑटो रिक्शा एसोसिएशन भिवानी की मीटिंग हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेन्द्र सोनी ने की। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए सोनी ने कहा कि जिला उपायुक्त द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तानाशाही रवैया अपनाकर ऑटो पर 15 रुपये के स्टीकर पुलिस कर्मियों द्वारा जबर्दस्ती लगाये जा रहे हैं। अगर कोई ऑटो चालक स्टीकर लगवाने में आनाकानी करता है तो उसका चालान काट दिया जाता है। सोनी ने कहा कि उपायुक्त की इस हठधर्मिता के खिलाफ एसोसिएशन व ऑटो चालकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 26 अक्टूबर को ऑटो व ई-रिक्शा पूर्ण हड़ताल पर रहेंगे। जिला प्रशासन के पास ऑटो चालकों का किराया घटाने व बढाने की अनुमति नहीं है।

# उप्र चुनाव: कांग्रेस के 40 फीसद महिला प्रत्याशी उतारने का टीएमसी ने मजाक उड़ाया

## ट्वीट कर कहा, हमने लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 40 प्रतिशत सीटें दी थीं

### देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया

**एजेंसी।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी के उस निर्णय का मजाक उड़ाया। जिसमें पार्टी ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत महिला प्रत्याशी खड़ा करने का निर्णय लिया है। तृणमूल ने उम्मीद जताई कि उसकी नीति की नकल कर कांग्रेस ने केवल दिखावा नहीं किया होगा।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देगी। तृणमूल की ओर से ट्वीट किया गया, ममता बनर्जी के नेतृत्व में, तृणमूल कांग्रेस ने वह रास्ता दिखाया जिसने देश की



राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया है। हम पहली पार्टी थे जिसने लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 40 प्रतिशत सीटें दीं। पार्टी ने कहा, ऐसे कठिन समय में, कांग्रेस इसी का अनुकरण करने का प्रयास कर रही है और हमें उम्मीद है कि यह केवल दिखावा नहीं होगा बल्कि असल में किया जाएगा।


अगर वे इसे गंभीरता से लेते हैं तो उन्हें उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी 40 प्रतिशत सीटें महिलाओं को देनी चाहिए। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी की ओर से यह आलोचना ऐसे समय की गई है जब कांग्रेस और टीएमसी दोनों ही भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध विपक्ष की अगुवाई करने का प्रयास कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी को राजनीति में महिला सशक्तिकरण पर तृणमूल से सीख लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, यह तृणमूल कांग्रेस है, जो कांग्रेस का अनुकरण करने की कोशिश कर रही है और हमारे नेताओं को अपने पाले में खींचने का प्रयास कर रही है।

# भगवान बुद्ध भारत के संविधान के हैं प्रेरणास्रोत : प्रधानमंत्री

## मोदी ने अभिधम्म दिवस पर कहा, तिरंगे के धम्म चक्र में देश को आगे ले जाने की शक्ति

### कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूरी दुनिया के करोड़ों अनुयायियों को होगी सुविधा

**एजेंसी।** कुशीनगर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अंगीकार किया है और बुद्ध आज भी भारत के संविधान की प्रेरणा हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां महापरिनिर्वाण मंदिर में अभिधम्म दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन की शुरुआत करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं को चीवर दान किए।

उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध की कृपा से आज के दिन कई अलौकिक संयोग हो रहे हैं। बुद्ध के संदेश पूरी मानवता के लिए हैं। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की शुरुआत से पूरी दुनिया से करोड़ों अनुयायियों को यहां आने का अवसर मिलेगा, उनकी यात्रा आसान होगी। उन्होंने कहा, अलग देश, अलग परिवेश लेकिन मानवता की आत्मा में बसे बुद्ध सबको जोड़ रहे हैं। भारत ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपनी विकास यात्रा का हिस्सा बनाया है, उसे अंगीकार किया है। हमने ज्ञान को, महान संदेशों को, महान आत्माओं के विचारों को बांधने में कभी भरोसा नहीं किया, बल्कि जो कुछ भी हमारा था उसे मानवता के लिए मम भाव से अर्पित किया है इसलिए अहिंसा, दया, करुणा जैसे मूल्य आज भी उतनी ही सरलता से भारत के अंतर्मन में रचे बसे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अभिधम्म दिवस कार्यक्रम में कहा कि तिरंगे पर जो धम्म चक्र है, उसमें देश को आगे ले जाने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज भी जब कोई संसद में प्रवेश करता है तो उन्हें धम्म चक्र प्रवर्तने मंत्र लिखा दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, बुद्ध पूरी दुनिया के हैं क्योंकि वह खुद के भीतर से शुरुआत करने की बात करते हैं। भगवान बुद्ध का बुद्धत्व गहन जिम्मेदारी का एहसास कराता है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि श्रीलंका में बौद्ध धर्म का संदेश सबसे पहले सम्राट अशोक के पुत्र महेंद्र और पुत्री संघमित्रा लेकर गए थे। माना जाता है कि आज ही के दिन अरहंत महेंद्र ने वापस आकर अपने पिता को बताया था कि श्रीलंका ने बुद्ध का संदेश कितनी ऊर्जा से अंगीकार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस समाचार ने यह विश्वास बढ़ाया था कि बुद्ध का संदेश पूरे विश्व के लिए है, बुद्ध का धम्म मानवता के लिए है। इसलिए आज का यह दिन हम सभी देशों के सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्जा देने का भी दिन है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं कि आप आज भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर उनके सामने उपस्थित हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में जहां जहां भी बुद्ध के विचारों को सही मायनों में आत्मसात किया गया है वहां कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी प्रगति के रास्ते बने हैं।

उन्होंने कहा कि बुद्ध इसलिए ही वैश्विक हैं क्योंकि बुद्ध अपने भीतर से शुरूआत करने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा, आज जब पूरी दुनिया जलवायु संरक्षण की बात करती है और जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करती है, तो अनेक प्रश्न सामने आते हैं। लेकिन अगर हम बुद्ध की शिक्षाओं को अंगीकार करें तो इसे कौन करेगा के बजाए यह मार्ग स्पष्ट दिखाई देने लगेगा कि क्या किया जाना चाहिए। कार्यक्रम को श्रीलंका के मंत्री नवल राजपक्षे, केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया।

### एयर इंडिया पर लिए गए निर्णय से विमानन क्षेत्र को मिलेगी नई ऊर्जा : मोदी

**कुशीनगर (उप्र)।** टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया के अधिग्रहण की तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस निर्णय से देश के विमानन क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री का यह बयान एयर इंडिया की बोली में टाटा समूह के विजेता बनकर सामने आने के कुछ सप्ताह बाद आया है। इस बोली से घाटे में चल रही सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के विनिवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि एयर इंडिया पर लिए गए निर्णय से भारत के विमानन क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। एयर इंडिया की बोली लगाने की प्रक्रिया में टाटा समूह ने बाजी मारी थी। बीते 11 अक्टूबर को समूह को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया था।

# संविधान, महर्षि वाल्मीकि के विचार और दलितों पर हो रहे हैं हमले : राहुल गांधी

### वाल्मीकि जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखा कर कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के तहत संविधान, महर्षि वाल्मीकि के विचार और दलित समुदाय के लोगों पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, वाल्मीकिजी ने देश और दुनिया को एक रास्ता दिखाया। उनका संदेश प्यार और भाईचारे का था। वर्तमान में वाल्मीकिजी के संदेश पर आक्रमण हो रहा है। हमारा संविधान वाल्मीकिजी की विचारधारा का संविधान है। वाल्मीकिजी ने जो बातें कही थी उसी विचार के मुताबिक संविधान बना था। राहुल ने आरोप लगाया, संविधान, वाल्मीकिजी के विचार और दलित भाई-बहनों पर हमले हो रहे हैं। पूरे देश को यह बात मालूम है। उन्होंने जोर देकर कहा, कांग्रेस पार्टी दलित भाई-बहनों पर हो रहे हमले को रोकेगी। शोभा यात्रा से जुड़े समारोह में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नितिन राउत और कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सिक्किम में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**गंगटोक।** सिक्किम में मूसलाधार बारिश के कारण बुधवार को जनजीवन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर भूस्खलन होने से राष्ट्रीय राजमार्ग-10 बाधित हो गया, जिससे पश्चिम बंगाल के साथ सड़क संपर्क टूट गया है। भारी बारिश के कारण हुए एक भूस्खलन से पश्चिम बंगाल के 29वीं माइल क्षेत्र में राजमार्ग बंद हो गया जो सिक्किम की रांगपो सीमा से लगभग 60 किलोमीटर दूर है। अधिकारियों ने बताया कि यहां आज सुबह पानी हाउस इलाके में एक और भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात बाधित हो गया। उन्होंने कहा कि सड़क से मलबा हटाने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि तीस्ता नदी में पानी के अत्यधिक बहाव के कारण रांगपो में स्टील के पुल के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। पुल पर आवाजाही सीमित कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि कई स्थानों पर बारिश की वजह से फसलें भी क्षतिग्रत हुई हैं।

# बंद और हड़ताल के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन हो: अदालत

### केरल हाईकोर्ट ने चेताया, निर्देशों के उल्लंघन पर गंभीरता से लेंगे संज्ञान

**एजेंसी।** कोच्चि

**केरल** उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य में बंद और हड़ताल पर प्रतिबंध लगाने के उसके और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का सभी संबंधित विभागों द्वारा पालन किया जाना चाहिए और इसके उल्लंघन का गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा।

अदालत ने यह टिप्पणी एक याचिका का निस्तारण करते हुए की जिसमें छात्र संगठनों या राजनीतिक दलों द्वारा बुलाए गए शैक्षणिक बंद को अवैध, असंवैधानिक और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के उल्लंघन करार देने की अनुरोध किया गया था। याचिका में दावा किया गया था कि 2018 में कुछ छात्र संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद के कारण कोल्लम जिले के कोट्टारकारा में सरकार द्वारा संचालित पीवीएचएस स्कूल पेरुमकुलम को कुछ दिनों के लिए बंद रखना पड़ा था। इस संबंध में पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत का कोई असर नहीं हुआ था। राज्य सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए उच्च न्यायालय में कहा था कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सभी हितधारकों के साथ एक बैठक की। स्कूल के पेरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुलझाया गया तथा इसके बाद ऐसी कोई घटना नहीं हुई। राज्य सरकार की स्थापना के बाद अदालत ने कहा कि वह याचिका पर आगे सुनवाई नहीं करेगा।

अदालत ने कहा, हालांकि, मामले के संबंध में तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए हमने यही पाया कि सभी संबंधित विभागों को हड़ताल या बंद के संबंध में उच्चतम न्यायालय और इस अदालत के फैसले का पालन करना चाहिए और इसके उल्लंघन को गंभीरता से संज्ञान में लिया जाएगा।

### कुशीनगर से दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के लिए जल्द शुरू होगी उड़ान सेवा

**कुशीनगर।** दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से कुशीनगर विमानतल के लिए शीघ्र ही उड़ानें परिचालित होंगी जिसका बुधवार को उद्घाटन किया गया है। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि कुशीनगर हवाई अड्डे से बौद्ध तीर्थ स्थलों को जोड़ा जाएगा। स्पाईजेट के अध्यक्ष ने कहा कि नई उड़ान फ्लाइट से पवित्र शहर में पर्यटन को बल मिलेगा।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में 54 नए हवाई अड्डे निर्मित हुए हैं। मंत्री ने कहा कि दिल्ली से कुशीनगर के बीच उड़ानें 26 नवंबर से सप्ताह में चार दिन परिचालित होंगी। इसके अलावा मुंबई और कोलकाता के बीच उड़ानों का परिचालन होगा । स्पाइसजेट कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दिल्ली-कुशीनगर-दिल्ली सेक्टर पर सप्ताह में चार दिन-सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उड़ानों का परिचालन होगा। यह सेवा 26 नवंबर से प्रारंभ होगी।

# हरीश रावत ने कांग्रेस आलाकमान से पंजाब प्रभारी पद से मांगी मुक्ति

### उत्तराखंड में अगले साल फरवरी-मार्च में होने हैं विधानसभा के चुनाव

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** महासचिव हरीश रावत ने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया है कि उन्हें पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए, ताकि वह अपने गृह प्रदेश उत्तराखंड में कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ बुधवार को सुबह हुई मुलाकात के दौरान रावत ने अपनी इच्छा से उन्हें अवगत कराया।

बाद में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, मैं आज एक बड़ी ऊहापोह से उबर पाया हूं। एक तरफ जन्मभूमि के लिए मेरा कर्तव्य है और दूसरी तरफ कर्मभूमि पंजाब के लिए मेरी सेवाएं हैं। स्थितियां जटिल होती जा रही हैं, क्योंकि ज्यों-ज्यों चुनाव नजदीक आएंगे, दोनों जगह व्यक्ति को पूर्ण समय देना पड़ेगा।

उनके मुताबिक, कल उत्तराखंड में बेमौसम बारिश ने जो कहर ढाया है, वह हृदयविदारक है। मैं कुछ स्थानों पर ही जा पाया, लेकिन पीड़ितों के आंसू पोंछने के लिए मैं सब जगह जाना चाहता था। .... मगर कर्तव्य पुकार, मुझसे कुछ और अपेक्षाएं लेकर खड़ी हुई। मैं जन्मभूमि के साथ न्याय करूं तभी कर्मभूमि के साथ भी न्याय कर पाऊंगा।

मैं, पंजाब कांग्रेस और पंजाब के लोगों का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे निरंतर आशीर्वाद और नैतिक समर्थन दिया। संतों, गुरुओं की भूमि, नानक देव जी और गुरु गोविंद सिंहजी की भूमि से मेरा गहरा भावनात्मक लगाव है।

उन्होंने कहा, मैंने निश्चय किया है कि नेतृत्व से प्रार्थना करूं कि अगले कुछ महीने मैं उत्तराखंड को पूर्ण रूप से समर्पित रह सकूं। इसलिए पंजाब में जो मेरा वर्तमान दायित्व है, उस दायित्व से मुझे मुक्त कर दिया जाए। उल्लेखनीय है कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस में पिछले कई महीनों से चल रही उठापटक के चलते रावत लगातार व्यस्त रहे हैं। उत्तराखंड में वह कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा माने जाते हैं। पंजाब और उत्तराखंड में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से 21.70 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद, गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने यहां के सायन कोडीवाला क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में 53 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 21.70 करोड़ रुपये मूल्य की 7.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने मंगलवार रात मानखुड निवासी अमीना हमजा उर्फ लाली को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा कि बरामद हुई हेरोइन मुंबई में अन्य मादक पदार्थ तस्करों और लाली के ग्राहकों को दी जानी थी। उन्होंने कहा कि एएनसी ने लाली के सहयोगियों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू किया है। लाली को एएनसी की वर्ली और घाटकोपर इकाइयों ने 2015 और 2018 में भी मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस उपायुक्त (एएनसी) दत्ता नलवाडे ने कहा, एएनसी की घाटकोपर इकाई के अधिकारियों ने इस विशेष सूचना पर कार्वाई की कि लाली भारी मात्रा में हेरोइन की तस्करी कर रही है, जिसके बाद सायन कोलीवाडा में जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर मादक पदार्थ बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि लाली के खिलाफ एनडीपीएस कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने राजस्थान के नौगामा गांव के दो तस्करों से मादक पदार्थ प्राप्त किया था।

### पंजाब में भारत-पाक सीमा के समीप हथियारों का जखीरा जब्त

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने तरन तारन जिले के खेमकरण इलाके में भारत-पाकिस्तान सीमा से पास से हथियारों का जखीरा बरामद किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक संयुक्त अभियान में पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हथियारों का जखीरा बरामद किया। इन हथियारों में 22 पिस्तौल, 44 मैगजीन और 100 गोलियां शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि हथियारों के साथ एक किलोग्राम हेरोइन भी बरामद हुई।

### नीट में कथित अनियमितता पर रिपोर्ट तलबी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 12 सितंबर को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में कथित अनियमितताओं को लेकर विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों की जांच पर रिपोर्ट तलब करने का अनुरोध करने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। कहा कि इसमें कोई भी हस्तक्षेप बड़ी संख्या में छात्रों के लिए नुकसानदेह साबित होगा। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ता द्वारा उठाई गई समस्याओं को समझती है लेकिन मामले में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। पीठ विश्वनाथ कुमार और अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमे दलील दी गई थी कि इस परीक्षा के दिन सीबीआई ने चार आरोपियों और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। उसने कहा था कि छद्म अभ्यर्थियों के माध्यम से परीक्षा की प्रक्रिया के साथ हेराफेरी की गई थी। पीठ ने कहा, हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते। आप जो कह रहे हैं, हम उसे समझ रहे हैं, लेकिन इससे बहुत भ्रम पैदा होगा। हमारी ओर से कोई भी हस्तक्षेप बड़ी संख्या में छात्रों के लिए नुकसानदेह साबित होगा। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने कहा कि वह परीक्षा रद्द करने और नए सिरे से परीक्षा कराने का अनुरोध नहीं कर रहे हैं,क्योंकि पहले ऐसी अर्जियां खारिज की जा चुकी हैं। उन्होंने विभिन्न जगहों पर दर्ज प्राथमिकियों की प्रति न्यायालय को सौंपी और अनुरोध किया कि वह इस मुद्दे पर तथ्यान्वेषी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश जारी करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि परिणाम की अभी तक घोषणा नहीं हुई है और सवाल किया कि क्या राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के दिमाग में इसे लेकर कुछ संदेह है। खुर्शीद ने पीठ से कहा कि यह सामान्य तरीका होना चाहिए। न्यायालय से किसी प्रकार की राहत नहीं मिलने का संकेत देख वरिष्ठ अधिवक्ता ने इसे वापस लेने का अनुरोध किया। न्यायालय ने इसकी अनुमति देते हुए इसे खारिज कर दिया। इससे पहले, चार अक्टूबर को भी शीर्ष अदालत ने इसी तरह की एक अन्य याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था।

### केरल बाढ़: संचार दुरुस्त रखने को तैयार हैम रेडियो संचालक

**त्रिशूर।** मध्य केरल में लगातार हो रही बारिश और उसके कारण आई बाढ़ से उपजी विपदा के बीच हैम रेडियो चलाने वाले लोगों ने त्रिशूर जिले में बिना शोर-शराबे के अपना काम शुरू कर दिया है। इस आशंका से हैम रेडियो स्टेशन बनाए गए हैं कि यदि प्राकृतिक आपदा के कारण संचार के पारंपरिक माध्यम काम करना बंद देते हैं तो ऐसी स्थिति में हैम रेडियो के जरिए संपर्क बरकरार रखा जा सकेगा। त्रिशूर जिला प्रशासन ने बारिश के कारण संचार व्यवस्था ठप होने की स्थिति में राहत कार्यों में समन्वय के लिए हैम रेडियो संचालकों का सहारा लेने की बात कही है। मर्चेंट नेवी के पूर्व अधिकारी और हैम रेडियो संचालक सारचन्द्रन सी एस ने पीटीआई-भाषा से कहा, प्राकृतिक आपदा के समय संचार व्यवस्था को दुरुस्त रखना एक बड़ी चुनौती होती है। भारी बाढ़ के समय कई दिनों के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहने की आशंका बनी रहती है जिससे मोबाइल फोन समेत संचार व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह मूल रूप से एक शौकिया और अव्यवसायिक रेडियो सेट है जिसका उपयोग संदेशों के गैर-व्यावसायिक आदान-प्रदान,निजी मनोरंजन, आत्म-प्रशिक्षण, आपातकालीन संचार आदि के लिए किया जाता है। सारचन्द्रन उन 10 हैम रेडियो संचालकों में से एक हैं जिन्हें त्रिशूर जिला प्रशासन ने आपातकालीन स्थिति में संचार व्यवस्था संभालने के लिए नियुक्त किया है। सभी संचालकों को केंद्र सरकार से एमैच्योर स्टेशन इंडिविजुअल ऑपरेटर लाइसेंस जारी किया गया है।

### नारायण साई को फर्लो देने का हाईकोर्ट का फैसला खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्वयंभू प्रवचनकर्ता आसाराम के बेटे एवं बलात्कार के दोषी नारायण साई को 14 दिन की फर्लो दिए जाने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने साई को फर्लो देने के अदालत के 24 जून के आदेश को चुनौती देने वाली गुजरात सरकार की याचिका स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने कहा कि फर्लो कोई पूर्ण अधिकार नहीं हैं और इसे देना कई बातों पर निर्भर करता है। उसने कहा कि साई की कोठरी से एक मोबाइल फोन मिला था, इसलिए जेल अधीक्षक ने राय दी थी कि उसे फर्लो नहीं दी जानी चाहिए। न्यायालय ने साई को दो हफ्तों की फर्लो देने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर 12 अगस्त को रोक लगा दी थी। उसने गुजरात सरकार की याचिका पर नारायण साई को नोटिस दिया था। इस याचिका में उच्च न्यायालय की एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में देश के साथ धोखा किया : सचिन पायलट

### सचिन ने जयपुर में डॉ भीमराव आंबेडकर की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण कर कहा

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र में देश के साथ धोखा किया है।

पायलट जयपुर के पास चाकसू में डॉ भीमराव आंबेडकर की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में इलाके के अनेक विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। केंद्र सरकार पर बरसते हुए पायलट ने कहा, भाजपा की सरकार केंद्र में है। सात साल का इतिहास उठाकर देख लें,हर क्षेत्र में इन्होंने देश के साथ धोखा किया है। अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया। महामारी में हजारों लाखों लोग मर गए चिंता करने, जिम्मेदारी लेने वाला कोई सामने नहीं आया।

पायलट ने कहा कि बेरोजगारी ऐतिहासिक चरम पर पहुंच गई, पेट्रोल-डीजल सौ रुपए का व गैस सिलेंडर नौ सौ रुपए का हो गया। इस सरकार ने जले पर नमक छिड़कने का काम कृषि कानूनों से किया। पूरे देश में साल भर से उनका विरोध हो रहा



है। पायलट ने कहा कि जो लोग आंबेडकर व पायलट का नाम नहीं लेते थे वे वोटों व सत्ता के लिए उन्हें पूजने तक लगे हैं। पायलट ने कहा, आज अंबेडकर साहब को जो मान सम्मान मिल रहा है तो वह आप लोगों की बदौलत मिल रहा है। जो लोग आंबेडकर साहब को देखते तक नहीं थे जो सरदार पटेल को देखते तक नहीं थे आज उनकी पूजा कर रहे हैं तो आपके दबाव में कर रहे हैं। इस बात को भूलना नहीं चाहिए।

उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, ये लोग पाखंड में माहिर हैं इनको आंबेडकर साहब से कोई लगाव नहीं है लेकिन जब वोट लेना होता है, राज की बात आती है, सिंहासन की बात आती है तो ये तो बड़े बहरूपिये हैं, जो किसी की भी पूजा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सबसे अधिक समर्थन अनुसूचित जाति व जनजाति समाज से मिला है और पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों के साथ जहां भी अन्याय होगा हम उसका साथ देने को तैयार हैं।

राजस्थान सरकार में दलित समाज के कद्दावर नेता व मंत्री रहे मास्टर भंवर लाल मेघवाल के निधन का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा कि उनकी जगह पर किसी दलित को मंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, मास्टर भंवरलाल जी ने कांग्रेस पार्टी व दलित समाज को जोड़ने का काम किया था। उनके जाने के बाद वह जगह खाली हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व सरकार जल्द ही दलित समुदाय के व्यक्ति को कैबिनेट मंत्री बनाकर राज्य सरकार में वह जगह देगी, जो मास्टर साहब के जाने से खाली हुई।

राजस्थान के सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्री मास्टर भंवर लाल मेघवाल का पिछले साल नवंबर में निधन हो गया था। संबोधन में पायलट ने अपने मुखर समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी की हौसला अफजाई भी की। उन्होंने कहा, मैंने वेदजी को कहा कि जब हम संघर्ष करते हैं, उंची आवाज में बोलते हैं तो कहीं न कहीं उसका असर होता है। लेकिन मैंने उनसे कहा कि आप चिंता मत करें पूरी पार्टी आपके साथ खड़ी है हम सब आपके साथ खड़े हैं। आप दलितों की आवाज उठाते रहो हम आपके साथ काम करते रहेंगे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से उत्साहित पायलट ने कहा, ये जोश, ये प्यार, ये आशीर्वाद बरकरार रखें। हम आपके साथ पहले थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे। आप लोगों की आवाज उठाने का काम हम हमेशा करते आए हैं और करते रहेंगे। मंच पर विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, मुरारीलाल मीणा, जीआर खटाना, प्रशांत बैरवा, इंद्राज गुर्जर, इंदिरा मीणा व अमर सिंह जाटव तथा कांग्रेस कमेटी के सचिव तरूण कुमार भी मौजूद थे।

### दलितों का अत्याचार, शोषण बंद करना होगा

पायलट ने 21वीं सदी में भी दलितों के साथ असमानता व अन्याय की घटनाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि दलितों का अत्याचार, शोषण बंद करना होगा और यह सर्व समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमारे दलित भाई बहनों का न केवल मान सम्मान बल्कि हर जगह उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हमारी है। आज हम लोगों की सरकार है मुझे पूरा विश्वास है कि जहां-जहां संभव होगा वहां हम हमारे दलित, आदिवासी भाई बहनों को मौका देंगे।

### भारतीय पनडुब्बी को जल क्षेत्र में प्रवेश से रोकने का पाकिस्तानी दावा अविश्वसनीय

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान द्वारा भारतीय पनडुब्बी को पिछले सप्ताह अपने जल क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने का मंगलवार को किया गया दावा विश्वसनीय नहीं है। इस बारे में सामने आए ब्यौरे के अनुसार यह पनडुब्बी पड़ोसी देश के जल क्षेत्र की सीमा से काफी दूर थी। नौवहन अभियानों से परिचित अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के जल क्षेत्र की सीमा उसके तट से 12 समुद्री मील की दूरी तक है।नौवहन अभियान से परिचित अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में सामने आए ब्यौरे के मुताबिक पनडुब्बी की स्थिति कराची बंदरगाह से 150 समुद्री मील दूर थी जो पाकिस्तानी जल क्षेत्र की सीमा से काफी दूर है।

# गौतमबुद्ध नगर में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप

## मरीजों की संख्या पहुंची 250, जिला अस्पताल का बुरा हाल, प्लेटलेट्स की मांग बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में डेंगू का प्रकोप काफी तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के 27 नए मरीजों की पुष्टि की है। जिसके बाद अब जनपद में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 250 हो गई है। इनमें से 34 मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। डेंगू के बढ़ते मरीजों के कारण प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ गई है। साथ ही अस्पतालों में अतिरिक्त बिस्तर लगाए गए हैं।

जिले के अस्पताल बुखार के रोगियों से भरे हुए हैं। निजी अस्पतालों में रैपिड किट के जरिए जांचे गए करीब 500 डेंगू के मरीजों का इलाज चल रहा है। डेंगू की चपेट में बड़े ही नहीं बच्चे भी आ रहे हैं। सेक्टर 30 स्थित बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक शिक्षण संस्थान में तीसरी और चौथी मंजिल पर 10-10 बिस्तर का डेंगू वार्ड बनाया गया है। यहां सभी बिस्तर भरे हुए हैं। जिले के अस्पताल की इमरजेंसी में भी डेंगू पीड़ित बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।

इमरजेंसी में डेंगू पीड़ित 3 बच्चे भर्ती हैं। बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भानू ने बताया कि डेंगू की चपेट में पांच से 15 साल तक के बच्चे आ रहे हैं। प्लेटलेट्स की खपत भी काफी बढ़ गई है। जिला अस्पताल में एक रोगी में सबसे कम चार हजार प्लेटलेट्स आ चुकी हैं।



जिला अस्पताल में मच्छरदानी लगाकर बचाव करते मरीज। फोटो: दीपक यादव

27 नए मरीज

03 बच्चे भर्ती

02 दस-दस बिस्तरों के वार्ड

### एलाइजा किट से ही डेंगू की जांच मान्य

जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि एलाइजा किट से ही डेंगू की जांच मान्य है। रैपिड किट से जांचे गए नमूनों की जिला अस्पताल में एलाइजा किट से दोबारा जांच की जाती है और पुष्टि होने पर रोगी को डेंगू पीड़ित माना जाता है। जिन स्थानों पर डेंगू रोगी मिले हैं वहां पर दवा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों में भी जागरूकता जरूरी है। घर और आसपास पानी जमा न होने दें। साफसफाई का ध्यान रखें।

### जलभराव पर विभाग ने लगा जुर्माना

मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच लॉजिक्स ब्लॉसम काउंटी सोसाइटी में भारी लापरवाही पाई गई है। सोसाइटी में जलभराव व कूड़ा मिला है। मलेरिया विभाग ने बिल्डर पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही सोसाइटी में साफ-सफाई करने की चेतावनी दी गई है। जिला प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद बिल्डर नियमों का पालन नहीं कर रहे। इसकी वजह से लाखों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में है। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया, लगातार शिकायत मिलने के बाद मलेरिया विभाग की टीम ने सेक्टर-137 में स्थित लॉजिक्स ब्लॉसम काउंटी सोसायटी का निरीक्षण किया। मौके पर निरीक्षण के दौरान टीम को गेट नंबर-1 के सामने बने बेसमेंट में जलभराव मिला। वहीं जगह.जगह कूड़े के ढ़ेर मिले। सोसायटी का एसटीपी प्लांट भी संचालित नहीं पाया गया।

## एकतरफा प्यार बन गई नफरत, मारी गोली

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में एक सिरफिरे आशिक के हालात गंभीर बनी हुई है। एकतरफ प्यार में पागल युवक ने एक युवती को गोली मार दी थी, युवती को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को भी गोली मार ली।

### युवती को गोली मार खुद को भी मारी गोली

युवती की मौत हो गई है। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास वारदात हुई। बताया जा रहा है कि एक युवती अपनी बहन के साथ दवा लेकर वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान एक युवक ने रोड के बीचोंबीच युवती को गोली मार दी। युवती को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को भी गोली मार ली। इस वारदात के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।


घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। युवक की हालत गंभीर है। जिसका इलाज किया जा रहा है। दादरी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक युवती से एकतरफा प्यार करता था, जिसके चलते युवक ने युवती को बीच सड़क में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद खुद को भी आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

# एयरपोर्ट के लिए 9 किमी विद्युत लाइन तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटिड के आवेदन पर विद्युत निगम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति की तैयारी में जुटा है। इसके लिए 9 किमी लंबी लाइन लगभग तैयार हो चुकी है।

अगले एक सप्ताह में यह कार्य पूरा हो जाएगा। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण कार्य के लिए इस लाइन से विद्युत पहुंचेगी। जबकि एयरपोर्ट से प्रभावित जेवर बांगर में बसाए गए ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति के लिए



रबूपुरा से 28 किमी लंबी लाइन बनाई गई है। नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्य के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने विद्युत के अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। विद्युत विभाग एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति के लिए 11 हजार वोल्ट की लाइन बना रहा है। जेवर-बुलंदशहर सड़क के दाहिनी ओर 9 किमी लंबी लाइन तैयार की जा रही है। अगले हफ्ते लाइन का काम पूरा हो जाएगा।

बताते चलें कि एयरपोर्ट से प्रभावित दयानतपुर खेड़ा, नगला शरीफ खां, नगला छीतर, नगला फू लखां, नगला गनेशी व रोही गांव के 3003 परिवारों को जेवर बांगर में बसाया गया है। इन परिवारों को अलीगढ़ के उसरह गांव से जेवर देहात को आपूर्ति करने वाली लाइन से अस्थायी तौर पर विद्युत सप्लाई दी जा रही है। बिजली की स्थायी व्यवस्था के लिए रबूपुरा में नए निर्मित बिजलीघर से 28 किमी लंबी बिजली लाइन बनाई गई है।

## दुष्कर्मी को उम्रकैद, 4 साल बाद मिला इंसाफ

नोएडा। 4 साल बाद एक मासूम बच्ची को गौतमबुद्ध नगर जिला कोर्ट ने न्याय दिया है। करीब 4 साल पहले बच्ची का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म हुआ था। मामले में आरोपी को गौतमबुद्ध नगर कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया, पुलिस महिला संबंधित अपराधों की कोर्ट में पैरवी कर रही है। वर्ष 2017 में थाना बादलपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में रहने वाली एक वर्षीय बच्ची को अगवा कर उसके साथ बीजू उर्फ विजय नामक व्यक्ति बलात्कार किया व उसकी हत्या कर दी थी।

## हवाई अड्डे से प्रभावित 32 परिवार विकास प्राधिकरण पर करेंगे केस

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित जेवर क्षेत्र के तीन गांवों के कुल 32 परिवारों ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को कानूनी नोटिस भेजने का फैसला लिया है। इन परिवारों का कहना है कि उन्हें पुनर्वास लाभ से वंचित कर दिया गया है।

नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए अधिग्रहण किए गए 1334 हेक्टेयर के अलावा प्राधिकरण ने तीन गांवों कुरेब, नगला जहांनू और नगला फूलकान में 16 हेक्टेयर भूमि ली थी। दूसरा रनवे बनाने के लिए इस जमीन की जरूरत है।

एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए इन तीन गांवों के कुल 48 परिवार प्रभावित हो रहे थे। उनमें से 32 परिवारों ने पहले ही अपनी जमीन पर स्थायी निवास बना लिए थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें वही लाभ देने का वादा किया गया थाए जो एयरपोर्ट के पहले चरण में जमीन देने वाले किसानों को मिला है।

# लघुशंका के लिए गए युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


गार्डन चौकी एरिया के इंद्र गढ़ी रेलवे लाइन के पास लघु शंका करने गए एक व्यक्ति को बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आकाश पटेल ने बताया कि शटरिंग का कार्य करने वाले प्रवीण घर से रेलवे लाइन के पास लघुशंका के लिए गए हुए थे तभी अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और पता पूछा और फिर गोली मार दी। जैसे ही यह सूचना पुलिस को लगी पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पड़े प्रवीण को एमएमजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए एमएमजी हॉस्पिटल के चिकित्सको ने दिल्ली के जीटीबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार घायल व्यक्ति प्रवीण सेटरिंगलगाने का कार्य करता था । उनकी पत्नी मालती बुलंदशहर के पास के गांव से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ी थी और पति पत्नी में काफी सालों से आपसी विवाद चल रहा था।

# शर्तों के साथ शांत हुए नोएडा के प्रदर्शनकारी किसान

● 15 नवंबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो दोबारा से प्राधिकरण का घेराव होगा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन ने अपना आंदोलन रोक दिया है। किसानों ने मांग की थी कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले गांवों के बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए। नोएडा प्राधिकरण ने भाकियू अराजनीतिक पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि 11 व 12 नवंबर को अथॉरिटी रोजगार मेले का आयोजन करेगी।

इसमें नोएडा में संचालित निजी कंपनियां शामिल होंगी। योग्यता के अनुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों ने चार गांवों की आबादी निस्तारण करने के लिए, जल्द से जल्द नियमितिकरण कराने की मांग नोएडा प्राधिकरण के सामने रखी। इस पर प्राधिकरण अधिकारियों ने सहमति दे दी है। अफसरों ने कहा कि आप चार गांव के नाम दें। हम चार गांव के नाम लेकर बैठेंगे। जहां सहमति के बाद विनियमितिकरण का सर्वे शुरू होगा।

### याकूबपुर का नाम सुझाया

*किसानों ने एक गांव याकूबपुर सुझाया है। लेकिन अभी इस पर फैसला नहीं हो सका है। कार्यालय पर गांव के सर्वे के लिए चार गांव के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इन्हीं मांगों के साथ मंगलवार की मध्य रात्रि में किसानों ने नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से अपना धरना हटा लिया और घर वापस लौट गए।*

## हिंदू संगठनों ने नोएडा पुलिस का किया घेराव

नोएडा। नोएडा में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

अब शहर के हिंदूवादी संगठनों ने सेक्टर-20 थाना का घेराव किया है। उनकी मांग है कि पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अपनी मांगों को लेकर तमाम संगठनों ने जुलूस निकाला है। इसमें आरएसएस के कार्यकर्ता भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। वीडियो और दूसरे माध्यमों से पाकिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज गाजियाबाद आएंगे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा गुरुवार को गाजियाबाद आएंगे। वह पहले इंदिरापुरम स्थित मानसरोवर भवन का निरीक्षण करेंगे । इसके बाद वह सौ करोड़ देशवासियों को कोरोना का टीका लगाने के अवसर पर आयोजित होने वाले धन्यवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। धन्यवाद कार्यक्रम मोहननगर के आईटीएस कॉलेज के सभागार में होगा। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि श्री



नड्डा में पहले सुबह 10:30 बजे कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचेंगे इसके बाद वह 11बजे आईटीएस में धन्यवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल के साथ उन्होंने मानसरोवर भवन में तैयारियों का जायजा लिया है।

# उद्योग-संस्थान में समन्वय से बढ़ेगा रोजगार: जतिन

● राजकीय पॉलिटेक्निक में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंडस्ट्री और इंस्टिट्यूट के मध्य समन्वय होना जरूरी है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा विभाग मंत्री जतिन प्रसाद ने कही।

वह शास्त्री नगर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में एक छात्रा को प्रशस्ति पत्र नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्राविधिक मंत्री जतिन प्रसाद

गाजियाबाद देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है और यहां बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां हैं।

इसलिए यहां पढ़ने वाले छात्रों को रोजगार देने में यहां की औद्योगिक इकाइयां प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं। प्रसाद ने कहा कि कहा कि पॉलिटेक्निक में अभी तक 20 प्रतिशत छात्राओं की हिस्सेदारी है लेकिन हम यह चाहते हैं कि यह प्रतिशत 50 प्रतिशत तक हो जिससे महिलाएं और सशक्त हो सकें।

# बेमौसम भारी बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल

● किसान एकता संघ ने सर्वेक्षण करने व राहत देने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिछले दो दिनों में बेमौसम भारी बारिश ने जिले भर में विशेष रूप से अट्टा गुजरान जगनपुर और दनकौर के आसपास के गांवों धान की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। भारी बारिश की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलें बर्बाद हो गई हैं।

किसान एकता संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा नगर ने कहा कि खाद्यान्न और ईंधन की कीमतों में



हालिया वृद्धि का खामियाजा किसान पहले ही भुगत रहे हैं।

बेमौसम बारिश ने उनके दुख को और बढ़ा दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण कराने और किसानों को राहत देने की मांग की। किसान नेता ने कहा, हमने धान की फसल जायजा लेने के लिए अट्टा गुजरान जगनपुर और दनकौर क्षेत्र के आसपास के गांवों का दौरा किया।

हमने पाया कि पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण उन्हें बहुत नुकसान हुआ है। बारिश ने उनकी धान की फसल को नष्ट कर दिया है। संगठन के एक सदस्य डॉ विकास प्रधान ने भी सरकार पर खाद्य पदार्थों और डीजल की कीमतों में मनमानी वृद्धि करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा इसने किसानों की कमर तोड़ दी है।

वे आजीविका के संकट का सामना कर रहे हैं। अब उन्हें अप्रत्याशित बारिश के कारण फसल के नुकसान का बोझ झेलना पड़ रहा है। किसान संगठन ने मांग की है कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण कर किसानों को सहायता प्रदान करने के प्रयास में तेजी लाएं। यूपी वेस्ट के बिजनौर और अमरोहा से भी फसल के नुकसान की सूचना मिली है।

### सरसों और दलहन उत्पादकों पर असर

यहां पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के पहाड़ियों में भारी बारिश के कारण गंगा नदी में जल स्तर 22000 क्यूसेक से दोगुना होकर 45000 क्यूसेक हो गया है। बिजनौर जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा ने कहा श्भारी बारिश से जिले में धान, सरसों और दलहन उत्पादकों को भारी नुकसान हुआ है। हमारी सर्वे रिपोर्ट आना बाकी है। शुरुआती जांच के मुताबिक बारिश से धान की फसल को 30 फीसदी नुकसान हुआ है। ज्ञात हो कि इस बार बरसाती मौसम लगातार बढ़ा है। अक्टूबर माह में पश्चिमी यूपी समेत कई इलाकों में बारिश हुई है।



## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विहिप ने निकाली रैली

गाजियाबाद। विश्व हिंदू परिषद महानगर इकाई ने महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई।

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने नवयुग मार्केट इलाके में रैली निकाली और जगह-जगह फूल बरसा कर नागरिकों ने रैली का स्वागत किया और नवयुग मार्केट स्थित बाल्मीकि पार्क में महर्षि के चित्र पर माल्यार्पण किया। परिषद के विभाग अध्यक्ष विनय कक्कड़ ने महर्षि बाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा महान महर्षि वाल्मीकि का नाम हमेशा रहेगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा। नए काम शुरू होंगे और सोचे हुए काम भी पूरे होंगे। संपत्ति के कामकाज पर ध्यान देंगे। पराक्रम बढ़ सकता है। सौदेबाजी में बहुत अच्छी सफलता भी मिलने के योग हैं। निजी जीवन पैसों के मामले में ही बीत सकता है। जरूरी कामों की योजना बन सकती है। जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान दें। पार्टनर के लिए समय निकालें। सेहत के मामले में सावधानी रखें।

भाग्यांक: 1

विशेष: सोने का कड़ा धारण करें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

संतान को लेकर थोड़ी समस्या आ सकती है। घर की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। घर में साफ सफाई पर ध्यान देंगे और कोई घरेलू उपयोग का सामान खरीद कर लाएंगे। इनकम को लेकर स्थिति बढ़िया रहेगी। आर्थिक स्थिति के लिए आज का दिन बढ़िया जाएगा। धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का मन करेगा। काम को लेकर स्थितियां अच्छी रहेंगी। आज का आपका दिन सामान्य रहेगा।

भाग्यांक: 1

विशेष: बेसन के चीले गरीबों में बांटे।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

नई चुनौतियां आ सकती है। उनके लिए तैयार रहें। हर तरह की स्थिति से निपटने में सक्षम रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार और कैरियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी खास काम के लिए ऑफर भी मिल सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए लाभदायक होगी। पॉजिटिव ऊर्जा की अधिकता रहेगी। जीवन साथी द्वारा दिया गया उपहार दांपत्य जीवन को खुशहाल करेगा।

भाग्यांक: 8

विशेष: किसी साधु को पीले रंग के वस्त्र का दान करें।

### कर्क

(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आज सोचे हुए कुछ काम पूरे नहीं हो पाएंगे। कई तरह के विचारों में उलझ सकते हैं। पैसे संभाल कर रखें। लेन-देन और निवेश के मामले में सोच-समझकर रहें। मन में परेशानी रहेगी। कड़वी बातें न करें। कोई प्लान न बनाएं, पुराने काम निपटा लें। संभलकर रहें। काम में मन नहीं लगने से परेशानी बढ़ सकती है। सेहत के मामले में आज का दिन अच्छा है। अपने खानपान का ध्यान रखने की जरूरत है। दिन अच्छा रहेगा।

भाग्यांक: 2

विशेष: पीला रुमाल जेब में रखें।

### सिंह

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आज अपने काम को कम से कम समय में निपटा कर कुछ जरूरी पुराने कामों को पूरा करेंगे। घर में किसी सरकारी काम को लेकर बातचीत प्रबलता से होगी। किसी से प्रेम करते हैं तो दिन आप को सुकून देगा और आपका प्रिय आपके दिल के बहुत करीब आएगा। सेहत का बेहद ध्यान रखें क्योंकि यह समय रोग का संकेत दे रहा है। सावधानी में ही बचाव है। रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है।

भाग्यांक: 9

विशेष: देव गुरु बृहस्पति की उपासना करें।

### कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

घर में शुभ मांगलिक काम होगा। विद्यार्थियों को मेहनत से सफलता मिलेगी। घर परिवार को समय जरूर दें। रहस्यपूर्ण बात सामने आ सकती है। धैर्य से बातचीत कर के स्थिति का समाधान निकाल लेंगे। दिन नई योजना बनाने के लिए शुभ है। थकान महसूस होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लव लाइफ में दूरियां परेशान कर सकती है।

भाग्यांक: 8

विशेष: सूर्य देवता को पानी में हल्दी मिलाकर जल चढ़ाएं।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आज का दिन आपके लिए अच्छा है। परिस्थितियों का फायदा उठाकर काम पूरे कर सकते हैं। कामकाज में भी मन लगेगा अचानक अच्छे अवसर मिल सकते हैं। उनका फायदा उठाने के लिए तैयार रहें। मन में बदलाव आ सकते हैं जो कि फायदेमंद रहेंगे। जीवनसाथी से संबंधों में अनुकूलता रहेगी। दिन अच्छा है। पार्टनर से सरप्राइज मिलने के योग हैं। सेहत अच्छी रहेगी। अपने खानपान का ध्यान रखें।

भाग्यांक: 1

विशेष: केले के पेड़ की पूजा करें।

### वृश्चिक

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

आज बॉस से झगड़ा न करें, इसी में भलाई है, दिन थोड़ा सा कमजोर है। काम को लेकर स्थितियां बहुत ध्यान से काम करने की ओर इशारा करती हैं। जरा सी सावधानी हटी और परेशानी शुरू, इसलिए ध्यान दें। आलस से दूर रहेंगे तो अच्छा होगा। परिवार में दिन खुशी भरा रहेगा। विवाह की बात पक्की होने से मन में उत्साह की भावना रहेगी। निजी जीवन को लेकर दिन थोड़ा सा कमजोर है।

भाग्यांक: 3

विशेष: मंदिर में कपूर का दान करें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )

मानसिक तनावों से घिर सकते हैं। बच्चों के साथ कुछ पल बिताने चाहिए। अच्छा लगेगा। आर्थिक मामलों को लेकर चिंतित हो सकते हैं। लोगों से मदद लेने की जरूरत पड़ेगी। लवमेट के लिए दिन मिठास से भरा रहेगा। स्टूडेंट्स को करियर में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। लव लाइफ में बातों पर बहस न करें। धन देते समय सचेत रहें। रिश्ते में ज्यादा वाद विवाद को महत्व न दें। अपने आप में ज्यादा खोए रहेंगे।

भाग्यांक: 9

विशेष: काली सरसों का दान करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )

आज दिनभर सावधान रहना होगा। लोग अपने स्वार्थ के कारण परेशानी खड़ी करने की कोशिश करेंगे, सावधान रहें। मन में उथल-पुथल हो सकती है। पुरानी बातों में उलझे हुए रहेंगे। समस्या का समाधान हाथों-हाथ नहीं होगा। खास काम भी अधूरे रह सकते हैं। काम में मन नहीं लगेगा। बिजनेस में नए एग्रीमेंट न करें तो ही अच्छा है। सेहत के मामले में दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

भाग्यांक: 8

विशेष:ननिहाल से जुड़े रिश्तो का सम्मान करें।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )

आज का दिन अच्छा नहीं कहा जा सकता, शाम तक स्थितियां काफी ठीक हो जाएंगी। मानसिक दबाव रहेगा, काम का प्रेशर भी नजर आएगा। अपनी प्राथमिकताओं का निर्धारण करना होगा। हल्के खर्चे रहेंगे। परिवार में संपत्ति से संबंधित विवाद जन्म ले सकता है। कोशिश करें कि हिस्सा न बनें। वैवाहिक जीवन की स्थितियां अच्छी रहेंगी। प्रेम जीवन में आज का दिन सुख देगा। प्रिया के साथ लंबी ट्रैवलिंग का प्लान बनाएंगे।

भाग्यांक: 7

विशेष: पीले चावल बना कर गरीबों में बांटे।

### मीन

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )

आपका विचार एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। नया बिजनेस शुरू हो सकता है। पैसों के मामले में दबाव खत्म होगा। कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। बिजनेस में जरूरी कामों की योजना बना सकते हैं। संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुके धन का आगमन हो सकता है।

भाग्यांक: 4

विशेष: भगवान विष्णु को पीले फूलों की माला अर्पित करें।

**इटली से घिरा एक छोटा सा राज्य सैन मैरिनो की आबादी भी काफी कम है, यहां करीब 4 हजार लोग रहते हैं। यह पर्यटकों की पसंदीदा जगहों में से एक है। ये जगह देखने में भी काफी खूबसूरत है। सैन मैरिनो से टूरिस्ट माउंट टिटैनो का बेहतरीन नजारा देख पाते हैं।**



इन जगहों की खूबसरती देखकर आप भी कहेंगे

# 'वाह', ट्रैवलिंग का होगा शानदार अनुभव!

कोरोना वायरस के कहर के कारण यात्राओं पर लगाम सी लग चुकी है। हालांकि, अब धीरे-धीरे पर्यटन जोर तो पकड़ रहे हैं, लेकिन अभी भी लोगों के मन में कोरोना संक्रमण फैलने का डर बरकरार है। ऐसे में पर्यटक ज्यादा आबादी वाली जगहों में जाने से बच रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग का भी खास ध्यान रख रहे हैं। वहीं, अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं या बनाने वाले हैं तो आइए आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताते हैं जहां कम आबादी है। आज हम आपको पांच ऐसे जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अपनी ट्रेवल लिस्ट में शामिल कर भविष्य में इन जगहों की यात्रा कर सकते हैं। कम आबादी वाली यह 5 खूबसूरत जगहों को देखकर आपका मन खुश हो सकता है।

**कम आबादी वाली इन जगहों में सबसे पहला नाम है पलाऊ की राजधानी नार्गुलमुद का। इस जगह को दुनिया में सबसे कम आबादी वाली राजधानियों में से एक माना जाता है।**

### नार्गुलमुद

कम आबादी वाली इन जगहों में सबसे पहला नाम है पलाऊ की राजधानी नार्गुलमुद का। इस जगह को दुनिया में सबसे कम आबादी वाली राजधानियों में से एक माना जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां तकरीबन 400 लोग ही रहते हैं। पलाऊ की राजधानी नार्गुलमुद को साल 2006 में बनाया गया था। इस जगह ज्यादातर वो लोग आने पसंद करते हैं जिन्हें सरकारी इमारतें देखने अच्छा लगता है। बता दें कि पलाऊ में करीब 346 द्विप हैं, उन्हीं में से सबसे बड़े द्विप पर स्थित नार्गुलमुद है।

### वाडुज

लिकटेंस्टीन की राजधानी वाडुज में करीब 5 हजार लोग रहते है। ये जगह देखने में काफी खूबसूरत है और इसे आप अपनी टूरिस्ट लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। पहाड़ पर स्थित वडूज महल को इस शहर के हर कोने से देखा जा सकता है। बता दें कि इस शहर में कोई रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट नहीं है। यहां से सबसे नजदीकी स्टेशन भी करीब एक मील की दूरी पर है। यहां जाने के लिए बस या फिर पद यात्रा का सहारा लेना पड़ता है। यहां घूमने के लिए बहुत संख्या में पर्यटक आया करते हैं।

### सैन मैरिनो

इटली से घिरा एक छोटा सा राज्य सैन मैरिनो की आबादी भी काफी कम है, यहां करीब 4 हजार लोग रहते हैं। यह पर्यटकों की पसंदीदा जगहों में से एक है। ये जगह देखने में भी काफी खूबसूरत है। सैन मैरिनो से टूरिस्ट माउंट टिटैनो का बेहतरीन नजारा देख पाते हैं। बता दें कि यूरोप के सबसे छोटे स्वतंत्र राज्यों में से एक सैन मैरिनो है। यहां के लोगों की कमाई का जरिया पर्यटन ही है।

### ओपाटोवेक


पोलैंड के एक छोटे से शहर ओपाटोवेक का इतिहास बेहद पुराना और दिलचस्प है। इतिहासकारों की मानें तो इस शहर को सन् 1600 में स्वीडिश सैनिकों द्वारा तबाह कर दिया गया था। यह शहर पहले और दूसरे विश्व युद्ध के दौरान पूर्ण तौर पर तबाह हो गया था। यह शहर कई बार नष्ट हो चुका था, लेकिन फिर भी इसे बहुत जल्दी बसा लिया गया।

### हम्म, क्रोएशिया

क्रोएशिया का एक छोटा सा शहर हम्म है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां सिर्फ 30 लोग रहते हैं। यहां का इतिहास बेहद पुराना है और यहां एक संग्रहालय भी है। इस शहर का उल्लेख 1102 के डेंटिग दस्तावेजों में है। उन दस्तावेजों की मानें तो उस वक्त ये शहर चोलम के नाम से प्रसिद्ध था। इस शहर में सन् 1552 में वॉच टावर और घंटी का निर्माण किया गया था।

# इन देशों में घूमने के लिए नहीं करने पड़ेंगे लाखों रुपये खर्च









**जब** भी किसी दूसरे देश में घूमने की बात होती है तो अक्सर बहुत से लोग सिर्फ इसलिए अपना मन मसोसकर रह जाते हैं कि इसके लिए उन्हें काफी सारे पैसे खर्च करने पड़ेंगे। खासतौर से, एक मध्यमवर्गीय परिवार के लिए विदेश जाना और घूमना यकीनन एक सपने जैसा ही है। जिसे पूरा करने की उनकी इच्छा तो होती है, लेकिन हिम्मत कभी नहीं जुटा पाते। हालांकि कुछ देश ऐसे भी होते हैं, जहां पर घूमने के लिए आपको बहुत अधिक पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है और इसलिए आप वहां पर बिना किसी झिझक के जा सकते हैं।

### भूटान

जब बजट में विदेश घूमने की बात हो तो उसमें भूटान का नाम सबसे पहले आता है। यहां घूमने के लिए आपको अपनी जेब के साथ समझौता नहीं करना पड़ेगा। यहां पर आने वाले विजिटर्स को कई बेहतरीन पैकेज मिलते हैं, जिससे वह कम दाम में भी यहां घूमने का पूरा आनंद उठा सकते हैं। यहां पर आपको कई अंचभित करने वाली घाटियों से लेकर मैजेस्टिक मोनास्ट्री तक काफी कुछ देखने को मिलता है। इस देश का मुख्य आकर्षण ताकत्संग मठ है, जो एक उच्च पर्च पर स्थित है। यहां पर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से दिसंबर तक का माना जाता है।

### श्रीलंका

यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक के रूप में घोषित श्रीलंका यकीनन एक सुंदर देश है, जहां पर आपको कुछ बेहतरीन परिदृश्यों देखने को मिल सकते हैं। 2000 से अधिक वर्षों की संस्कृति वाले इस देश में सुंदर समुद्र तटों से प्राचीन किलों और स्मारकों तक देखने के लिए बहुत कुछ है। वैसे तो आप यहां कभी भी जा सकते हैं, लेकिन यहां जाने का सबसे अच्छा समय दिसंबर से अप्रैल तक का माना जाता है।

### थाईलैंड

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एशियाई देश अपने खूबसूरत समुद्र तटों और द्वीपों से अधिक के लिए जाना जाता है। पटाया और बैंकाक में असाधारण नाइटलाइफ से लेकर कोह समुई के सफेद रेत के समुद्र तटों तक, आराम और रोमांच का एक पूरा पैकेज है जो यकीनन आपकी छुट्टी को मजेदार और यादगार बनाता है। इसके अतिरिक्त, यह स्थान भारत से यात्रा करने वाले सबसे सस्ते देशों में से एक भी माना जाता है। यहां घूमने का सबसे अच्छा समय नवंबर से अप्रैल की शुरूआत है। वैसे तो इस लिस्ट में और भी कई देशों जैसे नेपाल, मलेशिया, ताइवान आदि को शामिल किया जा सकता है। लेकिन अभी कोरोना संक्रमण के कारण कहीं पर भी यात्रा करना सुरक्षित नहीं है। इसलिए अभी आप यात्रा करने का विचार कुछ समय के लिए टाल दें तो ही बेहतर होगा।


# जंगल एडवेंचर का मजा लेना चाहते हैं, तो इन 5 जगहों पर जरूर जाएं

**कोरोना** काल में बेशक आप घूमने-फिरने न जाएं, किंतु अलग-अलग और रोमांचक जगहों के बारे में जानकर उस जगह का वर्चुअल आनंद तो ले ही सकते हैं। वर्चुअल आनंद ही क्यों, ज्यों ही कोरोना का प्रकोप कम हुआ, तो बेहतर लगने वाली जगहों पर आप अवश्य ही जाएं। हमेशा से ही जंगल अपने आप में बेहद रोमांचक और रहस्यमय होता रहा है। हालांकि, अधिकांश लोगों में जंगल की कल्पना टीवी और कहानियों के माध्यम से ही आई होगी और ऐसे बहुत कम ही लोग होंगे, जिन्हें जंगल का अनुभव होगा। सच कहा जाए तो यह देखने में जितना आसान लगता है, यहां रहना शायद उतना आसान नहीं हो, लेकिन वो एडवेंचर ही क्या, जो आसान लगे! ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही भारत के विशिष्ट जंगलों के बारे में बताएंगे, जहां एडवेंचर का मजा लिया जा सकता है।

**अगर आप को दुर्गम और कठिन जगहों पर जाना अच्छा लगता है तो आप उत्तराखंड के कुंजखड़क जरूर जाएं। यहां कुंजखड़क के हरे-भरे जंगल आप का मन मोह लेंगे तथा इन जंगलों में देवदार के बड़े-बड़े पेड़ भी आपको बेहद आकर्षक लगेंगे।**

### उत्तराखंड के कुंजखड़क

अगर आप को दुर्गम और कठिन जगहों पर जाना अच्छा लगता है, तो आप उत्तराखंड के कुंजखड़क जरूर जाएं। यहां कुंजखड़क के हरे-भरे जंगल आप का मन मोह लेंगे तथा इन जंगलों में देवदार के बड़े-बड़े पेड़ भी आपको बेहद आकर्षक लगेंगे। कुंज खड़क पर राप्ती नदी दिखेगी, जो कि भारत और नेपाल की सीमा को बांटती है। इस जंगल में ट्रैकिंग के लिए अक्टूबर से अप्रैल तक का महीना बेस्ट कहा जाता है और उत्तराखंड के कुंजखड़क की शुरुआत हिमालय की तलहटी में कोरबात के पास स्थित है।



### पाली वॉटरफॉल ट्रैक गोवा

गोवा को खूबसूरत बीजों के लिए जाना जाता है और यहां पर पाली वाटरफॉल भी बेहद प्रसिद्ध है। लेकिन यहां पर घने जंगल भी पाए जाते हैं और इन्हीं जंगलों में ट्रेकिंग का मजा लिया जाता है। हालांकि पाली वॉटरफॉल ट्रैक पर बहुत सारे जंगली और खतरनाक जानवर के साथ-साथ जहरीले सांप भी पाए जाते हैं जिनमें कोबरा भी शामिल है। ऐसे में इस जंगल में ट्रेकिंग करना काफी चुनौतीपूर्ण रहता है, लेकिन अगर आप ट्रेकिंग के माहिर हैं तो आप इस वाटर फॉल पर जरूर जाएं।

### बिंसार जीरो पॉइंट ट्रैक

उत्तराखंड में बसे इस जंगल में जाने के लिए आपको बिंसार वन्य जीव अभ्यारण से होकर जाना पड़ेगा। हालांकि यह अपेक्षाकृत काफी आसान ट्रैकिंग माना जाता है, लेकिन यहां ट्रैकिंग का बेहद आनंद आप अवश्य ही उठा सकते हैं। बिहार के जंगलों में कई सारे जानवर भी आपको देखने को मिलेंगे, जिनमें लंगूर बंदर आदि शामिल हैं। यहां जाने के लिए अक्टूबर से नवंबर और फरवरी मार्च के बीच अच्छा समय माना जाता है, क्योंकि ऐसे समय में यहां बारिश नहीं होती है और बर्फ भी नहीं पड़ी होती।

### मुदुमलई तमिलनाडु

तमिलनाडु के मुदु मलई में स्थित यह नेशनल पार्क काफी फेमस है और यहां ट्रेकिंग के लिए देशभर से लोग आते हैं। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई सारे होटल तक खुले हुए हैं और यहां आस-पास के बसे गांव में भी लोग रहने की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। यहां आने के लिए बेस्ट समय नवंबर से फरवरी का होता है।

### सीताबनी ट्रैक उत्तराखंड

उत्तराखंड में ही सीताबनी ट्रैक भी काफी मशहूर है और यह जिम कार्बेट सीताबनी काफी लोगों में चर्चित भी है। इसकी शुरुआत होती सिताबनी मंदिर से और भोला मंदिर पर खत्म होती है। यहां के जंगल में आपको हाथी, शेर और भालू देखने को मिल जाएंगे। सीताबनी आने के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से अप्रैल तक का माना गया है।



# आंध्र प्रदेश का खूबसूरत शहर 'चित्तूर', एक बार जरूर करें यहां की सैर

**'हॉर्सले हिल्स' चित्तूर आने वाले लोगों की लिस्ट में जरूर शामिल रहता है। नवविवाहित जोड़े अक्सर हॉर्सले हिल्स पर घूमने के लिए आते हैं। यहां आपको ट्रेकिंग के साथ-साथ छोटा सा चिड़ियाघर भी देखने को मिलेगा, जहां का पार्क बेहद खूबसूरत बनाया गया है।**

**घूमने** वाले लोगों को अक्सर नए जगहों की तलाश रहती है, जहां वह कुछ अलग देख और महसूस कर सकें। ऐसे में अगर आप भी कोई नई जगह तलाश कर रहे हैं, तो आप आंध्र प्रदेश के चित्तूर जरूर जाएं। यहां आने के बाद आपकी नए जगह की तलाश पूरी होगी। संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध चित्तूर शहर आप का मन मोह लेगा, क्योंकि यहां का प्राकृतिक सौंदर्य बेहद अनोखा है। इसके साथ ही चित्तूर, ऐतिहासिक रूप से भी काफी समृद्ध रहा है। यहां आपको कई सारी ऐतिहासिक इमारतें देखने को मिलेंगी।

### गुर्रमकोंडा किला

विजयनगर साम्राज्य से संबंध रखने वाला यह किला 500 फीट की ऊंची चोटी पर बनाया गया है। यूं यह किला शुरुआत में मिट्टी और चट्टान से निर्मित किया गया था, लेकिन बाद में गोलकोंडा सुल्तानों ने जब इस किले पर शासन किया तो उन्होंने बेहद मजबूत चट्टानों से इसका निर्माण किया। कहा जाता है कि सुल्तान हैदर अली और टीपू सुल्तान भी इस किले पर शासन कर चुके हैं।

### हॉर्सले हिल्स

'हॉर्सले हिल्स' चित्तूर आने वाले लोगों की लिस्ट में जरूर शामिल रहता है। नवविवाहित जोड़े अक्सर हॉर्सले हिल्स पर घूमने के लिए आते हैं। यहां आपको ट्रेकिंग के साथ-साथ छोटा सा चिड़ियाघर भी देखने को मिलेगा, जहां का पार्क बेहद खूबसूरत बनाया गया है।

### कलावगुंटा

यह शहर एरगोन्डा और पोन्नायी नदियों के संगम पर बना हुआ है। यहां आपको प्राचीन काल के बेहद खूबसूरत मंदिर देखने को मिलेंगे, जो अपने स्थापत्य कला से आप का मन मोह लेंगे।

### कौण्डिन्य वन्यजीव अभ्यारण्य

कौण्डिन्य सेंक्चुरी में आपको कोई सारे स्थानीय वन्यजीव देखने को मिलेंगे, जो लगभग विलुप्त प्राय हो गए हैं। यहां आपको हिमालयन काले भालू, स्लोथ बीयर, हाथी, हाइना, दरियाई घोड़े जैसे जानवर मिलेंगे।

### कैसे पहुंचे चित्तूर?

यहां पहुंचना बेहद आसान है, क्योंकि यह शहर हवाई, रेल मार्ग तथा सड़क मार्ग के द्वारा भारत के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। अगर आप हवाई मार्ग से यहां आने की सोच रहे हैं तो यहां पर निकटतम हवाई अड्डा तिरुपति हवाई अड्डा है, जो यहां से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं नजदीकी रेलवे स्टेशन की बात करें जो चित्तूर जंक्शन है। यहां से भारत के सभी बड़े शहरों से नियमित तौर पर ट्रेनें आती हैं। सड़क मार्ग से भी आप यहां आसानी से आ सकते हैं, क्योंकि सभी बड़े शहरों से वातानुकूलित बसें यहां सीधी आती हैं।

### कब आएं चित्तूर?

आंध्र प्रदेश में बेहद गर्मी पड़ती है। ऐसे में यहां गर्मी के मौसम में आना समझदारी भरा निर्णय नहीं होगा, इसीलिए आप सितंबर से फरवरी महीने के बीच में कभी भी आ सकते हैं। चूंकि इस दौरान यहां पर तापमान 20 से 25 डिग्री के आसपास रहता है। हालांकि, लोग अभी कोविड-19 के दौर में यात्रा करने से बच रहे हैं, पर लिस्ट तैयार रखें और जैसे ही स्थितियां अनुकूल हों, चित्तूर अवश्य जाएं और अपने गौरवशाली इतिहास से रूबरू हों!






# ओमान पर स्कॉटलैंड का पलड़ा भारी, सुपर 12 में पहुंचने के लिए जीत जरूरी

एजेंसी। अल अमेरात (ओमान)

**बांग्लादेश** जैसी मजबूत टीम को हराने के बाद उत्साह से भरी स्कॉटलैंड की टीम ओमान के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी लीग मैच में विजय अभियान जारी रखकर जीत के साथ सुपर 12 में पहुंचने की कोशिश करेगी। स्कॉटलैंड ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराकर उलटफेर किया और फिर मंगलवार को दूसरे मैच में पापुआ न्यू गिनी पर 17 रन से जीत दर्ज की। इससे उसने सुपर 12 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं।

ओमान को सुपर 12 में पहुंचने के लिए स्कॉटलैंड को हराना होगा, लेकिन अगर वह हारता है तो फिर वह बांग्लादेश की पापुआ न्यू गिनी के हाथों अप्रत्याशित हार के दम पर ही आगे बढ़ पाएगा।



पापुआ न्यू गिनी पहले ही अगले दौर की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। ग्रुप बी से अभी तीन टीमें स्कॉटलैंड, ओमान और बांग्लादेश दूसरे दौर में पहुंचने की दौड़ में बनी हैं और यहां तक कि पापुआ न्यू गिनी किसी चमत्कार के दम पर आगे बढ़ सकता है। स्कॉटलैंड ग्रुप में शीर्ष पर है और ओमान पर जीत से वह नंबर एक पर रहकर आगे बढ़ेगा, लेकिन अगर वह हार जाता है और बांग्लादेश की टीम पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज करती है तो फिर तीन टीमों के चार-चार अंक हो जाएंगे और ऐसे में नेट रन रेट के आधार पर चोटी की दो टीमों का निर्धारण होगा। इन तीनों टीमों में ओमान का नेट रन रेट धनात्मक 0.613 है और ऐसे में उसे सुपर 12 में पहुंचने के लिए केवल जीत चाहिए। लेकिन ओमान के लिए स्कॉटलैंड पर जीत दर्ज करना आसान नहीं होगा जिसका नेट रन रेट धनात्मक 0.575 है। बांग्लादेश का नेट रन रेट धनात्मक 0.500 है तथा उसकी और ओमान की बड़े अंतर से जीत से स्कॉटलैंड बाहर भी हो सकता है।

स्कॉटलैंड के कप्तान काइल कोएटज़र ने टूर्नामेंट से पहले अपनी टीम मजबूत करार दिया था और उनके खिलाड़ियों ने अब तक ऐसा प्रदर्शन किया है। कई क्षमतावान खिलाड़ियों की मौजूदगी में उसके पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में पर्याप्त विकल्प हैं। उसके पास रिची बैरिंगटन और कैलम मैकलॉयड जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। बैरिंगटन ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 49 गेंदों पर 70 रन बनाए थे और ओमान के गेंदबाजों को उनके सामने संभलकर गेंदबाजी करनी होगी। मैकलॉयड को 50 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अनुभव है और वह स्पिनरों के खिलाफ स्कॉटलैंड के सबसे अच्छे बल्लेबाज हैं। कोएटजर, मैथ्यू क्रास और आलराउंडर क्रिस ग्रीव्स की मौजूदगी में स्कॉटलैंड की बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। स्कॉटलैंड के तेज गेंदबाजी विभाग में सफयान शरीफ, जोश डैवी, ब्रैड व्हील और अलॉय इवान्स हैं जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी मार्क वाट और ग्रीव्स संभालेंगे। मेजबान ओमान ने पापुआ न्यू गिनी पर जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन उसे बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। स्कॉटलैंड पर जीत दर्ज करने के लिए उसे तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में ओमान का दारोमदार जतिंदर सिंह और आकिब इलियास की सलामी जोड़ी पर टिका रहेगा जबकि गेंदबाजी में फयाज बट, बिलाल खान और कप्तान जीशान मकसूद पर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने और विकेट लेने की जिम्मेदारी होगी।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

### स्कॉटलैंड टीम की जर्सी को 12 साल की लड़की ने किया डिजाइन

**दुबई।** आईसीसी टी-20 विश्वकप में स्कॉटलैंड के बांग्लादेश जैसी टीमों को हराने की कल्पना की जा सकती है, लेकिन यह विश्वास करना मुश्किल है कि टीम की गहरे नीले और बैंगनी रंग की जर्सी को 12 साल की लड़की ने डिजाइन किया है। रेबेका डाउनी युवा डिजाइनर हैं और वह अपनी टीम की हौसलाअफजाई कर रही हैं जिसने टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में सबसे अधिक प्रभावित किया है। टीम ने जर्सी के डिजाइन का चयन पूरे देश के स्कूली बच्चों की 200 से अधिक प्रविष्टियों के बीच से किया है। यह जर्सी स्कॉटलैंड के राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न के रंगों पर आधारित है। क्रिकेट स्कॉटलैंड ने सोशल मीडिया के जरिए जर्सी तैयार करने में प्रयासों के लिए रेबेका को धन्यवाद दिया। इस दौरान रेबेका की टीम किट पहनी हुई तस्वीर पोस्ट की गई और वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में टीम की हौसलाअफजाई कर रही थी। क्रिकेट स्कॉटलैंड ने ट्विटर पर लिखा, स्कॉटलैंड की किट डिजाइनर। हेडिंगटन की 12 साल की रेबेका डाउनी। उसने हमारा पहला मैच टीवी पर देखा, उन्होंने गौरव के साथ वह जर्सी पहनी थी जिसे उन्होंने डिजाइन किया है। एक बार फिर धन्यवाद रेबेका।

# रोहित का अर्धशतक, भारत ने आस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया

एजेंसी। दुबई

**रोहित** शर्मा के अर्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां आईसीसी टी-20 विश्वकप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में भी आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड को हराने वाले भारत ने आस्ट्रेलिया के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिटायर्ड आउट होने से पहले रोहित शर्मा की 41 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन की पारी के अलावा लोकेश राहुल (39) के साथ उनकी पहले विकेट की 68 और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 38) के साथ दूसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की मदद से 17.5 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (57), मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 41) और ग्लेन मैक्सवेल (37) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 152 रन बनाए थे।

स्मिथ ने मैक्सवेल के साथ चौथे विकेट के लिए 61 और स्टोइनिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 48 की पारी में सात चौके जड़े, जबकि स्टोइनिस ने 25 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा। भारत अब टी-20 विश्वकप के सुपर 12 के अपने पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को राहुल और रोहित ने अच्छी शुरुआत दिलाई। राहुल ने मिशेल स्टार्क पर चौका जड़ने के बाद एश्टन एगर का स्वागत छक्के के साथ किया। रोहित ने भी पैट कमिंस के दो ओवर में तीन चौके मारे। भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 42 रन बनाए। राहुल ने लेग स्पिनर एडम जंपा पर दो छक्कों के साथ सातवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। राहुल हालांकि एगर पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और डेविड वार्नर ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। राहुल ने 31 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और दो चौके मारे।



### 'टी-20 विश्वकप के मुख्य मैचों में गेंदबाजी कर सकता है हार्दिक'

दुबई। भारतीय उपकप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि टीम जब रविवार को यहां टी-20 विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो उम्मीद है कि आलराउंडर हार्दिक पंड्या गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में विराट कोहली को विश्राम दिए जाने के कारण टीम की अगुवाई कर रहे रोहित ने कहा कि मुख्य टूर्नामेंट के दौरान टीम को छठे गेंदबाज की जरूरत पड़ेगी। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में टॉस के दौरान कहा, हार्दिक अच्छी प्रगति कर रहा है लेकिन उसके गेंदबाजी करने में अभी कुछ समय लगेगा। उसने गेंदबाजी शुरू नहीं की है, लेकिन उसे टूर्नामेंट की शुरुआत तक गेंदबाजी करने के लिए तैयार होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे मुख्य गेंदबाज बहुत अच्छे हैं, लेकिन आपको छठे गेंदबाज के लिए एक विकल्प की जरूरत पड़ेगी। भारत रविवार को यहां अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा। टूर्नामेंट से पहले पंड्या की फिटनेस चिंता का विषय है क्योंकि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गेंदबाजी नहीं की। टीम प्रबंधन लगातार कहता रहा है कि पंड्या की गेंदबाजी टीम संतुलन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## विसे की ताबड़तोड़ पारी से नीदरलैंड को हराकर नामीबिया सुपर 12 की दौड़ में बरकरार

**अबुधाबी।** नामीबिया ने डेविस विसे के ताबड़तोड़ 66 रन और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (32) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 93 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी-20 विश्वकप के पहले दौर के ग्रुप ए मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग की नीदरलैंड को छह गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया।

पदार्पण कर रही नामीबिया की पहले दौर के मैच में यह पहली जीत थी। अनुभवी विसे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, उन्होंने 40 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और पांच छक्के जमाए। उनका यह पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक है, उनकी इस पारी ने कुछ ही मिनट में मैच का पासा ही पलट दिया। नामीबिया ने नौ ओवर में 52 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, लेकिन 36 साल के विसे ने अकेले दम पर नीदरलैंड को 19 ओवर में हराने में मदद की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान पीटर सीलार पर छक्का लगाकर महज 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने नीदरलैंड के स्पिनरों पर गगनदाई छक्के जमाए। कप्तान इरास्मस (22 गेंद में चार चौके और एक छक्का) के अलावा अंत में जेजे स्मिट ने आठ गेंद में नाबाद 14 रन बनाए। स्मिट ने 19वें ओवर की अंतिम दो गेंद पर दो चौके लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से नामीबिया सुपर 12 चरण की दौड़ में बनी हुई है और पहले दौर के अंतिम मैच में उन्हें इसके लिए आयरलैंड को हराना होगा। शुरुआती मैच में नामीबिया को श्रीलंका ने हराया था। नीदरलैंड अब अपने दोनों मैच गंवा चुका है और उसके अगले चरण में पहुंचने की संभावना काफी कम है।

# पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा बांग्लादेश

एजेंसी। अल अमेरात (ओमान)

**ओमान** पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाने वाला बांग्लादेश टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी के लीग मैच में गुरुवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। अपने घरेलू मैदानों पर न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराने के कारण बांग्लादेश ने छठे रैंकिंग की टीम के रूप में टूर्नामेंट में प्रवेश किया लेकिन उसे पहले मैच में ही स्कॉटलैंड से छह रन से हार का सामना करना पड़ा। महमुदुल्लाह की अगुवाई वाली टीम ने मंगलवार की रात को ओमान को 26 रन से हराकर अच्छी वापसी की। बांग्लादेश को सुपर 12 में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए अब पापुआ न्यू गिनी पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। बांग्लादेश अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट 0.500 है।

पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ जीत से उसे दो महत्वपूर्ण अंक मिलेंगे। उसे इसके अलावा ओमान के खिलाफ स्कॉटलैंड की जीत की दुआ भी करनी होगी। स्कॉटलैंड अपने दोनों मैच जीतकर इस ग्रुप से सुपर 12 में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर चुका है। बांग्लादेश के लिए अच्छी खबर है कि उसके कुछ बल्लेबाज फॉर्म में लौट आए हैं। ओमान के खिलाफ सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम ने 64 रन की मैच विजेता पारी खेली लेकिन उन्हें शीर्ष क्रम में लिट्टन दास से सहयोग की जरूरत है। मध्यक्रम की नाकामी बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय है। ओमान के खिलाफ मेहदी हसन को तीसरे नंबर पर उतारा गया, लेकिन वह नहीं चले। कप्तान महमुदुल्लाह, नुरुल हसन और अफीफ हुसैन को भी रन बनाने का बीड़ा उठाना होगा। बांग्लादेश के लिए आलराउंडर शाकिब अल हसन की भूमिका अहम होगी। उन्होंने पिछले मैच में गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया और वह पापुआ न्यू गिनी के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। मुस्ताफिजुर रहमान की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने चार विकेट लिए। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन और शाकिब पर बीच के ओवरों में रनों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद और मोहम्मद सैफुद्दीन को भी सही लेंथ से गेंद करनी होगी। बांग्लादेश के अपने अंतिम एकादश में बदलाव करने की संभावना नहीं है।

### 'टीम को कई क्षेत्रों में सुधार करने की है जरूरत'

महमुदुल्लाह ने स्वीकार किया कि ओमान के खिलाफ जीत के बावजूद टीम को कई क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें कई क्षेत्रों में सुधार करना होगा लेकिन मैं इस जीत से खुश हूं। देश के लिए जीत दर्ज करना महत्वपूर्ण है और उम्मीद है कि इससे हमारे प्रशंसक खुश होंगे। इस बीच असद वला की अगुवाई वाली पापुआ न्यू गिनी की टीम अपने दोनों मैच गंवाने के कारण सुपर 12 की दौड़ से बाहर हो गई है, लेकिन वे प्रभावशाली प्रदर्शन करके अपने अभियान का अंत करना चाहेंगे। वला ने पहले मैच में अर्धशतक जमाया था और उन्हें बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। अन्य बल्लेबाजों को भी उनका सहयोग देना होगा। बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए पापुआ न्यू गिनी के गेंदबाजों को सही लाइन व लेंथ से गेंदबाजी करनी होगी।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 03:30 बजे शुरू होगा।**

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट ने वेबसाइटों को टी-20 विश्वकप के प्रसारण से रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जाली वेबसाइटों पर आईसीसी पुरुष विश्वकप 2021 के मैचों की स्ट्रीमिंग करने पर रोक लगा दी है क्योंकि यह स्टार चैनल और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के विशेष प्रसारण अधिकारों का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने स्टार इंडिया प्रा लि की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यदि इस स्तर पर जाली वेबसाइटों के खिलाफ अंतरिम रोक का आदेश नहीं दिया जाता तो विशेष प्रसारण अधिकार रखने वाले को अपूरणीय क्षति होगी जिसका प्रथम दृष्टया यह मामला लगता है। न्यायधीश ने कहा, इस अदालत में सुनवाई की अगली तारीख तक याचिकाकर्ता के पक्ष में अंतरिम रोक का आदेश दिया जाता है। इस मामले को अगली सुनवाई के लिए 22 फरवरी को सूचीबद्ध किया गया है।

### मेस्सी के दो गोल से पीएसजी ने लीपजिग को हराया

**पेरिस।** लियोनेल मेस्सी के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीपजिग को 3-2 से हराया। मेस्सी ने मंगलवार को खेले गए मैच में 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इससे पहले काइलन एमबापे ने पीएसजी की तरफ से नौवें मिनट में गोल किया था। आंद्रे सिल्वा ने हालांकि 28वें मिनट में लीपजिग को बराबरी दिला दी थी जबकि नोर्डी मुकीले ने 57वें मिनट में उसे आगे कर दिया था। यह 34वां अवसर है जबकि मेस्सी ने चैंपियन्स लीग में कम से कम दो गोल किए। वह इस टूर्नामेंट में अब तक 123 गोल कर चुके हैं और क्रिस्टियानो रोनाल्डो (137 गोल) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में अल्जीरिया के विंगर रियाद मेहरेज के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने क्लब ब्रगे को 5-1 से करारी शिकस्त दी।

### सलाह के दो गोल से लिवरपूल ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड।** मोहम्मद सलाह के दो गोल की बदौलत लिवरपूल ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के एक रोमांचक मैच में मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-2 से हराया। मैच में एक समय लग रहा था कि एंटोनी ग्रीजमैन नायक बनकर उभरेंगे लेकिन उन्हें 52वें मिनट में लाल कार्ड देखना पड़ा जिसके कारण एटलेटिको को दूसरे हॉफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल ने इसका पूरा फायदा उठाकर जीत दर्ज की। सलाह ने आठवें मिनट में लिवरपूल को शुरुआती बढ़त दिलाई, जबकि नेबी कीता ने 13वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। ग्रीजमैन ने इसके बाद 20वें और 34वें मिनट में गोल करके एटलेटिको को बराबरी दिला दी, लेकिन राबर्टो फर्मिनो के सिर पर उनका पांव लगने से उन्हें लाल कार्ड मिल गया। लिवरपूल ने इसका फायदा उठाया और उसे 78वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे सलाह ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इस जीत से लिवरपूल ग्रुप बी में तीन मैचों में नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वह एटलेटिको से पांच अंक आगे है। पोर्टो और एटलेटिको के समान अंक हैं। पोर्टो ने एक अन्य मैच में एसी मिलान को 1-0 से हराया।

### विनीसियस के दो गोल से रीयाल मैड्रिड ने शख्तार को हराया

**कीव (यूक्रेन)।** विनीसियस जूनियर ने अकेले दम पर एक गोल करने के अलावा कुल दो गोल दागे जिससे रीयाल मैड्रिड ने शख्तार दोनेस्क को 5-0 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना अभियान वापस पटरी पर लौटाया। पिछले मैच में शेरिफ से हारने वाली रीयाल की टीम ने शख्तार के कप्तान सर्गेई क्रिस्तोव के आत्मघाती गोल से 37वें मिनट में बढ़त बनाई। विनीसियस ने दूसरे हाफ में 51वें और 56वें मिनट में गोल किए, जबकि ब्राजील के रोड्रिगो ने 64वें मिनट में चौथा गोल दागा। करीम बेंजेमा ने इंजुरी टाइम में मार्को एसेनसियो के क्रास को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 किया। इस जीत से 13 बार का यूरोपीय चैंपियन मैड्रिड ग्रुप डी में छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है। शेरिफ के भी छह अंक हैं लेकिन वह दोनों टीमों के बीच मैच में जीत के कारण शीर्ष पर है। शेरिफ को एक अन्य मैच में इंटर मिलान ने 3-1 से हराया। इंटर की यह पहली जीत है जिससे वह तीसरे स्थान पर है। इस बीच ग्रुप सी में अजॉक्स ने डोर्टमंड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। डोर्टमंड छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। ग्रुप के एक अन्य मैच में स्पोर्टिंग लिस्बन ने बेसिकतास को 4-1 से पराजित किया।

# मैक्सवेल ने सफलता का श्रेय कोहली-डिविलियर्स को दिया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी सफलता का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने साथियों विराट कोहली और एबी डिविलियर्स को दिया और कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए खेलते हुए इन दोनों के साथ समय बिताने से उन्हें काफी फायदा मिला। मैक्सवेल ने कहा कि कोहली और डिविलियर्स के साथ समय बिताने, खेलने और अभ्यास करने से उन्हें ऐसा लगा मानो उनका कद बहुत बढ़ गया है।

क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार मैक्सवेल ने कहा, प्रत्येक दिन सीखने के लिए लिहाज से एक नया अनुभव था। प्रत्येक दिन मुझे कुछ नया सीखने को मिल रहा था। मैं हर दिन विराट और एबी (डिविलियर्स) को देखकर कुछ सीखने की कोशिश करता। उन्होंने कहा, आईपीएल का एक चीज के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा, वहां मुझे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने के मौके मिले। मैं भाग्यशाली था कि खेल के दो दिग्गज उसी टीम में थे और वे अपने अनुभव और खेल के बारे में बात करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। मैक्सवेल ने कहा, जब आपको उनका सहयोग मिलता है, वे आपको खेलते हुए देखते हैं या आपसे सवाल करते हैं तो आपका कद बढ़ जाता है।

## चोटिल फैबियन एलेन की जगह अकील हुसैन वेस्टइंडीज टीम में

**दुबई।** बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन को आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए चोटिल फैबियन एलेन की जगह वेस्टइंडीज की टीम में शामिल करने को बुधवार को मंजूरी मिल गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टूर्नामेंट की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने हुसैन को एलेन की जगह टीम में शामिल करने को मंजूरी दी। हुसैन ने अब तक नौ वनडे और छह टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे। हुसैन की जगह गुदाकेस मोती को रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। एलेन टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

# भारत अंडर-23 फुटबॉल टीम एशियाई कप क्वालीफायर्स के लिए रवाना

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** अंडर-23 फुटबॉल टीम एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) अंडर-23 एशियाई कप में भाग लेने के लिए बुधवार को दुबई रवाना हो गई। भारत की 23 सदस्यीय टीम और सहयोगी स्टाफ बेंगलुरू से रवाना हुए जहां टीम पिछले दो दिनों से अभ्यास कर रही थी। भारत को ग्रुप ई में ओमान, यूएई और किर्गीज गणराज्य के साथ रखा गया है। उसका पहला मैच 24 अक्टूबर को ओमान से होगा।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा, हर देश में प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं, जो पहले से ही अपने देशों के लिए सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। हमारे पास भी ऐसे खिलाड़ी हैं। लेकिन हमें इस टीम में सही संतुलन तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमारे लिए अच्छी बात यह है कि हमारे पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहे हैं, और जानते हैं कि उन्हें किस तरह की परिस्थितियों में खेलना है और उनसे क्या उम्मीदें की जा रही हैं। वर्तमान टीम में शामिल सुरेश सिंह, लालंगमाविया राल्ते, रहीम अली और धीरज सिंह सैफ चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि आकाश मिश्रा, अमरजीत सिंह और नरेंद्र गहलोत अतीत में स्टिमक की देखरेख में राष्ट्रीय टीम से खेल चुके हैं। भारतीय टीम गुरुवार को पहले अभ्यास सत्र में भाग लेगी।

### भारत की अंडर-23 टीम

- गोलकीपर: धीरज सिंह, प्रभुसुखान सिंह गिल, मोहम्मद नवाज।
- रक्षापंक्ति: नरेंद्र गहलोत, एलेक्स साजी, होर्मिपम रुइवा, आशीष राय, सुमित राठी, आकाश मिश्रा।
- मध्यपंक्ति: सुरेश सिंह, अमरजीत सिंह, लालेंगमाविया, जैकसन सिंह, दीपक टांगरी, राहुल केपी, कोमल थाटल, निखिल राज, ब्राइस मिरांडा, प्रिंसटन रेबेलो।
- अग्रिम पंक्ति: विक्रम प्रताप सिंह, रहीम अली, रोहित दानू, अनिकेत जाधव।

# 'इस विश्वकप में स्पिनरों का दबदबा होना चाहिए'

एजेंसी। दुबई

**अफगानिस्तान** के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि आईसीसी टी-20 विश्वकप में स्पिनरों का दबदबा रहेगा और उन्होंने कहा कि अगर उनकी टीम अच्छी बल्लेबाजी करती है, तो किसी भी टीम को हरा सकती है। राशिद को 2017 में 18 वर्ष की उम्र में आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में चुना था और इसके बाद उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। अपने दूसरे टी-20 विश्वकप में भाग ले रहे राशिद का मानना है कि स्पिनर यूएई की तीनों पिचों पर प्रभावशाली रहे हैं जहां कि सुपर 12 के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार राशिद ने कहा, यहां की परिस्थितियां स्पिनरों के लिए अनुकूल हैं और यह स्पिनरों का विश्वकप होना चाहिए। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यहां विकेट कैसे तैयार किया गया है, यह हमेशा स्पिनरों के लिए मददगार होता है। इस विश्वकप में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। राशिद ने कहा, जैसे हमने आईपीएल में देखा कि स्पिनरों ने अपनी टीमों को मैच में वापसी दिलाई। मुझे लगता है कि विश्वकप में भी ऐसा ही होगा। सर्वश्रेष्ठ स्पिनर अपनी टीमों को वापसी दिलाएंगे और अपनी टीमों के लिए मैच जीतेंगे। अफगानिस्तान की टीम भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप 2 में है और राशिद का मानना है कि सुपर 12 के उनकी प्रतिद्वंद्वी टीमों के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों को अच्छी तरह से खेलते हैं और इसलिए उनकी टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, अगर आपने अच्छा स्कोर बनाया है और विकेट धीमा रहता है तो एक स्पिनर के लिए यह बेहद मददगार होगा क्योंकि आप यहां पर अपना कौशल दिखा सकते हैं और विकेट हासिल कर सकते हैं।

# भारतीय मुक्केबाजी टीम विश्व चैंपियनशिप के लिए बेलग्रेड रवाना

एजेंसी। नई दिल्ली

**दीपक** कुमार, शिव थापा और संजीत जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व चैंपियनिशप के लिए बुधवार को रवाना हो गई। भारत ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय टीम भेजी है, जो टोक्यो ओलंपिक के लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर अधिक से अधिक पदक बटोरने का प्रयास करेगी। इन खिलाड़ियों में थापा को पहले भी विश्व चैंपियनशिप में खेलने का अनुभव है। उन्होंने 2015 में इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।



मुक्केबाजों की सहायता के लिए हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा, मुख्य कोच नरेंदर राणा और सहायक कोच एल देवेंद्रो सिंह आदि भी टीम के साथ गए हैं। नीवा का यह भारतीय टीम के साथ आखिरी टूर्नामेंट होगा, क्योंकि टोक्यो ओलंपिक के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने लंबी अवधि तक उनकी सेवाएं नहीं लेने का फैसला किया था। टोक्यो ओलंपिक के बाद मुक्केबाज पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मुक्केबाजों को हालांकि तैयारियों के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला है। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद अभ्यास शिविर में केवल 10 दिन बिताए। टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले पांच मुक्केबाजों को टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि उन्होंने मामूली चोटों या अभ्यास की कमी के कारण राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था। इनमें अमित पंघाल (51 किग्रा) भी शामिल हैं। विश्व चैंपियनशिप में 105 देशों के 600 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे, जिसमें स्वर्ण पदक विजेता को 100,000 डालर की इनामी राशि मिलेगी। रजत पदक विजेता को 50,000 डालर और कांस्य पदक विजेता को 25,000 डालर मिलेंगे।

**भारतीय टीम:** गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक कुमार (51 किग्रा), आकाश (54 किग्रा), रोहित मोर (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित (75 किग्रा), सचिन कुमार (80 किग्रा), लक्ष्य (86 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा)।